# नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकुर

( शिक्षा-समन्वित जीवन चरित्र )

गौड़ीय वेदान्त प्रकाशन

# नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु

(शिक्षा–समन्वित जीवन–चरित्र)

॥ श्रीश्रीगुरु–गौराङ्गौ जयतः ॥

# नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु

## (शिक्षा–समन्वित जीवन–चरित्र)

श्रीगौड़ीय वेदान्त समिति एवं तदन्तर्गत भारतव्यापी श्रीगौड़ीय
मठोंके प्रतिष्ठाता, श्रीकृष्णचैतन्याम्नाय दशमाधस्तनवर
श्रीगौड़ीयाचार्य केशरी नित्यलीलाप्रविष्ट
ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री

**श्रीमद्भक्तिप्रज्ञान केशव गोस्वामी महाराजके**
अनुगृहीत

**त्रिदण्डिस्वामी श्रीमद्भक्तिवेदान्त नारायण गोस्वामी महाराजके**
द्वारा संकलित एवं सम्पादित

गौड़ीया वेदान्त प्रकाशन

**प्रकाशक—**
श्रीमान् प्रेमानन्द ब्रह्मचारी (सेवारत्न)

**प्रथम संस्करण**—१०,००० प्रतियाँ
श्रीगौरपूर्णिमा
श्रीचैतन्याब्द ५२२
११ मार्च २००९

**प्राप्तिस्थान**

श्रीकेशवजी गौड़ीय मठ
मथुरा (उ॰ प्र॰)
०५६५–२५०२३३४

श्रीरूप–सनातन गौड़ीय मठ
दानगली, वृन्दावन (उ॰ प्र॰)
०५६५–२४४३२७०

श्रीगिरिधारी गौड़ीय मठ
दसविसा, राधाकु
गोवर्धन (उ॰ प्र॰)
०५६५–२८१५६६८

श्रीश्रीकेशवजी गौड़ीय मठ
कोलेरडाङ्गा लेन
नवद्वीप, नदीया (प॰ बं॰)
०९३३३२२२७७५

श्रीरमणबिहारी गौड़ीय मठ
बी–३, जनकपुरी, नई दिल्ली
०११–२५५३३५६८

खण्डेलवाल एण्ड संस
अठखम्बा बाजार, वृन्दावन
०५६५–२४४३१०१

जयश्री दामोदर गौड़ीय मठ
चक्रतीर्थ रोड, जगन्नाथपुरी, उड़ीसा
०६७५२–२२७३१७

# समर्पण

परमाराध्य, मुकु
गुरुपादपद्म अष्टोत्तरशतश्री श्रीमद्भक्तिप्रज्ञान केशव गोस्वामी महाराज! मैं आशा करता हूँ कि आपके श्रीकरकमलोंमें समर्पित 'नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु
जीवनचरित्र' नामक यह ग्रन्थ नामाश्रित निष्कपट साधक–भक्तोंको नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु
पारमार्थिक जीवन–यापन करनेकी प्रेरणा प्रदान करेगा।

श्रीहरि–गुरु–वैष्णव–सेवाभिलाषी
श्रीभक्तिवेदान्त नारायण

# विषय–सूची

# ग्रन्थके उपकरण

| | |
|---|---|
| प्रथम अध्याय.................... | श्रीगौरगणोद्देश-दीपिका ९३-९५<br>श्रीनवद्वीपधाम-माहात्म्य ५/१२५-१५७<br>चै॰ भ॰ म॰ १०/६-७<br>चै॰ च॰ आ॰ १६/१४२ |
| द्वितीय अध्याय .................. | चै॰ भा॰ आ॰ २/३७<br>चै॰ च॰ अ॰ ३/९८-१०० |
| तृतीय अध्याय.................... | चै॰ च॰ अ॰ ३/९४-१६३<br>साप्ताहिक गौड़ीय, तृतीय खण्ड, २५ संख्या |
| चतुर्थ अध्याय .................... | चै॰ च॰ अ॰ ३/१६४-२१२<br>साप्ताहिक गौड़ीय, तृतीय खण्ड, २५ संख्या |
| पञ्चम अध्याय.................. | चै॰ भा॰ आ॰ १६/१८-३२<br>चै॰ च॰ अ॰ ३/२१३-२२४<br>साप्ताहिक गौड़ीय, तृतीय खण्ड, १६ संख्या |
| षष्ठ अध्याय...................... | चै॰ च॰ अ॰ ३/२२५-२६४<br>साप्ताहिक गौड़ीय, तृतीय खण्ड, १६ संख्या |
| सप्तम अध्याय.................... | चै॰ भा॰ आ॰ १६/३३-१७१<br>साप्ताहिक गौड़ीय, तृतीय खण्ड, २५ संख्या |
| अष्टम अध्याय.................. | चै॰ भा॰ आ॰ १६/१७२-१९७ |
| नवम अध्याय.................... | चै॰ भा॰ आ॰ १६/१९९-२५० |

## सांकेतिक चिह्नोंकी सूची

अ॰—अन्त्य-लीला/खण्ड
आ॰—आदि-लीला/खण्ड
चै॰ च॰—श्रीचैतन्यचरितामृत
चै॰ भ॰—श्रीचैतन्यभागवत
भ॰ र॰ सि॰—श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु
म॰—मध्य-लीला/खण्ड
श्रीमद्भा॰—श्रीमद्भागवत

# प्रस्तावना

अस्मदीय परमाराध्य गुरुपादपद्म नित्यलीला प्रविष्ट ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री श्रीमद्भक्तिप्रज्ञान केशव गोस्वामी महाराजकी अहैतुकी कृपा और प्रेरणासे आज उन्हींकी प्रीतिके लिए अनर्पितचिर उन्नतोज्ज्वलरससे युक्त श्रीकृष्णप्रेम-प्रदाता, श्रीकृष्णनाम-सङ्कीर्त्तनके मूल प्रवर्त्तक, श्रीराधाभाव-कान्तिसे देदीप्यमान श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभुके प्रिय परिकर नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु
राष्ट्र
अपार प्रसन्नता हो रही है।

## 'नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु
## प्रकाशित करनेका उद्देश्य

विधि-भक्तिके द्वारा व्रजभावको प्राप्त नहीं किया जा सकता तथा आत्मेन्द्रिय-प्रीति वाञ्छाका लेशमात्र रहनेपर रागमार्गमें भी किसीका अधिकार नहीं होता। अतएव ऐसे साधक जिनमें परम सौभाग्यवशतः शुद्धभक्तोंके सङ्गके प्रभावसे व्रजभावको प्राप्त करनेका लोभ तो जागृत हो गया है, किन्तु अनर्थ ग्रस्त अवस्थाके कारण वे रागमार्गका अनुशीलन करनेमें असमर्थ हैं, उन्हें रागमार्गमें अधिकार प्राप्त करनेके लिए श्रीमन् महाप्रभुकी 'तृणादपि सुनीचेन तरोरपि सहिष्णुना। अमानिना मानदेन कीर्तनीयः सदा हरिः॥' रूपी शिक्षाके मूर्त्तिमान स्वरूप नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु
दिखाये गये आदर्श, परम उपाय स्वरूप सर्वश्रेष्ठ भजनके अङ्ग श्रीनाम-सङ्कीर्त्तनका यत्नपूर्वक अनुशीलन करना चाहिये। किन्तु एक बात सब समय अवश्य ही स्मरण रखनी चाहिये

कि श्रीनाम-सङ्कीर्त्तनका यत्नपूर्वक अनुशीलन शुद्ध भक्तोंके आनुगत्यके बिना कभी भी सम्भवपर नहीं है। शुद्ध भक्तोंके आनुगत्यमें निरपराध श्रीनामको ग्रहण करनेसे नाम प्रभु स्वयं ही राग भजनमें अधिकार प्रदान करते हैं।

परम करुणामय भक्तवत्सल व्रजप्रेम स्वभक्ति-रूप सम्पद-प्रदाता महावदान्य भगवान् श्रीगौरसुन्दरके प्राणोंसे भी अधिक प्रिय भक्तोंकी प्रेम-सेवाकी पराकाष्ठासे समृद्ध परम मधुर चरित्रका प्रयत्नपूर्वक पुनः-पुनः अनुशीलन करना हमारा एकान्त कर्त्तव्य है। भगवद्भक्तोंके चरित्रोंका पुंखानुपुंख अनुशीलन किये बिना हम कभी भी यह समझ नहीं पायेंगे कि भगवद्भजन किसे कहते हैं?

भक्तोंके चरित्रका अनुशीलन करनेके फलस्वरूप भक्तोंके श्रीचरणकमलोंके प्रति निष्कपट प्रीतिके उदित होनेसे ही हम भक्तवत्सल भगवान्‌की प्रीतिके पात्र बन पायेंगे। इसीलिए शास्त्रोंमें भगवत्-कृपाको भक्त-कृपाकी अनुगामिनी कहा गया है। स्वयं भगवान्‌ने अपने मुखसे अपने भक्तोंकी सेवाको अपनी सेवासे बड़ा बतलाया है। भक्तपूजाका अनादर करके गोविन्दपूजाका जितना भी आदर अथवा आडम्बर प्रदर्शित क्यों न किया जाये, गोविन्द उस पूजाके प्रति कभी भी सामान्य दृष्टिपात तक भी नहीं करते, बल्कि वैसे पुजारीको दाम्भिक मानकर उसके द्वारा की जानेवाली पूजाको सम्पूर्ण रूपसे अस्वीकार कर देते हैं। भक्तोंके आनुगत्यके बिना किसी भी प्रकारसे भगवान्‌की पूजा करना सम्भवपर नहीं है। इसलिए शास्त्रोंमें श्रीमुकु
पहले करनेके लिये कहा गया है। भगवान् श्रीकृष्णने अपने प्रियतम भक्त उद्धवको उपलक्ष्य करके कहा था—"हे उद्धव! मुझे ही 'आचार्य' कहकर जानना। कभी भी आचार्यकी मनुष्य बुद्धि द्वारा अवज्ञा अथवा अनादर मत करना। गुरुदेव सर्वदेवमय हैं।"

श्रीचैतन्य महाप्रभु तथा श्रील सनातन गोस्वामिपादने स्वयं अपने मुखसे श्रील हरिदास ठाकु
स्वीकार करके जगत्-वासियोंको उनके चरणकमलोंका अनुसरण करनेकी शिक्षा प्रदान की है। अतएव नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु
पुनः-पुनः आलोचना करनेसे हमारा वज्रके समान कठिन हृदय भी द्रवीभूत हो सकता है, अपने द्वारा किये गये भक्तिहीन निरर्थक परिश्रमके प्रति हमारे हृदयमें वास्तविक पश्चाताप जागृत हो सकता है तथा शुद्धभक्तोंकी कृपाको प्राप्त करनेके लिए चित्त व्याकु

भगवद्भक्त परदुःखदुःखी, अति अद्भुत क्षमा-गुणसे सम्पन्न तथा हिंसा, द्वेष और मात्सर्य आदिसे रहित परम पवित्र चरित्रवाले होते हैं। अतः श्रीगौरगत-प्राण गौरभक्तोंके परम-उदार चरितामृतका पुनः-पुनः अनुशीलन और आस्वादन करनेके फलस्वरूप हम भी उनके आदर्श चरितके आनुगत्यमें अपने हृदयकी सङ्कीर्णता, हिंसा-द्वेष, मात्सर्य आदि दोषोंसे शून्य होकर शुद्ध भगवद्भक्तिमें प्रवेशाधिकार प्राप्त करेंगे।

'भक्ताख्यान शुनिले कृष्णेते भक्ति हय'।

भक्तोंके उपाख्यानको सुननेसे भगवान् श्रीकृष्णमें भक्ति उदित होती है।

## ग्रन्थ परिचय

श्रील कविराज गोस्वामीके द्वारा नामचार्य श्रील हरिदास ठाकु
३/९१, १५७) में किये गये वर्णनसे यह जाना जाता है कि श्रील हरिदास ठाकु
बेनापोल गये थे। बेनापोलसे सप्तग्रामके निकटवर्ती चाँदपुरमें तथा चाँदपुरसे शान्तिपुर आये थे। किन्तु श्रील वृन्दावन दास ठाकु

बेनापोल तथा चाँदपुर जानेकी बातका उल्लेख ही नहीं किया। उन्होंने लिखा है कि बूढ़न ग्रामसे श्रील हरिदास ठाकु
गङ्गाके तटपर स्थित फु
लगे। अतएव इन दोनों प्रमाणिक ग्रन्थोंके प्रसङ्गोंके आधारपर श्रील हरिदास ठाकु
उसका ठीक-ठीक क्रम निर्देश प्राप्त नहीं होता, तथापि हमनें श्रील हरिदास ठाकु
ग्रन्थोंमें वर्णित प्रायः प्रत्येक प्रसङ्गको यथासम्भव क्रमानुसार इस ग्रन्थमें सङ्कलित करनेका प्रयास किया है तथा पयारोंका अनुवाद श्रील भक्तिविनोद ठाकु
भाष्य' तथा श्रील भक्तिसिद्धान्त सरस्वती 'प्रभुपाद' द्वारा रचित 'अनुभाष्य' तथा 'गौड़ीय-भाष्य' के आधारपर ही किया है। वस्तुतः सम्पूर्ण ग्रन्थमें ही श्रील प्रभुपादके द्वारा लिखित विचारोंको ही लिपिबद्ध किया गया है तथा अनेक स्थानोंपर उनके नामका उल्लेख भी किया है।

इस ग्रन्थकी पाण्डुलिपि प्रस्तुत करनेमें श्रीमान् परमेश्वरी दास ब्रह्मचारीने बहुत परिश्रम किया है। श्रीमान् भक्तिवेदान्त माधव महाराज तथा श्रीमान् विजयकृष्ण ब्रह्मचारीने प्रूफ-संशोधन किया है। श्रीमान् सुबल सखा ब्रह्मचारी, श्रीमान् मधुमङ्गल ब्रह्मचारी तथा श्रीमान् अच्युतानन्द ब्रह्मचारीने कम्पोजिंग की है। बेटी शान्ति दासीने ले-आउट आदि सेवा कार्य किये हैं। मुखपृष्ठका चित्र श्रीमती श्यामरानी दासीके द्वारा तथा मुखपृष्ठका डिजाइन श्रीमान् विकास ठाकु
द्वारा प्रस्तुत किया गया है। श्रील हरिदास ठाकु
लीलाओंसे सम्बन्धित चित्र श्रीजगन्नाथपुरीके भक्त श्रीमान् मधुमङ्गल ब्रह्मचारी और श्रीमान् जनार्दन दास तथा दिल्ली निवासी भक्त कर्ण द्वारा संग्रह किये गये है। श्रीमान् जयगोपाल दास ब्रह्मचारीने प्रकाशन सम्बन्धीय सेवाओंमें

योगदान दिया है। इन सबकी सेवा चेष्टा अत्यन्त सराहनीय और उल्लेखयोग्य है।

श्रीश्रीगुरु-गौराङ्ग-गान्धर्विका-गिरिधारी राधा-विनोदबिहारी इनपर प्रचुर कृपा-आशीर्वाद वर्षण करें—यही मेरी उनके श्रीचरणकमलोंमें प्रार्थना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वैष्णव-समाज विशेषकर गौड़ीय भक्तोंमें इस ग्रन्थका समादर होगा।

इस ग्रन्थमें यदि कोई भूल-त्रुटि दृष्टिगोचर हो तो पारमार्थिक पाठकगण निजगुणोंसे क्षमा करेंगे तथा संशोधनपूर्वक ग्रन्थका सार ग्रहण कर बाधित करेंगे।

परमार्थ प्राप्तिके इच्छुक श्रद्धालुजन इस ग्रन्थका पाठ और कीर्त्तनकर परमार्थके पथपर अग्रसर हों—यही प्रार्थना है। अलमतिविस्तरेण।

श्रीनित्यानन्द त्रयोदशी<br>
७ फरवरी, २००९<br>
५२२ श्रीचैतन्याब्द

श्रीगुरु-वैष्णव-कृपालेश-प्रार्थी<br>
**श्रीभक्तिवेदान्त नारायण**

ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री श्रीमद्भक्तिवेदान्त नारायण गोस्वामी महाराज

ॐ विष्णुपाद परमहंस
श्रील जगन्नाथ दास बाबाजी महाराज

ॐ विष्णुपाद
श्रील सच्चिदानन्द भक्तिविनोद ठाकुर

ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री
श्रीमद्भक्तिप्रज्ञान केशव गोस्वामी महाराज

ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री
श्रीमद्भक्तिवेदान्त वामन गोस्वामी महाराज

ॐ विष्णुपाद परमहंस
श्रील गौरकिशोर दास बाबाजी महाराज

ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री
श्रीमद्भक्तिसिद्धान्त सरस्वती ठाकुर 'प्रभुपाद'

ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री
श्रीमद्भक्तिवेदान्त नारायण गोस्वामी महाराज

# श्रीरूपानुग गुरु–परम्पराकी जय

श्रील हरिदास ठाकुरकी भजन-कुटीर (बेनापोल)

वेश्याका श्रील हरिदास ठाकुरकी कुटीमें आगमन

वेश्याके द्वारा श्रील हरिदास ठाकुरके समक्ष आत्म-समर्पण

बेनापोलमें सेवित परम महान् वैष्णवी तथा नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकुरके श्रीविग्रह

बादशाहके प्रहरियोंके द्वारा श्रील हरिदास ठाकुरको दण्ड-प्रदान

सिद्ध बकुलमें श्रील हरिदास ठाकुर

श्रीमन् महाप्रभु द्वारा रोपित सिद्ध बकुल

श्रील हरिदास ठाकुरके अन्तिम समयमें सपरिकर श्रीमन् महाप्रभुका समागम

श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रील हरिदास ठाकुरकी

त्यक्त देहको गोदमें लेकर नृत्य

श्रील हरिदास ठाकुरके दिव्य कलेवरको समुद्र-स्नान कराते भक्त

सपरिकर श्रीमन् महाप्रभु द्वारा श्रील हरिदास ठाकुरको समाधि-प्रदान

श्रील हरिदास ठाकुरके विरह-महोत्सव हेतु भिक्षा माँगते श्रीमन् महाप्रभु

# (पृष्ठभूमि)

## प्रत्येक युगमें भगवान्‌को प्राप्त करनेके भिन्न-भिन्न साधन

प्रत्येक युगमें भगवान्‌को प्राप्त करनेके अलग-अलग साधन होते हैं। सत्ययुगमें ध्यानके द्वारा, त्रेतामें यज्ञके द्वारा तथा द्वापरमें अर्चनके द्वारा लोग भगवान्‌की आराधना करते थे। परन्तु इस कलियुगमें ये तीनों ही उपाय निम्न कारणोंसे निष्फल हैं—

(१) सत्ययुगमें लोगोंकी आयु एक लाख वर्ष होती थी, अतः लोग हजारों वर्षों तक भी तपस्या अथवा ध्यानके द्वारा सिद्धि प्राप्त कर लेते थे। परन्तु कलियुगमें मनुष्यकी आयु अधिक-से-अधिक प्रायः एक सौ वर्षकी होती है और उसमें भी अनेकों व्याधियाँ हैं। अतः कलियुगमें ध्यान सम्भव नहीं है।

(२) त्रेतायुगमें लोग अश्वमेध, अग्निहोम तथा गौमेध यज्ञ आदि अनुष्ठानोंके द्वारा सिद्धि प्राप्त करते थे। उस समय ब्राह्मणलोग भी आचरणशील तथा मन्त्रसिद्ध होते थे। वे जिस भी देवताको आह्वान करते थे, वह साक्षात् रूपसे प्रकट हो जाता था। परन्तु इस कलियुगमें मन्त्रसिद्ध ब्राह्मणोंका पूर्ण रूपसे अभाव हो गया है तथा इस युगमें ब्राह्मण लोग ब्राह्मणोचित आचार-विचारसे भी भ्रष्ट हो जानेके कारण तथाकथित ब्राह्मण मात्र ही हैं। अतः ऐसे ब्राह्मणोंके द्वारा यज्ञ करवानेपर किसीका भी कल्याण सम्भव नहीं है।

(३) द्वापरयुगमें लोग बड़े-बड़े मन्दिरोंका निर्माणकर तथा उसमें श्रीविग्रहकी प्रतिष्ठाकर भगवान्‌का अर्चन-पूजन करके सिद्धि प्राप्त करते थे, परन्तु कलियुगमें मनकी

चञ्चलताके कारण अर्चनके द्वारा भी सिद्धि प्राप्त करना सम्भव नहीं है।

## कलियुगके जीवोंके लिए भगवान्को प्राप्त करनेका साधन

कलियुगके जीव अल्प आयु, आचरणशील ब्राह्मणोंके अभाव तथा मनकी चञ्चलताके कारण क्रमशः ध्यान, यज्ञ तथा अर्चनके द्वारा सिद्धि प्राप्त नहीं कर सकते। अतएव उनकी दशा अति दयनीय है।

कलियुगके जीवोंकी ऐसी दयनीय दशाकी चिन्ता करके भगवान्का हृदय द्रवित हो गया। उनपर कृपा करनेके लिए भगवान् स्वयं ही अपनी समस्त शक्तियोंके साथ अपने नामके रूपमें इस जगत्में अवतरित हो गये। परम दयालु भगवान्ने कलियुगके मन्द बुद्धि, भाग्यहीन, आलस्य प्रधान जीवोंको विशेष सुविधा प्रदान करनेके लिए 'नाम' ग्रहण करनेमें किसी प्रकारका भी विधि-निषेध आदि कोई भी नियम नहीं रखा अर्थात् किसी भी समय, किसी भी स्थानपर तथा किसी भी अवस्था (पवित्र-अपवित्र) में 'नाम' ग्रहण किया जा सकता है।

इस विषयमें प्रसङ्गवशतः यहाँपर अनेकानेक शास्त्रीय प्रमाणोंमेंसे कु

## कलियुगमें नामके रूपमें श्रीकृष्णका अवतार

कलिकाले नाम रूपे कृष्ण अवतार।
नाम हैते हय सर्व जगत् निस्तार॥

नाम बिना कलिकाले नाहि आर धर्म।
सर्वमन्त्रसार नाम एइ शास्त्र मर्म॥

(चै॰ च॰ आ॰ १७/२२, ७/७४)

कलियुगमें श्रीकृष्ण नामके रूपमें अवतरित हुए हैं। कृष्णनामसे ही समस्त जगत्का उद्धार होता है। कलियुगमें

नामके अतिरिक्त सभी धर्म व्यर्थ हैं। समस्त मन्त्रोंका सार हरिनाम ही है, तथा यही सभी शास्त्रोंका निगूढ़ अर्थ है।

## कलिकल्मष नाशकारी श्रीनामसङ्कीर्त्तन

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे॥

इति षोड़शकं नाम्नां कलिकल्मषनाशनम्।
नातः परतरोपायः सर्ववेदेषु दृश्यते॥
(कलिसन्तरणोपनिषत्)

'हरे कृष्ण' इत्यादि सोलह नाम कलियुगके कल्मषको नाश करनेवाले हैं, समस्त वेदोंका अनुशीलन करनेपर इसकी अपेक्षा श्रेष्ठ अन्य कोई उपाय नहीं देखा जाता।

## कलियुगमें अन्य साधनोंकी निरर्थकता

हरेर्नामैव नामैव नामैव मम जीवनम्।
कलौ नास्त्येव नास्त्येव नास्त्येव गतिरन्यथा॥
(बृहन्नारदीयपुराण ३८/१२६)

सत्ययुगमें ध्यान, त्रेतामें यज्ञ और द्वापरमें अर्चनकी प्रधानता होती है। परन्तु कलियुगमें हरिनाम ही मेरा जीवन है, हरिनाम ही मेरा जीवन है, हरिनाम ही मेरा जीवन है। कलियुगमें नामके अतिरिक्त जीवकी कोई अन्य गति नहीं, अन्य गति नहीं, अन्य गति नहीं है। तीन बार उक्ति द्वारा कलियुगमें हरिनामके अतिरिक्त अन्य साधनोंकी निरर्थकता दिखलायी गयी है।

## नामोच्चारणकारीको कलिके दोष स्पर्श नहीं करते

हरे केशव गोविन्द वासुदेव जगन्मय।
इतीरयन्ति ये नित्यं न हि तान् बाधते कलिः॥
(बृहन्नारदीयपुराण)

जो लोग नित्यकाल "हे हरे! हे गोविन्द! हे केशव! हे वासुदेव! हे जगन्मय!"—ऐसा कहकर कीर्त्तन करते हैं, उन्हें कलिका प्रभाव तनिक भी बाधा नहीं दे सकता है।

## नाममें ही भगवान्‌की समस्त शक्तियोंका समावेश

दानव्रततपस्तीर्थक्षेत्रादीनाञ्च या स्थिताः।
शक्तयो देवमहतां सर्वपापहराः शुभाः॥
राजसूयाश्वमेधानां ज्ञानसाध्यात्मवस्तुनः।
आकृष्य हरिणा सर्वाः स्थापिता स्वेषु नामसु॥

(स्कन्दपुराण)

दानमें, व्रतमें, तपमें, तीर्थ-क्षेत्रोंमें, प्रधान-प्रधान देवताओंमें समस्त प्रकारके पापोंको हरण करनेवाले सत्कर्मोंमें, शक्तिसमूहमें, राजसूय और अश्वमेध यज्ञादिमें तथा ज्ञान-साध्य आत्म वस्तुओंमें—जहाँ भी जो कु
आकर्षणकर अपने नाममें स्थापन कर दिया है।

## नामसङ्कीर्त्तन सभी अवस्थाओंमें सम्भवपर

न देशनियमस् तस्मिन् न कालनियमस्तथा।
नोच्छिष्टादौ निषेधोऽस्ति श्रीहरेर्नाम्नि लुब्धक॥

(विष्णु-धर्मोत्तर)

हे नामके प्रति लुब्ध (लोभी) जन! भगवन्नाम-कीर्त्तनमें देश और कालका कोई नियम या विचार नहीं है तथा उच्छिष्ट-मुखसे अथवा किसी भी अशुचि अवस्थामें इसका निषेध नहीं है अर्थात् कोई भी व्यक्ति पवित्र और अपवित्र समस्त अवस्थाओंमें हरिनामकीर्त्तन कर सकता है।

## नामसङ्कीर्त्तनके द्वारा ही भजनके सभी अङ्गोंकी पूर्णता

मन्त्रतस्तन्त्रतश्छिद्रं देशकालार्हवस्तुतः।
सर्वं करोति निश्छिद्रमनुसङ्कीर्त्तनं तव॥

(श्रीमद्भा॰ ८/२३/१६)

श्रीशुक्राचार्यने कहा—मन्त्रोंके जप आदिमें (स्वर आदिके उच्चारणमें त्रुटिके कारण) तन्त्रमें (विपरीत क्रमके द्वारा उत्पन्न त्रुटिसे) और देश, काल, पात्र तथा वस्तुमें (दक्षिणा आदिमें) जो-जो न्यूनताएँ होती हैं, वे सभी आपके नामसङ्कीर्त्तन मात्रसे ही निश्छिद्र और परिपूर्ण हो जाती है।

## कलियुगका महान् गुण

कलेर्दोषनिधे राजन्नस्ति ह्येको महान् गुणः।
कीर्त्तनादेव कृष्णस्य मुक्तसङ्गः परं व्रजेत्॥
(श्रीमद्भा॰ १२/३/५१)

यद्यपि कलियुग समस्त दोषोंका समुद्र है, तथापि हे राजन्! कलिका एक महान् गुण यह है कि श्रीकृष्णकीर्त्तनके द्वारा जीव मायाके बन्धनसे मुक्त होकर श्रीकृष्णरूप परतत्त्वको प्राप्त करते हैं।

कलिं सभाजयन्त्यार्या गुणज्ञाः सारभागिनः।
यत्र सङ्कीर्त्तननैव सर्वस्वार्थौऽपि लभ्यते॥
(श्रीमद्भा॰ ११/५/३६)

जिस कलियुगमें सङ्कीर्त्तनके द्वारा ही समस्त अभीष्ट सिद्ध होते हैं, सारग्राही (सारवस्तुको ग्रहण करनेवाले) गुणज्ञ (कलिके महान् गुणको जाननेवाले) श्रेष्ठपुरुष उस कलिको ही धन्य कलि कहते हैं।

## कलियुगमें हरिनामकी प्रधानता

ध्यायन् कृते यजन् यज्ञैस्त्रेतायां द्वापरेऽर्चयन्।
यदाप्नोति तदाप्नोति कलौ संकीर्त्य केशवम्॥
(पाद्मोत्तर खण्डमें ४२ अध्याय)

सत्ययुगमें ध्यानके द्वारा, त्रेतामें यज्ञोंका अनुष्ठान करनेसे तथा द्वापरमें परिचर्याके द्वारा जो फल प्राप्त होता है, कलियुगमें एकमात्र हरिनामकीर्त्तन करनेसे वह सब फल प्राप्त हो जाता है।

कृते यद् ध्यायतो विष्णुं त्रेतायां यजतो मखैः।
द्वापरे परिचर्यायां कलौ तद्धरिकीर्त्तनात्॥
(श्रीमद्भा॰ १२/३/५२)

सत्ययुगमें विष्णुके ध्यानके द्वारा, त्रेतायुगमें यज्ञके द्वारा और द्वापरमें परिचर्या (सेवा-पूजा) द्वारा जो कु
है, कलियुगमें केवल हरिकीर्त्तनके द्वारा वह सब प्राप्त किया जा सकता है।

## परम मङ्गलमय श्रीहरिनामके प्रति कलियुगके जीवोंका अनादर

यन्नामधेयं म्रियमाण आतुरः पतन्
स्खलन् वा विवशो गृणन् पुमान्।
विमुक्तकर्मार्गल उत्तमां गतिं प्राप्नोति
यक्ष्यन्ति न तं कलौ जनाः॥
(श्रीमद्भा. १२/३/४४)

मृत्युके समय आतुरताकी स्थितिमें अथवा गिरते या फिसलते समय विवश होकर भी यदि मनुष्य भगवान्के किसी एक नामका भी उच्चारण कर ले, तो उसके समस्त कर्मबन्धन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं और उसे उत्तम-से-उत्तम गति प्राप्त होती है। परन्तु हाय! कलियुगमें लोग ऐसे दयामय भगवान्की आराधनासे भी विमुख हो जाते हैं।

अतएव निष्कर्ष यह है कि त्रिकालदर्शी, भ्रम, प्रमाद, विप्रलिप्सा, करणापाटव आदि दोषोंसे रहित मुक्तपुरुषोंने 'श्रीहरिनाम-सङ्कीर्त्तन' को ही कलियुगके जीवोंके उद्धारका एकमात्र उपाय बतलाया है।

## स्वयं भगवान् श्रीकृष्णचैतन्यदेव तथा उनके परिकरोंके द्वारा जीवोंको शिक्षा प्रदान

यद्यपि शास्त्रोंमें यत्र-तत्र-सर्वत्र श्रीहरिनाम-सङ्कीर्त्तनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी है, तथापि कलियुगके हतभागे

जीवोंमें इतना भी सामर्थ्य नहीं है कि वे शास्त्रोंके उक्त सारको संग्रह करके अपने जीवनमें पालन कर सके। अतएव परम दयालु भगवान्ने स्वयं ही श्रीचैतन्य महाप्रभुके रूपमें अवतरित होकर स्वयं अपना कलि-पावन नामसङ्कीर्त्तन करके जगत्के जीवोंको शिक्षा दी। पुनः समय-समयपर अपने उपदेशोंके माध्यमसे भी भगवान्ने यही प्रदर्शित किया। यथा—

नाम बिना कलिकाले नाहि आर धर्म।
सर्वमन्त्रसार 'नाम' एइ शास्त्र मर्म॥
(चै॰ च॰ आ॰ ७/७४)

साध्य-साधन तत्त्व जे किछु सकल।
हरिनाम-सङ्कीर्त्तने मिलिबे सकल॥
(चै॰ च॰ म॰ २०/१०३)

श्रीहरिनामके बिना कलियुगके जीवोंका और कोई भी धर्म नहीं है। सभी शास्त्र यही कहते हैं कि भगवन्नाम सभी मन्त्रोंका सार है। साध्य और साधन नामक जितने भी तत्त्व हैं, वह सभी हरिनाम-सङ्कीर्त्तनके द्वारा प्राप्त हो जाते हैं।

नाम सङ्कीर्तने हय सर्वानर्थनाश।
सर्वशुभोदय कृष्णप्रेमेर उल्लास॥

सङ्कीर्तन हैते पाप-संसार नाशन।
चित्तशुद्धि, सर्वभक्तिसाधन-उद्गम॥

कृष्ण प्रेमोद्गम, प्रेमामृत-आस्वादन।
कृष्णप्राप्ति, सेवामृतसमुद्रे मज्जन॥
(चै॰ च॰ अ॰ २०/११, १३, १४)

श्रीकृष्ण-सङ्कीर्त्तनसे समस्त प्रकारके अनर्थ दूर हो जाते हैं, चित्त निर्मल हो जाता है, जन्म-जन्मान्तरके पाप और उससे प्राप्त पुनः-पुनः जन्म-मृत्युरूप संसार नष्ट हो जाते हैं, समस्त प्रकारके कल्याण उदित हो जाते हैं, प्रेमाभक्तिके सभी

साधनोंका सञ्चार होने लगता है, कृष्णप्रेमका उदय होता है, प्रेमामृतका रसास्वादन होने लगता है, श्रीकृष्णकी प्राप्ति होती है और अन्तमें सेवामृतरूपी समुद्रमें सम्पूर्ण रूपसे निमग्न होनेपर सुशीलता और निर्मलता प्राप्त होती है।

श्रीमन् महाप्रभुने केवल स्वयं ही नहीं, अपितु अपने दायें तथा बायें हाथ स्वरूप श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु
प्रेरित किया। अनेकानेक प्रिय परिकरोंके माध्यमसे, विशेष करके श्रील हरिदास ठाकु
अपार महिमाको जगत्‌में भलीभाँति प्रकाशित करवाया। भगवान् जानते थे कि जब तक जीव किसी वस्तुकी महिमा या चमत्कारको न देख ले, तब तक उस वस्तुके प्रति उसका विश्वास ही नहीं होता। अतः श्रील हरिदास ठाकु
माध्यमसे उन्होंने जगत्-वासियोंको दिखाया कि कैसे श्रीहरिनामके गौण फलस्वरूप भयङ्कर-से-भयङ्कर विपत्तियोंको आसानीसे पार किया जा सकता है और उसके मुख्य फलस्वरूप भगवान्‌की विशेष करुणा प्राप्त की जा सकती है।

इस श्रीकृष्ण-सङ्कीर्त्तनका शास्त्रोंमें विपुल रूपमें गुणगान किया गया है तथा इसी श्रीकृष्ण-सङ्कीर्त्तनको वितरण करनेके लिए स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण श्रीचैतन्य महाप्रभुके रूपमें प्रकटित हुए। अपने सम्पूर्ण जीवनमें, दिन-रात, क्षण-क्षणमें इस श्रीकृष्ण-सङ्कीर्त्तनमें निमग्न रहनेवाले श्रील हरिदास ठाकु
जीवन-चरित्रमें अनेकानेक शिक्षणीय प्रसङ्ग हैं, जिनका अनुशीलन करके सभी जीव श्रीचैतन्य महाप्रभुके द्वारा आचरित एवं प्रचारित विमल कृष्णप्रेमको प्राप्त करके अपने जीवनको धन्यातिधन्य कर सकते हैं।

मैं सर्वप्रथम अपने परमाराध्यतम श्रीगुरुपादपद्म नित्यलीला प्रविष्ट ॐ विष्णुपाद श्रीलभक्तिप्रज्ञान केशव गोस्वामी महाराज, श्रीचैतन्यचरितामृत तथा श्रीचैतन्यभागवत नामक ग्रन्थोंके

'अनुभाष्य' तथा 'गौड़ीय-भाष्य' के लेखक परमगुरुदेव श्रीश्रील भक्तिसिद्धान्त सरस्वती ठाकु
लेखक परात्पर गुरुदेव सच्चिदानन्द भक्तिविनोद ठाकु
चरितामृतके रचयिता श्रील कृष्णदास कविराज गोस्वामी तथा श्रीचैतन्यभागवतके रचयिता, चैतन्य-लीलाके व्यास श्रील वृन्दावन दास ठाकु
महाप्रभुको बार-बार प्रणामकर उन सभीकी अहैतुकी कृपालेशसे सर्वथा अयोग्य होते हुए भी नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु
जीवन-चरित्रको संग्रह करनेमें प्रवृत्त हो रहा हूँ।

श्रील हरिदास ठाकु
हो, जय हो।

# प्रथम अध्याय

## नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु

श्रीमन् महाप्रभुके परिकर श्रीशिवानन्द सेनके आत्मज श्रील कविकर्णपूरने स्वरचित श्रीगौरगणोद्देश-दीपिका नामक ग्रन्थमें लिखा है—

ऋचीकस्य मुनेः पुत्रो नाम्ना ब्रह्मा महातपाः।
प्रह्लादेन समं जातो हरिदासाख्यकोऽपि सन्॥
(श्रीगौरगणोद्देश-दीपिका ९३)

ऋचीक मुनिके पुत्र महातपा-ब्रह्मा श्रीप्रह्लादके साथ मिलकर अब श्रीहरिदास ठाकु

मुरारिगुप्तचरणैश्चैतन्यचरितामृते ।
उक्तो मुनिसुतः प्रातस्तुलसीपत्रमाहरण्॥

अधौतमभिशप्तस्तं पित्रा यवनतां गतः।
स एव हरिदासः सन् जातः परमभक्तिमान्॥
(श्रीगौरगणोद्देश-दीपिका ९४-९५)

श्रीमुरारिगुप्त द्वारा रचित श्रीचैतन्यचरितामृत[१] ग्रन्थमें कहा गया है कि किसी एक मुनिकु
प्रातःकाल तुलसी पत्र चयन करके, उन्हें धोये बिना ही अपने पिताको (भगवान्‌की सेवाके उद्देश्यसे) अर्पित कर दिये थे। इसी कारण उनके पिताने उन्हें यवन होनेका अभिशाप दिया था।

---

[१] वर्त्तमान समयमें यह ग्रन्थ श्रीचैतन्यचरितके नामसे प्रसिद्ध है।

अपने पिता द्वारा अभिशप्त उन्हीं मुनिकु
(यवकु
जन्मग्रहण किया है।

सच्चिदानन्द श्रील भक्तिविनोद ठाकु
धाम-माहात्म्यके पञ्चम अध्याय (१२५-१५७ तक) में वर्णन किया है—"जिस समय श्रीनित्यानन्द प्रभु श्रील जीव गोस्वामीको श्रीनवद्वीपधामकी परिक्रमा कराते हुए श्रीअन्तर्द्वीपमें पहुँचे, तब एक स्थानकी ओर इङ्गित करके उन्होंने कहा—'इस स्थानपर द्वापरयुगके अन्तमें ब्रह्माने श्रीगौराङ्ग महाप्रभुकी कृपा प्राप्त करनेकी आशासे तपस्याकी थी।' (ब्रह्माजीके पूर्व वृत्तान्तको बतलाते हुए श्रीनित्यानन्द प्रभुने कहा)—'श्रीकृष्णलीलामें बछड़े तथा ग्वालबालोंको चुराकर ब्रह्माने अपनी माया द्वारा गोविन्दसे छलना की थी। अपनी मायाको पराजित होता देखकर चतुर्मुख ब्रह्मा अपने द्वारा किये गये अपराधके कारण बहुत दुःखी हुए। अनेक स्तव-स्तुति करनेके उपरान्त ब्रह्माने श्रीकृष्णके चरणोंमें क्षमा-प्रार्थना की और वृन्दावन-पति श्रीकृष्णने उन्हें क्षमा कर दिया।

"तब ब्रह्माजीने मन-ही-मन विचार किया कि 'मेरी बह्मबुद्धि (मैं जगत्की सृष्टि करनेवाला हूँ) बहुत घृणित है। इसी बुद्धि-दोषके कारण मैं कृष्णप्रेमसे रहित और व्रजलीलाके रसोंका आस्वादन करनेसे वञ्चित हूँ। यदि मैं गोपाल (ग्वालबाल) के रूपमें जन्म प्राप्त करता, तो अनायास ही गोपियोंके स्वामी श्रीकृष्णकी सेवा कर पाता। उस लीलारसको देखनेका सौभाग्य तो मुझे नहीं मिला, किन्तु अब श्रीगौराङ्ग महाप्रभुके प्रति मेरी कु
समय तक ब्रह्माने ध्यान लगाकर इसी अन्तर्द्वीपमें तपस्या की थी। कु
ब्रह्माके सामने प्रकट होकर कहा—'ओहे ब्रह्मा! तुम्हारी

तपस्यासे प्रसन्न होकर मैं तुम्हें वही वर देने आया हूँ, जिसकी तुम आशा कर रहे हो।' जब ब्रह्माने नेत्र खोलकर श्रीगौराङ्ग महाप्रभुके दर्शन किये, तो वह मूर्च्छित होकर वहीं भूमिपर गिर पड़े। तब महाप्रभुने ब्रह्माके मस्तकपर अपने चरण रख दिये। दिव्यज्ञान प्राप्त करके ब्रह्मा स्तव करते हुए कहने लगे—'मैं बहुत दीन-हीन हूँ। अभिमानके वशीभूत होकर आपके चरणोंमें अपराध करनेके फलस्वरूप जड़रसमें निमग्न हो रहा हूँ। ऐसा सभी शास्त्रोंमें वर्णन है कि मैं (ब्रह्मा), पञ्चानन (शिव) तथा इन्द्र आदि सभी देवता आपके आधिकारिक दास हैं। हमारे भाग्यमें आपका शुद्धदास बनना नहीं लिखा है, इसलिए माया हमारे लिए अपना मोहरूपी जाल बिछाती है। मेरे जीवनका प्रथम परार्द्ध (आधा जीवन) तो बीत गया है, किन्तु अब मुझे बहुत चिन्ता हो रही है कि मेरा दूसरा परार्द्ध कैसे व्यतीत होगा? बहिर्मुख होनेपर मनमें बहुत कष्ट होता है।

'एइमात्र तव पदे प्रार्थना आमार।
प्रकट-लीलाय जेन हइ परिवार॥
(श्रीनवद्वीपधाम-माहात्म्य ५/१४३)

'आपके श्रीचरणोंमें मेरी एकमात्र यही प्रार्थना है कि मैं आपकी प्रकटलीलामें आपका परिकर बनकर आऊँ।

'ब्रह्मबुद्धि दूरे जाय, हेन जन्म पाइ।
तोमार सङ्गेते थाकि' तव गुण गाइ॥
(श्रीनवद्वीपधाम-माहात्म्य ५/१४४)

'मुझे ऐसा जन्म प्राप्त हो, जिससे मेरी ब्रह्मबुद्धि दूर हो जाये, मैं सब समय आपके साथ रहूँ और आपका ही गुणगान करूँ।'

ब्रह्माकी प्रार्थना सुनकर भगवान् श्रीगौरहरिने 'तथास्तु' कहकर वर प्रदान किया।

‘जे-समये मम लीला प्रकट हइबे।
यवनेर गृहे तुमि जनम लभिबे॥
आपनाके हीन बलि’ हइबे गेयान।
हरिदास ह’बे तुमि शून्य अभिमान॥
तिनलक्ष हरिनाम जिह्वाग्रे नाचिबे।
निर्याण-समय तुमि आमाके देखिबे॥
(श्रीनवद्वीपधाम-माहात्म्य ५/१४६-१४८)

“श्रीमन् महाप्रभुने कहा कि ‘जिस समय मेरी लीला प्रकट होगी, उस समय तुम एक यवनके घरमें जन्म लोगे। तुम सब समय अपनेको दीन-हीन समझोगे। तुम्हारा नाम हरिदास होगा तथा तुम्हें किसी प्रकारका कोई अभिमान नहीं होगा। तुम्हारी जिह्वापर प्रतिदिन तीन लाख हरिनाम नृत्य करेगा। निर्याण (देहत्याग) के समय तुम्हें मेरे दर्शन प्राप्त होंगे। इस साधनके बलपर तुम द्विपरार्द्धके अन्तमें इस नवद्वीपधामको प्राप्त करोगे तथा नित्य रसमें निमज्जित होओगे। हे ब्रह्मा! तुम मेरे हृदयकी बात सुनो। मेरी इन बातोंको कभी भी इधर-उधर शास्त्रोंमें व्यक्त मत करना। मैं भक्तका भाव लेकर भक्तिरसका आस्वादन करूँगा तथा परम दुर्लभ सङ्कीर्त्तनको प्रकाशित करूँगा। अन्य-अन्य अवतारोंके समय जितने भक्त थे, उन सभीको व्रजरसमें निमज्जित कर दूँगा। मेरा हृदय श्रीराधिकाके प्रेमसे वशीभूत है, मैं उन्हींके भाव तथा अङ्गकान्तिको लेकर प्रकट होऊँगा। मेरी सेवा करके श्रीराधाको किस सुखकी प्राप्ति होती है, मैं राधाभाव लेकर उस सुखका आस्वादन करूँगा। आजसे ही तुम मेरे शिष्यत्वको प्राप्त करोगे तथा हरिदासके रूपमें निरन्तर मेरी सेवा करोगे।’ इतना कहकर श्रीमन् महाप्रभु अन्तर्धान हो गये तथा ब्रह्मा मूर्च्छित होकर गिर पड़े। (पुनः चेतनता प्राप्त करके विह्वल

होकर कहने लगे—) 'हा गौराङ्ग! हे दीनबन्धो! हे भक्तवत्सल! मुझे कब आपके श्रीचरणकमलोंकी प्राप्ति होगी?'"

अतएव उपरोक्त उपाख्यानसे यह स्पष्ट हो जाता है कि श्रीमन् महाप्रभुके परिकर नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु
ही हैं।

इस प्रसङ्गके उपसंहारमें श्रील वृन्दावनदास ठाकु
श्रील कृष्णदास कविराज गोस्वामीके वचनोंको उद्धृत किया जा रहा है, यथा—

केह बले,—'चतुर्मुख जेन हरिदास।'
केह बले,—'प्रह्लादेर जेन परकाश॥'

सर्वमते महाभागवत हरिदास।
चैतन्य गोष्ठीर सङ्गे जाहार विलास॥

(चै॰ भा॰ म॰ १०/६-७)

यद्यपि कोई-कोई कहते हैं कि हरिदास चतुर्मुख ब्रह्मा हैं, तो कोई मानते है कि वे प्रह्लादके प्रकाश हैं, तथापि सभीका एक मत यही है कि श्रीमन् महाप्रभुके पार्षदोंके साथ विहार करनेवाले श्रील हरिदास ठाकु

सत्य सत्य हरिदास-जगत-ईश्वर।
चैतन्यचन्द्रेर महा-मुख्य अनुचर॥

(चै॰ च॰ आ॰ १६/१४२)

यह सत्य है, सत्य है कि श्रील हरिदास ठाकु
ईश्वर श्रीचैतन्य चन्द्रके एक महान् एवं मुख्य अनुचर हैं।

## द्वितीय अध्याय

### श्रील हरिदास ठाकु

### आविर्भाव

श्रील हरिदास ठाकु
खुलना जिलेके अन्तर्गत बूढ़न नामक गाँवमें आविर्भूत हुए थे, जो कि वर्त्तमानमें बांगलादेशमें है। श्रीमन् महाप्रभु १४०७ शकाब्द (१४७६ ई॰) में आविर्भूत हुए। अतएव श्रील हरिदास ठाकु

श्रीईश्वर पुरीपादसे दीक्षाग्रहणरूपी लीलाभिनयके उपरान्त ही श्रीमन् महाप्रभुने कैशोर अवस्था (१० से १५ वर्षकी आयु) में सङ्कीर्त्तन विलास आरम्भ किया था तथा उसी समय ही श्रील हरिदास ठाकु
इससे यही अनुमान लगता है कि श्रील हरिदास ठाकु
लगभग ५० वर्षकी आयुमें श्रीमन् महाप्रभुके सङ्गी बने थे।

श्रीमन् महाप्रभुकी इच्छासे श्रील हरिदास ठाकु
बहुत पहले आविर्भूत हुए थे। कलियुग पावनावतारी श्रीमन् महाप्रभुके सङ्गी होनेसे पहले ही श्रील हरिदास ठाकु
नाम-महिमा प्रकाशक अनेक लीलाएँ की थी। वास्तवमें श्रीमन् महाप्रभुने ही श्रील हरिदास ठाकु
नामकी महिमाका प्रचार करवाया था।

आजकल कोई-कोई कहते हैं कि श्रील हरिदास ठाकु
जन्म ब्राह्मण कु
देहान्तके बाद किसी यवन दम्पत्तिने उनका पालन-पोषण किया था, इसलिए उन्हें यवन हरिदास कहा जाता है। किन्तु यह बात सम्पूर्ण रूपसे गलत है। ऐसा प्रतीत होता है कि

किसी जाति गोसाईंने अपने किसी अपस्वार्थकी सिद्धिके लिए ही ऐसा कहना प्रारम्भ किया होगा तथा उसीकी बातको आधार करके धीरे-धीरे अनेक लोग भ्रमित होकर ऐसा कहने लगे।

**श्रील हरिदास ठाकु**

श्रीचैतन्यलीलाके व्यास श्रील वृन्दावन दास ठाकु स्वरचित श्रीचैतन्यभागवत आदि-खण्ड (१६/२३७-२४०) में स्पष्ट रूपसे लिखा है—

"जाति, कु
जन्मिलेन नीचकु

"अर्थात् (जागतिक सत्-असत् कर्मोंके फलस्वरूप बद्धजीव उच्च-नीच योनिमें जन्म ग्रहण करता है, उच्च अथवा नीच जातिमें उत्पन्न होना केवल जीवोंके कर्म-फल-भोगका दिग्दर्शनमात्र करानेवाला ही है। किन्तु पारमार्थिक विचारसे) जाति और वंश आदिका कोई मूल्य नहीं है—इसी परमसत्यको जगत्में प्रकाशित करनेके लिए ही मङ्गलमय भगवान्की मङ्गलमय इच्छाके अनुसार ही श्रील हरिदास ठाकु
हुए थे।

"अधम-कु
तथापि से-ई से पूज्य—सर्वशास्त्रे कय॥

"अर्थात् अधम कु
भगवान् विष्णुका भजन करता है, तो वह पूज्य ही हैं—सभी सात्त्वत-शास्त्र उच्च स्वरसे ऐसा गान करते हैं।

"उत्तम-कु
कु

"अर्थात् सत्-कर्म करनेके फलस्वरूप उत्तमकु
ग्रहण करनेपर भी श्रीकृष्णभजन नहीं करनेवालेके लिए

नरककी प्राप्ति होना अवश्यम्भावी है। उसका उच्च कु
नरक जानेसे उसकी रक्षा नहीं कर सकता।

"ऐई सब वेद–वाक्येर साक्षी देखाइते।
जन्मिलेन हरिदास अधम–कु

"अर्थात् उपरोक्त वेद–वाक्योंकी सत्यताको प्रदर्शित करनेके लिए ही श्रील हरिदास ठाकु
किया।"

यहाँ यह कहना भी असङ्गत नहीं होगा कि श्रीब्रह्माने स्वयं ही श्रीगौर–अवतारके समय नीचकु
करनेके लिए भगवान्से प्रार्थना की थी, ताकि उन्हें पुनः अहङ्कारके कारण गौरलीलाके दर्शनसे वञ्चित न होना पड़े।

## गृह–त्याग

यद्यपि श्रील हरिदास ठाकु
थे, तथापि बाल्यकालसे ही उनकी स्वाभाविक रूपमें हरिनाममें बहुत रुचि थी। बचपनमें ही उनके माता–पिता परलोक सिधार गये थे। अतः ये अपने घर तथा गाँवको त्यागकर यशोहर जिलेके एक गाँव बेनापोलमें आ गये। उस समय इन्होंने किशोर अवस्थाको पारकर युवा अवस्थामें प्रवेशमात्र किया था। बेनापोलके जङ्गलमें ही वे एक निर्जन स्थानमें कु
प्रतिदिन अपतित रूपसे तीन लाख हरिनाम करते थे तथा तुलसीकी सेवा करते थे अर्थात् नित्यप्रति तुलसीको जल प्रदान करते थे, उनकी परिक्रमा तथा स्तुति आदि करते थे।

## पारमार्थिक जीवनके आरम्भसे ही विषयोंके प्रति सम्पूर्ण रूपसे उदासीन

श्रील हरिदास ठाकु
घर जाकर भिक्षा करते थे। देह यात्राके लिए इस भोजनके

अतिरिक्त किसी भी अन्य वस्तुके संग्रहके लिए वे तनिक भी प्रयास नहीं करते थे। उनका पूरा समय भजन करनेमें ही व्यतीत होता था। भजनमें उनकी प्रगाढ़ निष्ठा, उनकी निष्किञ्चनता तथा उनकी वैष्णवताके कारण सभी लोग उनके प्रति बहुत श्रद्धा और सेवाकी भावना रखते थे।

# तृतीय अध्याय

## श्रील हरिदास ठाकु

### श्रील हरिदास ठाकु

श्रील कृष्णदास कविराज गोस्वामी स्वरचित श्रीचैतन्य-चरितामृतमें वर्णन करते हैं—

"हरिदासेर गुणगण—असंख्य, अपार।
केह कोन अंशे वर्णि' नाहि पाय पार॥
(चै॰ च॰ अ॰ ३/९४)

"श्रील हरिदास ठाकु
कोई भी उनके गुणोंको सम्पूर्ण रूपसे वर्णन करनेमें समर्थ नहीं है। अतः जो कोई भी उनके गुणोंका वर्णन करता है, वह मात्र आंशिक रूपमें ही उनके गुणोंका वर्णन कर पाता है, क्योंकि उनके गुण-महिमाका अन्त ही नहीं है।

"चैतन्यमङ्गले श्रीवृन्दावन दास।
हरिदासेर गुण किछु करियाछेन प्रकाश॥
(चै॰ च॰ अ॰ ३/९५)

"श्रील वृन्दावन दास ठाकु
समयमें श्रीचैतन्यभागवतके नामसे प्रसिद्ध ग्रन्थ) में श्रील हरिदास ठाकु

### श्रीचैतन्यभागवतमें अवर्णित चरित्रोंका ही श्रीचैतन्यचरितामृतमें वर्णन

"सब कहा ना जाय हरिदासेर चरित्र।
केह किछु कहे करिते आपना पवित्र॥
(चै॰ च॰ अ॰ ३/९६)

"यद्यपि श्रील हरिदास ठाकु
वर्णन नहीं कर सकता, तथापि अपनेको पवित्र करनेके लिए
ही किसी-किसी ने कु

"वृन्दावन दास जाहा ना कैला वर्णन।
हरिदासेर गुण किछु शुन, भक्तगण॥
(चै॰ च॰ अ॰ ३/९७)

"श्रील वृन्दावन दास ठाकु
हरिदास ठाकु
हरिदास ठाकु
भक्तगण! आप उन्हें सुनिये।"

## ईर्ष्यालु रामचन्द्र खानकी मानसिक स्थिति

जिस समय श्रील हरिदास ठाकु
उस समय रामचन्द्र खान नामक एक व्यक्ति वहाँका जमींदार था। वह वैष्णव-विद्वेषी, धर्म-विद्वेषी तथा ईश्वर-विद्वेषी था। बेनापोलके लोगोंके द्वारा किये जा रहे श्रील हरिदास ठाकु
सम्मानको देखकर उसे ईर्ष्या होने लगी। वह विचार करने लगा—"मैं यहाँका जमींदार हूँ, परन्तु लोग मेरा सम्मान न कर इस वैष्णव वेशधारी दरिद्र मुसलमानका सम्मान कर रहे हैं। अतः यदि मैं किसी भी प्रकारसे इसे लोगोंके सामने नीचा दिखला दूँ, तो लोग इससे घृणा करने लगेंगे।" वास्तवमें अपनेसे श्रेष्ठ व्यक्तिका सुयश-सुनाम सहन करनेकी क्षमता बहुत कम लोगोंमें ही होती है। जिस प्रकार अधिकांश लोग किसीके मुखसे दूसरोंकी महिमा श्रवण करके मन-ही-मन उनका अनिष्ट करनेकी इच्छा पोषण करते हैं, कोई-न-कोई मिथ्या आरोप लगाकर जगत्-वासियोंके सामने उन्हें नीचा दिखलाना चाहते हैं, उदारचित्त होकर उनके गुणोंकी ओर दृष्टिपात न करके गिद्धकी भाँति बहुत उच्च स्थानपर बैठकर भी गन्दगीको ढूँढ़नेकी भाँति उनमें अवगुण

और त्रुटियाँ ढूँढ़नेका प्रयास करते हैं, उसी प्रकार रामचन्द्र
खान भी अपने मनमें श्रील हरिदास ठाकु
प्रकारकी कु
वैष्णव-विद्वेषके फलस्वरूप उत्पन्न हुए वैष्णव-अपराधके
कारण ही उसके मनमें आ रही थीं।

## रामचन्द्र खानके द्वारा वेश्याके माध्यमसे श्रील हरिदास ठाकु

रामचन्द्र खान श्रील हरिदास ठाकु
क्योंकि जब तक वह उनका कोई दोष लोगोंको नहीं
दिखायेगा, तब तक तो कोई भी उसकी बात नहीं सुनेगा।
परन्तु गुणोंके भण्डार श्रील हरिदास ठाकु
उसे दिखलायी नहीं दिया, जिसके छलसे वह उन्हें लोगोंकी
दृष्टिमें गिरा पाता। बहुत चेष्टा करनेपर भी जब वह सफल
नहीं हुआ, तब अन्तमें उसने वेश्याओंको बुलाकर श्रील
हरिदास ठाकु
किया। उसने श्रील हरिदास ठाकु
स्त्री-लोलुप समझा तथा मन-ही-मन विचार किया कि सुन्दरी
मेनकाने केवल अपने घुघुरुँओंके शब्द द्वारा ही जब तपस्वी
विश्वामित्रकी हजारों वर्षोंकी तपस्या भङ्ग कर दी थी, तब
फिर इस दो दिनके वैरागी हरिदासका तो कहना ही क्या?
ये वेश्याएँ तो हरिदासका अपमान करवानेमें अमोघ उपाय
सिद्ध होगी, क्योंकि जगत्में देखा जाता है कि लोग
धन-सम्पत्तिके बदले भी स्त्रीको प्राप्त करनेकी चेष्टा करते
हैं, स्त्रीके कटाक्ष-बाणसे घायल होकर लोग इन्द्रके समान
ऐश्वर्यकी भी तृणकी भाँति उपेक्षा करके स्त्रीके सङ्ग
लाभरूपी औषधकी ही कामना करते हैं। यह सब विचारकर
उसने वेश्याओंसे कहा—"मैं चाहता हूँ कि तुम सब हरिदासके
वैराग्य-धर्मका नाश कर दो।"

## चरित्रहीन युवती वेश्याका अभिमान

उन वेश्याओंके बीच लक्षहीरा नामकी एक सुन्दर युवती थी। वह अपने रूप तथा यौवनके गर्वमें चूर होकर अत्यधिक विश्वासके साथ कहने लगी—"मैं तीन दिनमें ही उस वैरागी हरिदासकी मतिका हरण कर लूँगी, उसके चित्तको चञ्चल बना दूँगी। मैं उसके चित्तको भजनसे हटाकर अपने प्रति आसक्त करा दूँगी।" उसकी बात सुनकर रामचन्द्र खान कहने लगा—"मैं अपने एक आदमीको भी तुम्हारे साथ भेज देता हूँ, जो तुम दोनोंको रङ्गे हाथों पकड़कर यहाँ ले आयेगा।" वेश्या कहने लगी—"पहले एकबार मेरे साथ उसका मिलन होने दो, दूसरी बार तुम्हारे आदमीको अपने साथ ले जाऊँगी।" वेश्याकी इस योजनाको रामचन्द्र खानने भी स्वीकार कर लिया।

### वेश्याका श्रील हरिदास ठाकु

रात्रिके समय वह वेश्या सुन्दर ढंगसे सज-धजकर अत्यन्त उल्लसित होकर श्रील हरिदास ठाकु
पर पहुँच गयी। उस समय वे अपनी कु
होकर उच्च स्वरसे हरिनाम कर रहे थे। कु
आङ्गनमें तुलसीका पौधा लगा हुआ था। वेश्याने पहले तुलसीको प्रणाम किया। तत्पश्चात् उसने कु
जाकर श्रीहरिदास ठाकु
साक्षात् मूर्त्ति श्रील हरिदास ठाकु
माहात्म्यसे ही हो अथवा किसी अभिनयवशतः हो, तुलसीजी तथा वैष्णव प्रवर श्रील हरिदास ठाकु
अनजानेमें ही पापाचरण करनेवाली उस वेश्याने भक्तिके दो अङ्गोंका पालन कर लिया।

### वेश्याके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु

वह वेश्या श्रील हरिदास ठाकु
खड़ी हो गयी। फिर धीरे-धीरे वस्त्रोंको हटाकर अपने अङ्गोंको दिखाते-दिखाते द्वारपर ही बैठकर बहुत ही सुमधुर स्वरसे कहने लगी—“ठाकु
अभी-अभी युवावस्थामें प्रवेश किया है। ऐसी कौन स्त्री होगी, जो आपको देखकर अपने मनको वशमें कर ले। आपके रूप और यौवनको देखकर मेरा मन बहुत चञ्चल हो रहा है। आपका सङ्ग करनेके लिए मैं बहुत लालायित हूँ। मेरी ऐसी अवस्था हो गयी है कि आपसे सङ्ग किये बिना मैं जीवित नहीं रह सकती।”

### श्रील हरिदास ठाकु
### करनेका आश्वासन प्रदान

वेश्याकी बात सुनकर श्रील हरिदासने कहा—“मैं तुझे अवश्य ही अङ्गीकार करूँगा। परन्तु अभी मेरी नियमित नाम-संख्या पूर्ण नहीं हुई है। नाम-संख्या पूर्ण न होने तक मैं अन्य कोई भी कार्य नहीं करता। अतः जब तक मैं अपनी नाम-संख्या पूर्ण न कर लूँ, तब तक तुम यहीं बैठकर नामसङ्कीर्त्तन सुनो। नाम-संख्या पूर्ण होते ही मैं तुम्हारे मनकी अभिलाषाको पूर्ण करूँगा।”

### श्रील हरिदास ठाकु

श्रील हरिदास ठाकु
करके उसके प्रति वैष्णवोचित कृपा ही की, अर्थात् उसे परम मङ्गलकारी श्रीहरिनाम श्रवण करनेका आदेश देकर भजनके एक मुख्य अङ्गको पालन करनेका परामर्श दिया। श्रील हरिदास ठाकु
बैठकर उनके द्वारा उच्चारित हरिनामको श्रवण करेगी, तो

इसके मनका मैल धुल जायेगा, हृदयसे काम–वासना सम्पूर्ण रूपसे दूर हो जायेगी तथा मेरी नाम–संख्याके पूर्ण होनेपर यह स्वयं ही मुझसे नामतत्त्वके विषयमें जिज्ञासा करेगी। उस समय मैं इसके निवेदनको स्वीकार करूँगा। इसलिए श्रील हरिदास ठाकु
होनेपर मैं तुझे अवश्य ही अङ्गीकार करूँगा, अर्थात् तुम्हें निष्कपट साधक जानकर स्वीकार करूँगा और उस समय तुम्हारे जो–जो प्रश्न अथवा संशय होंगे, उन सबका उत्तर प्रदान करूँगा। यदि सचमुच श्रील हरिदास ठाकु
वेश्याकी अभिलाषा पूरी करनेकी इच्छा होती, तो वे अपनी नाम–संख्याके पूर्ण होनेकी अपेक्षा न करते और न ही इस प्रकारके सुयोगको प्राप्त करके अपने नियमकी रक्षाकी बात ही स्मरण रख पाते। उनके लिए उस सुन्दर युवतीके समक्ष सारी रात बैठकर हरिनाम करना असम्भव हो जाता।

## वेश्या द्वारा नामाचार्य श्रील हरिदासके द्वारा उच्चारित शुद्ध हरिनामका श्रवण तथा प्रातःकाल अपने स्थानपर प्रस्थान

श्रील हरिदास ठाकु
असमर्थ वह वेश्या उनके वचनोंके बाहरी अर्थको समझकर कु
पुनः उच्चस्वरसे हरिनाम करना आरम्भ कर दिया और वह वेश्या श्रील हरिदास ठाकु
श्रीहरिनामको सुनने लगी। प्रातःकाल हो आया, किन्तु श्रील हरिदास ठाकु
वह वेश्या वहाँसे उठकर चली गयी तथा रामचन्द्र खानसे जाकर बोली—“हरिदासने वचन दिया है कि आज वह अवश्य ही मेरा सङ्ग करेगा, अतः आज अवश्य ही उसके साथ मेरा मिलन होगा।”

## दूसरी रात वेश्याका पुनः आगमन तथा श्रील हरिदास ठाकु
## न करनेके लिए अनुरोध

दूसरी रातको वह वेश्या फिर श्रील हरिदास ठाकु
पहुँच गयी। श्रील हरिदास ठाकु
कहने लगे—"कल मेरे कारण तुम्हें बहुत कष्ट हुआ। सारी रात तुम्हें चुपचाप बैठ कर जागना पड़ा। तुम सो भी नहीं पायी। फिर मैं तुम्हारी अभिलाषाको भी पूरा नहीं कर पाया, जिससे तुम्हें बहुत ही कष्ट पहुँचा होगा। मैं ही तुम्हें प्राप्त हुए उस कष्टका कारण हूँ, अतः तुम मेरा अपराध ग्रहण मत करना।" यद्यपि वास्तवमें श्रील हरिदास ठाकु
वेश्याको हरिनाम-सङ्कीर्त्तनके श्रवणका सौभाग्य प्रदान करके उसका परम उपकार ही किया था, तथापि बाह्य रूपमें हुए उसके कष्टकी आशङ्का करके श्रील हरिदास ठाकु
उनका अपराध ग्रहण न करनेके लिए अनुरोध किया। इसके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु
वैष्णवको अपने आचरण द्वारा प्राणीमात्रको किसी प्रकारका भी उद्वेग नहीं देना चाहिये तथा साथ-ही-साथ यह भी दिखलाया कि किसीका वास्तविक कल्याण चाहनेवालेको कितना अधिक उदार चित्तवाला बनना पड़ता है।

## श्रील हरिदास ठाकु
## श्रवण करनेका उपदेश प्रदान

श्रीहरिदास ठाकु
अङ्गीकार करूँगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आज मेरी नाम-संख्या अवश्य ही शीघ्र पूरी हो जायेगी। अतः तब तक तुम यहाँ बैठकर हरिनाम-सङ्कीर्त्तनका श्रवण करो। नाम-संख्याके पूर्ण होते ही तुम्हारी इच्छा भी पूर्ण हो जायेगी।"

## श्रील हरिदास ठाकु

वह वेश्या रामचन्द्र खानके कहनेपर ही श्रील हरिदास ठाकु
ठाकु
खानसे मुँहमाँगी धन-सम्पत्ति इत्यादि प्राप्त होगी। वह सोचने लगी कि उस धन-सम्पत्तिसे उसकी सब प्रकारकी इच्छाएँ पूर्ण हो जायेंगी, किन्तु श्रील हरिदास ठाकु
दिलासा देते हुए कह रहे हैं—"चिन्ता मत करो, मेरी नाम-संख्याके पूर्ण होनेके साथ-ही-साथ तुम्हारी भी इच्छा पूर्ण हो जायेगी, अर्थात् जिस धन-सम्पत्तिको प्राप्त करके तुम अपनी सब प्रकारकी इच्छाओंको पूर्ण करनेकी अभिलाषा कर रही हो, मैं उस धन-सम्पत्तिको सम्पूर्ण रूपसे तिरस्कृत कर देनेवाली चिन्तामणि तुम्हें प्रदान करूँगा, जिससे तुम्हें कभी पुनः किसीके निकट कु
नहीं रह जायेगी।"

## अजातशत्रु श्रील हरिदास ठाकु

धन्य हैं ऐसे श्रील हरिदास ठाकु
करनेकी अभिलाषासे आयी, उसके कल्याणके लिए भी इतनी अधिक चेष्टा। अतएव यदि कोई निष्कपट होकर ऐसे दयावान श्रील हरिदास ठाकु
करेगा, तब वे उसके लिए क्या करेंगे, यह चिन्तातीत है। किसीने सत्य ही कहा है कि दूधके भरे हुए बर्तनमें पत्थर मारनेसे अपने ऊपर दूधके छीटें ही पड़ते हैं। आज श्रीहरिरस मदिरामें मत्त श्रील हरिदास ठाकु
वेश्यापर भी हरिरसके छीटें पड़ने लगे। इसलिए आज वेश्या तुलसीको प्रणामकर द्वारपर ही बैठकर नाम सुननेके साथ-साथ बीच-बीचमें 'हरि-हरि' बोलने लगी।

## शुद्ध हरिनामके श्रवणके फलस्वरूप वेश्याकी जिह्वापर श्रीनामका स्फु

श्रील हरिदास ठाकु

श्रवण करनेके फलस्वरूप वेश्या अनजानेमें ही कीर्त्तनरूपी भजनाङ्गका पालन करने लगी, जिसके फलस्वरूप उसका चित्त निर्मल होने लगा। वैष्णव दर्शन, तुलसीको प्रणाम, वैष्णवको प्रणाम, शुद्ध वैष्णवके मुखसे उच्चारित श्रीहरिनामके श्रवण, चलकर वैष्णवकी भजन-स्थलीमें आने तथा कु

समय वहाँपर वास करने आदिके फलस्वरूप श्रीहरिनाम उसकी जिह्वापर स्फु

सारी रात बीत गयी। जब सुबह होनेको आयी, तो वह वेश्या कु

**श्रील हरिदास ठाकु**

### सङ्ग करनेका आश्वासन प्रदान

वेश्याको व्याकु

जानकर—“कहीं हरिदास मेरे साथ छल तो नहीं कर रहे”, श्रील हरिदास ठाकु

छल नहीं कर रहा हूँ। मैंने एक महीनेमें एक करोड़ नाम जपरूपी यज्ञका सङ्कल्प लिया है, जो कि अब समाप्त होने ही वाला है। मेरा अनुमान था कि आज ही वह सङ्कल्प पूर्ण हो जायेगा, इसलिए मैं रातभर नाम करता रहा, फिर भी पूर्ण न कर सका। परन्तु मुझे पूर्ण विश्वास है कि कल निश्चित रूपसे मेरा नामका सङ्कल्प पूर्ण हो जायेगा। तब मैं स्वच्छन्द रूपसे तुम्हारा सङ्ग करूँगा।”

**श्रील हरिदास ठाकु**

ऐसा प्रतीत होता कि श्रील हरिदास ठाकु

सुनकर वेश्याने सोचा होगा कि श्रील हरिदास ठाकु

साथ अपने देह-इन्द्रिय-सङ्गकी बात कर रहे हैं, किन्तु श्रील हरिदास ठाकु
सकता। श्रील हरिदास ठाकु
करके उसके मनकी वासनाको पूर्ण करनेकी ही बात कही, किन्तु अब 'सङ्ग' करनेकी बात कर रहे हैं। सङ्ग अर्थात् (सम्+गम्+ड—सम् अर्थात् सम्यक्, गम् धातुका अर्थ प्राप्ति—) सम्पूर्ण रूपसे, चिरकालके लिए प्राप्त करूँगा।

श्रील हरिदास ठाकु
तक सम्भवपर नहीं होता, वह देहके साथ-साथ ध्वंस हो जाता है। किन्तु मैं उस वेश्याको भजनोन्मुख करके, उसे अपने नित्य प्रभुके दासके रूपमें प्रतिष्ठित करके, सब समयके लिए उससे अपना सम्बन्ध बना लूँगा। उसके हृदयसे कभी भी दूर नहीं होऊँगा।"

यदि आपत्ति हो कि इस विचारके अनुसार फिर श्रील हरिदास ठाकु
'कल सङ्ग करूँगा' ऐसा क्यों कहा? इसका समाधान यह है कि वेश्याके चित्तकी अवस्था अभी भी इस प्रकारके सङ्गके अनुकूल नहीं हुई थी। यद्यपि उपरोक्त भजनाङ्गोंका पालन करनेसे उसके पाप दूरीभूत हो गये थे, प्रारब्ध-पाप-वासनाकी जड़ भी उखड़ गयी थी, तथापि पाप-वासनाकी छाया अभी भी उसके चित्तमें थी। जिस प्रकार किसी पेड़को जड़ सहित उखाड़ फेंकनेपर भी वह पेड़ कु
सूखता है, उसी प्रकार वेश्याके मनसे जागतिक भोग-पिपासा प्राप्त करनेकी अभिलाषा अभी भी पूरी तरहसे दूर नहीं हुई थी। अतएव अभी उसे 'सङ्ग'-प्रदान करनेमें कु
इसलिए श्रील हरिदासने उससे कहा—"कल स्वच्छन्दतापूर्वक तुम्हारा सङ्ग करूँगा।"

## वेश्याके मनका दृढ़ विश्वास

श्रील हरिदास ठाकु
गयी और रामचन्द्र खानके पास जाकर बोली—"आज तो अवश्य ही हरिदासके साथ मेरा मिलन होगा।" रातको पुनः वह श्रील हरिदास ठाकु
भाँति उसने तुलसी एवं श्रील हरिदास ठाकु
किया। उसे आया देखकर श्रील हरिदास ठाकु
नाम-संख्या पूर्ण होनेवाली ही है, आज मैं तुम्हारी इच्छा अवश्य ही पूर्ण करूँगा।" श्रील हरिदास ठाकु
वचनको सुनकर वेश्या वहीं उनकी कु
तथा नामसङ्कीर्त्तन श्रवण तथा 'हरि-हरि' उच्चारण करते-करते उसकी पूरी रात बीत गयी।

## साधुसङ्गके प्रभावसे वेश्याकी अपने प्रति घृणा

यद्यपि आज भी अन्य दिनोंकी भाँति सम्पूर्ण रात्रि बीत गयी, परन्तु आज प्रातः होते ही श्रील हरिदास ठाकु
सङ्गके प्रभावसे, उनके सान्निध्यसे वेश्याका मन परिवर्त्तित हो गया। उसके हृदयसे इन्द्रिय-तृप्तिकी वासना दूर हो गयी। उसे अपने आचरणके लिए आत्म-ग्लानि होने लगी। अपने द्वारा किये गये कार्योंके कारण उसका हृदय पश्चातापकी अग्निमें दग्ध होने लगा। उसके मनमें तीव्र खेद होने लगा—"मैंने एक दुष्ट, कामुक तथा प्रतिष्ठाकामी व्यक्तिके कहनेपर श्रील हरिदास ठाकु
परदुःखदुःखी साधुको जगत्-वासियोंके समक्ष लज्जित करनेकी योजना बनायी। मुझपर धिक्कार है! धिक्कार है!" यह सब विचार करके उसका हृदय काँपने लगा।

## वेश्याके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु
## श्रीचरणोंमें कृपा-याचना

वह रोते-रोते श्रील हरिदास ठाकु
पड़ी तथा कहने लगी—"मैं तो रामचन्द्र खानके कहनेपर आपको पतित करनेकी अत्यधिक घृणित वासना लेकर आयी थी। मुझसे बहुत बड़ा अपराध हो गया है। वेश्या बनकर मैंने बहुत-से पाप किये हैं। मैं बहुत पतित हूँ, मैं पशुसे भी गयी बीती हूँ, आप कृपा करके इस अधमका उद्धार कीजिये। आपके चरणोंमें मेरी यही प्रार्थना है।"

## ईश्वर-विद्वेषी रामचन्द्र खानके प्रति श्रील हरिदास ठाकु

उस वेश्याकी बात सुनकर श्रील हरिदास ठाकु
रामचन्द्र खानके प्रति उपेक्षा युक्त वचन कहने लगे—"रामचन्द्र खानके द्वारा रचाये गये षड़यन्त्रका मुझे पहलेसे ही पता था। किन्तु मैं जानता हूँ कि वह मूर्ख है, अज्ञ है, वह क्या कर रहा है तथा उसका क्या फल होगा, वह इस विषयमें कु
नहीं जानता है। इसलिए मुझे उसके द्वारा किये गये इस कार्यसे कोई दुःख नहीं है। मैं तो पहले ही दिन इस स्थानको छोड़कर कहीं और चला जाता, परन्तु केवल तुम्हारे उद्धारके लिए ही मैं तीन दिन तक यहाँपर रहा।"

## श्रील हरिदास ठाकु
## उद्धारकी प्रेरणाका स्रोत

ऐसा प्रतीत होता है कि एकान्तिक नामपरायण श्रील हरिदास ठाकु
करनेके लिए ही परम-करुण भक्तवत्सल भगवान्‌ने स्वयं ही श्रील हरिदास ठाकु
दी थी।

## महत् व्यक्तिकी कृपाका प्रभाव

इस उपाख्यानसे यह स्पष्ट देखा जा सकता है कि श्रील हरिदास ठाकु
कृपाके प्रभावसे अत्यधिक पापी व्यक्ति भी इस भवसागरसे तर सकते हैं तथा नामके माधुर्यका आस्वादन करके अपने जीवनको सफल बना सकते हैं।

## वेश्याके द्वारा अपने उद्धार हेतु प्रार्थना

तब वह वेश्या अपने उद्धार हेतु प्रार्थना करते हुए कहने लगी—"हे महाशय! मेरे कर्त्तव्यके विषयमें कृपापूर्वक मुझे कु
क्लेशसे छुटकारा मिल जाये।"

## श्रील हरिदास ठाकु
## सर्वस्व त्याग करनेका उपदेश

वेश्याकी बात सुनकर श्रील हरिदास ठाकु
अपने घरकी समस्त वस्तुएँ ब्राह्मणोंको दान कर दो और स्वयं इस कु
जप करना और तुलसीकी सेवा करना। ऐसा करनेपर अति शीघ्र ही तुम्हें श्रीकृष्णके चरणकमलोंकी प्राप्ति होगी तथा श्रीकृष्णके चरणकमलोंकी प्राप्तिके आनुषङ्गिक फलस्वरूप तुम्हारा भव-बन्धन भी अपने आप ही दूर हो जायेगा।"

## श्रील हरिदास ठाकु

ऐसा कहकर उन्होंने उस वेश्याको 'हरिनाम मन्त्र' प्रदान किया और स्वयं हरि-हरि बोलते हुए उस स्थानको छोड़कर अन्यत्र चले गये। स्वरचित (चै॰ च॰ अ॰ ३/१७८ के) अनुभाष्यमें श्रीश्रीमद्भक्तिसिद्धान्त सरस्वती गोस्वामी 'प्रभुपाद' लिखते हैं—"शिष्यका सर्वस्व गुरुदेवको प्राप्य होनेपर भी वैष्णव-गुरु शिष्यके गृह-वित्तादि प्राकृत मल समूहको स्वयं

ग्रहण नहीं करते। जो दक्षिणा ग्रहण करते हैं, वे दक्षिणा-मार्ग (दक्षिण-मार्ग) द्वारा यम-भवनमें पहुँचते हैं। वैष्णव-गुरु वैसे यम भवनके यात्री नहीं हैं, वे उत्तरा-मार्ग (उत्तर-मार्ग) के पथिक हैं। इसलिए कर्मी-ब्राह्मण आदिको प्राकृत वैभवसमूह आदि देनेकी व्यवस्था है। वैष्णव-गुरु शिष्यके हरि-विमुखताको उत्पन्न करनेवाले भोग्य विषय-वैभव स्वयं ग्रहण करके शिष्यका आनुगत्य अथवा मुखापेक्षा[१] नहीं करते। परन्तु वैसे वैभवको हरि विमुखताका कारण जानकर उसका अवश्य ही त्याग करते हैं। शिष्यको प्राकृत-अभिमानसे मुक्त कराना तथा उसके द्वारा परित्यक्त प्राकृत मलको स्वयं ग्रहण न करना ही सदाचारी वैष्णव गुरुका कर्त्तव्य है—ठाकु
हरिदासकी यही शिक्षा है।"

## वेश्याके द्वारा गुरुकी आज्ञाका पालन

तब उस वेश्याने अपने श्रीगुरुदेवकी आज्ञानुसार घर जाकर अनेक यत्नसे एकत्रितकी हुई अपनी सारी सम्पत्ति अपने भविष्यकी चिन्ता न करके ब्राह्मणोंको दान कर दी तथा स्वयं अपना सिर मुँड़वाकर केवल एक वस्त्र पहनकर श्रील हरिदास ठाकु
नित्यप्रति तीन लाख हरिनाम करके परम तृप्ति अनुभव करने लगी। वह नित्यप्रति तुलसीकी सेवा करती। तथा यदि उसे अनायास ही कु
अन्यथा भूखी ही रह जाती।

## नाम साधनके फलस्वरूप इन्द्रिय जय, सिद्धिलाभ तथा प्रेमका उदय

नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु
शुद्ध नाम साधनके फलसे कु

---

[१] मुखकी ओर ताकना।

इन्द्रियाँ वशमें हो गयीं तथा उसके हृदयमें कृष्णप्रेम उत्पन्न हो गया।

प्रसिद्धा वैष्णवी हैल परम-महान्ती।
बड़-बड़ वैष्णव ताँर दर्शनेते जान्ति॥
(चै॰ च॰ अ॰ ३/१८१)

वह एक परम महान वैष्णवीके रूपमें चारों ओर प्रसिद्ध हो गयी तथा बड़े-बड़े वैष्णव भी उसके दर्शनके लिए आने लगे।

एक वेश्याके ऐसे परिवर्त्तित चरित्रको देखकर लोगोंको बहुत आश्चर्य हुआ तथा वे श्रील हरिदास ठाकु
करने लगे। कहाँ तो रामचन्द्र खानने श्रील हरिदास ठाकु
अपमानित और कलङ्कित करनेके लिए प्रयास किया था और कहाँ हुआ उसका ठीक विपरीत! वास्तवमें जो लोग निष्कपट होकर भगवान्‌का भजन करते हैं, किसी भी प्रकारसे कोई उनका कु

## वैष्णव-अपराधका वर्णन

यथार्थ वैष्णव किसीका अपराध ग्रहण नहीं करते, वे तो स्वयंको वैष्णव ही नहीं मानते। यदि कोई उन्हें दुःख-कष्ट भी पहुँचाता है, तो वे उन कष्टोंको अपने ही कर्मोंका फल मानकर कष्ट देनेवाले व्यक्तियोंसे द्वेष नहीं करते। परन्तु भक्तवत्सल भगवान् अपने भक्तके प्रति अपराध करनेवालेको कभी भी क्षमा नहीं करते। सब प्रकारसे निर्दोष एवं दूसरोंके उपकारमें रत अपने भक्तोंके प्रति किये गये अपराधको भगवान् कभी भी सहन नहीं कर सकते। इसलिए भक्तोंके चरणोंमें अपराधके फलसे जैसा अकल्याण और सर्वनाश होता है, वैसा अन्य किसी भी प्रकारसे नहीं होता। वैष्णव-अपराधका फल कभी-कभी तो तुरन्त मिलता है, और कभी कु

## रामचन्द्र खानके असुर होनेका प्रतिपादन तथा वैष्णव-अपराधके फलसे रामचन्द्र खानमें वैष्णव-विद्वेषकी वृद्धि

श्रील हरिदास ठाकु
खानका जो अपराध हुआ था, उस अपराधरूप बीजने क्रमशः वर्द्धित होते-होते एक बहुत बड़े वृक्षका रूप धारण कर लिया। वैसे तो रामचन्द्र खान स्वभावसे ही अवैष्णव था, परन्तु अब श्रील हरिदास ठाकु
करनेके कारण वह असुरके समान ही हो गया। भगवान् और उनके भक्तोंके विरुद्ध आचरण करना ही असुरका स्वभाव होता है। श्रील प्रभुपाद (चै॰ च॰ अ॰ ३/१४५ के) स्वरचित अनुभाष्यमें लिखते हैं, "जिस प्रकार ब्राह्मण कु
जन्म लेनेपर भी विष्णुके चरणोंमें अपराध करनेके कारणसे विश्वश्रवाका पुत्र रावण 'असुर' कहलाया था, उसी प्रकार भक्तके चरणोंमें अपराधी होकर रामचन्द्र खान भी समाजमें असुरके समान प्रतिपन्न [स्थापित] हुआ। अब तो वह सदैव वैष्णवधर्मकी निन्दा करने लगा और वैष्णवोंका अपमान करने लगा। बहुत समय तक इस प्रकारके अपराधोंको करनेके कारण उसे बहुत ही भयानक फल प्राप्त हुआ।"

## रामचन्द्र खानके घरपर पाषण्ड-दलनकारी श्रीनित्यानन्द प्रभुका आगमन

एक बार सर्वज्ञ श्रीनित्यानन्द प्रभु जो साक्षात् श्रीबलदेव ही हैं, गौड़देशमें प्रेमभक्तिका प्रचार तथा पाषण्ड-दलन करते-करते रामचन्द्र खानके घरमें उपस्थित होकर उसके दुर्गामण्डपमें (दुर्गाजीकी पूजाके स्थानपर) बैठ गये। उनके साथ बहुत-से दूसरे वैष्णव भी थे जिससे दुर्गामण्डपके सामनेका आङ्गन भर गया।

### रामचन्द्र खानके द्वारा श्रीनित्यानन्द प्रभुकी अवमानना

सपरिकर श्रीनित्यानन्द प्रभुको आया देखकर रामचन्द्र खानने अन्दरसे अपने एक सेवकको कु
बाहर भेजा। सेवकने श्रीनित्यानन्द प्रभुको आकर कहा—"महात्माजी! मुझे रामचन्द्र खानने भेजा है। उन्होंने कहा है कि यह जमींदारका घर है, किसी साधारण गृहस्थका नहीं। यहाँपर आपको रहनेके लिए स्थान नहीं मिलेगा। चलो, किसी गृहस्थके घरमें आपको स्थान दिला दूँ। आपके साथ बहुत लोग हैं। आप लोगोंके लिए यह स्थान छोटा पड़ेगा। अतः ग्वालेकी बहुत बड़ी गौशाला ही आप लोगोंके लिए अच्छा स्थान है। चलो! मैं आप सब लोगोंको वहाँ छोड़ आऊँ।"

### अक्रोध-परमानन्द श्रीनित्यानन्द रायका क्रोध तथा भविष्यवाणी

रामचन्द्र खानके सेवककी बात सुनते ही श्रीनित्यानन्द प्रभु अत्यन्त क्रोधित हो गये तथा उस दुर्गामण्डपसे उठकर बाहर आ गये। जो अपराध रामचन्द्र खानने श्रील हरिदास ठाकु
यहाँपर उसका दण्ड देनेके लिए ही आये थे। वे क्रोधमें भरकर अट्टहास सहित भविष्यवाणी करते हुए कहने लगे—"रामचन्द्र सत्य ही कह रहा है। वास्तवमें यह घर मेरे रहने योग्य नहीं है। जो म्लेच्छ हैं, जो गायका वध करते हैं, यह घर उनके ही रहने योग्य है।"

### सपरिकर नित्यानन्द प्रभुके द्वारा विष्णु-वैष्णव विद्वेषीके स्थानका परित्याग

इतना कहकर श्रीनित्यानन्द प्रभु क्रोध सहित अपने परिकरोंके साथ उस वैष्णव-विद्वेषीके घरका परित्याग करके वहाँसे चले गये। रामचन्द्र खानको दण्ड देनेके लिए

श्रीनित्यानन्द प्रभु उस गाँवमें भी नहीं रहे, जिसमें रामचन्द्र खान रहता था।

### रामचन्द्र खानकी पाषण्डताकी चरमसीमा

श्रीनित्यानन्द प्रभुके जानेके बाद रामचन्द्रखानने अपने मनमें विचार किया कि सपरिकर श्रीनित्यानन्दके आगमनसे उसका घर अपवित्र हो गया है, अतः उसने अपनी अत्यधिक पाषण्डताका परिचय देते हुए अपने सेवकोंको आदेश दिया कि जहाँपर वह संन्यासी बैठा था, उस स्थानको खोदे और उस मिट्टीको दूर फेंककर उस स्थानको और समस्त आङ्गनको गोबरसे लीपकर पवित्र करे। सेवकोंने ऐसा ही किया, परन्तु वैष्णव विरोधी असुर स्वभाववाले रामचन्द्र खानका मन फिर भी प्रसन्न नहीं हुआ।

### रामचन्द्र खानको विष्णु-वैष्णव विद्वेषके भीषण फलकी प्राप्ति

रामचन्द्र खान जमींदार था, परन्तु वह दस्युवृत्तिके कारण राजाको कर नहीं दिया करता था। इससे क्रु
मुसलमान राजाने अपने मुसलमान वजीरको कु
साथ उसके घरमें 'कर' संग्रह करनेके लिए भेजा। उस वजीरने आकर उसी दुर्गा-मण्डपमें डेरा डाला और वहींपर गायोंको मारकर उसीके घरमें गायका मांस पकाया। उसने रामचन्द्र खान और उसके स्त्री-पुत्रोंको बाँध दिया। इस प्रकार तीन दिन तक वह उसी दुर्गामण्डपमें गायोंका वध करता रहा और उसीके घरमें मांस पकाकर खाता रहा। केवलमात्र उसके घरको ही नहीं, बल्कि तीन दिन तक वह उस सारे गाँवको ही लूटता रहा। इस प्रकार रामचन्द्र खानकी जाति-धन-जन आदि सबकु
गाँव बहुत समय तक उजड़ा हुआ पड़ा रहा। इस प्रकार

एक रामचन्द्र खानके अपराधका फल सम्पूर्ण गाँवको भोगना पड़ा अर्थात् एक असत् व्यक्तिके सङ्गके फलस्वरूप सम्पूर्ण गाँवके लोगोंको दुःख हुआ। शास्त्र कहते हैं—

> महान्तेर अपमान जे देश-ग्रामे हय।
> एक जनार दोषे सब देश उजाड़य॥
>
यद्यपि वे तुम्हारे प्राणोंका अन्त करनेके लिए तुम्हें मार रहे थे, पर तुम अपने मनमें उनकी मङ्गल-कामना ही कर रहे थे। तुम जो मार खा रहे थे, उसकी चिन्ता तुम्हें नहीं थी, तुम तो उस समय भी मनमें उनके कल्याणके विषयमें ही चिन्ता कर रहे थे। मेरे भक्तोंकी सहनशीलता इतनी अधिक होती है कि यदि कोई उनके अमङ्गलकी भी चिन्ता करता है, तब भी वह उसका प्रतिशोध लेनेकी बात तो दूर रहे, उस पापीके मङ्गलकी ही आकांक्षा करते हैं। जैसे ही मैंने उनके ऊपर चक्र छोड़ना चाहा, उसी समय तुमने प्रार्थना की—'हे प्रभो! यदि मैंने आपकी लेशमात्र भी भक्ति की हो, तो आप इनपर कृपा कीजिये। इनके अपराधोंको ग्रहण मत कीजिये।' वे दुष्ट तुम्हें जानसे मारनेकी चेष्टा कर रहे थे, परन्तु तुम उनके मङ्गलकी कामना कर रहे थे। तुम्हारी प्रार्थनाके कारण उनके प्रति अत्यधिक क्रोधित होनेपर भी मेरा हाथ रुक गया, मैं चक्र नहीं छोड़ पाया।

### श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा भक्तके ऊपर किये गये प्रहारको अपने अङ्गोंपर ग्रहण करना

"वे दुष्ट रुकनेका नाम ही नहीं ले रहे थे। वे निरन्तर तुम्हारी पीठपर प्राणघातक प्रहार करते ही जा रहे थे। तुम्हारी रक्षाका कोई उपाय न देखकर मैं तुम्हारी पीठपर लेट गया तथा तुम्हारे पीठपर पड़नेवाले प्रहारोंको मैंने स्वयं अपने शरीरपर ग्रहण किया। मैं झूठ नहीं कह रहा हूँ, उसके चिह्न अभी भी मेरी देहपर विद्यमान हैं।

### भक्तोंकी रक्षा करने हेतु ही बहुत जल्दी श्रीगौर-आविर्भाव

"हरिदास! मुझे तो बहुत बादमें अवतरित होना था, परन्तु तुम्हारे ऊपर होनेवाले अत्याचारोंको सहन न कर

पानेके कारण ही मुझे पहले आना पड़ गया। मेरे नाड़ा अर्थात् अद्वैताचार्यने तुम्हें अच्छी तरहसे पहचाना है। अद्वैत मेरी सम्पत्ति-विशेष है तथा उसकी सेवासे बाध्य होकर मैं उसके निकट सब प्रकारसे आबद्ध हूँ।"

**भक्तोंके प्रति भगवान्‌की प्रीतिका दिग्दर्शन**

इस प्रसङ्गका वर्णन करते-करते श्रीचैतन्यलीलाके व्यास श्रीवृन्दावनदास ठाकु
भक्तोंके मानको बढ़ानेके लिए क्या नहीं करते तथा कौन-सी ऐसी भाषा है, जो नहीं बोलते।

ज्वलन्त अनल प्रभु भक्त लागि खाय।
भक्तेर किङ्कर हय आपन इच्छाय॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/४८)

भक्तके लिए प्रभु जलती हुई आग तकको भी खा जाते हैं और अपनी इच्छासे ही वे भक्तोंके दास भी बन जाते हैं।

भक्तेर महिमा भाई देख चक्षु भरि।
कि बलिला हरिदास-प्रति गौरहरि॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/५१)

अरे भाइयो! नेत्र भरकर भक्तोंकी महिमाके दर्शन करो— भक्त श्रीहरिदासके प्रति श्रीगौरहरिने क्या कहा है?

**अपने प्रति हुई प्रभुकी कृपाका श्रवण करके श्रील हरिदास ठाकु**
**करनेपर महाप्रभुका स्तव करना**

प्रभुके श्रीमुखसे ऐसी करुणापूर्ण बातोंको सुनकर श्रील हरिदास ठाकु
बोले—"हरिदास! उठो, उठो। मन भरकर मेरा दर्शन करो।" प्रभुकी अमृतमय वाणी सुनकर श्रील हरिदास ठाकु
दूर हो गयी। मूर्च्छा दूर होते ही वे दर्शन क्या करते, भावमें

आविष्ट होकर क्रन्दन करते-करते आङ्गनमें लोट-पोट खाने लगे। उन्हें इस प्रकार भावमें आविष्ट देखकर महाप्रभु श्रीगौरसुन्दर उन्हें शान्त करने लगे, परन्तु उनका आवेश दूर ही नहीं हो रहा था। वह रोते-रोते श्रीमन् महाप्रभुका स्तव करते हुए कहने लगे—"हे विश्वम्भर! हे प्रभो! हे जगन्नाथ! मुझ पापीपर कृपा कीजिये। हे प्रभो, मैं आपकी लीलाका वर्णन करनेमें किस प्रकार समर्थ होऊँगा? मैं समाजमें उत्तम अथवा मध्यम नहीं, 'अधम' के नामसे परिचित हूँ। मैं जागतिक किसी गुणमें गुणी नहीं हूँ। सभी गुणोंमें ही दरिद्र हूँ। मैं आर्य-जातिवालोंकी वर्ण-गणनाके अन्तर्गत तक नहीं हूँ। अतएव आपके गुणोंका वर्णन करनेकी कोई भी योग्यता मुझमें नहीं है।

"देखिले पातक, मोरे परशिले स्नान।
मुञि कि बलिब प्रभु तोमार आख्यान?
(चै॰ भा॰ म॰ १०/६०)

"यदि कोई मुझे देख ले, तो उसे पाप लगता है। यदि कोई मुझ पापीका स्पर्श कर ले, तो उसे स्नान करना पड़ता है। मैं आपकी महिमाका क्या वर्णन कर सकता हूँ?

**श्रील हरिदास ठाकु**
**फलका कीर्त्तन**

"हे प्रभो! आपने अपने मुखसे एक सङ्कल्प किया है कि जो आपके श्रीचरणोंका स्मरण करता है, वह भले ही कीटके समान भी क्यों न हो, तब भी आप उसे त्यागते नहीं है। और यदि कोई आपके श्रीचरणकमलोंका स्मरण न करता हो, तो राजा होनेपर भी आप उसे दण्डित करते हैं। हे प्रभो! आपकी महिमा अपार है। आपकी दयालुताकी कोई सीमा नहीं है। परन्तु मेरा ही दुर्भाग्य है कि मैं आपका स्मरण करनेमें भी सर्वथा असमर्थ हूँ।

"जब भरी सभामें दुर्योधनके आदेशपर दुःशासन द्रौपदीको खींचकर ले आया तथा उन्हें वस्त्रहीन करनेकी चेष्टा की, उस समय जब द्रौपदीने असहाय होकर करुण-स्वरसे आपको पुकारा, तो आप उसके स्मरणके प्रभावसे उसी क्षण वस्त्रमें प्रवेश कर गये। आपके प्रभावसे वस्त्र अनन्त हो गया। परन्तु फिर भी वे पापी लोग आपकी महिमाको समझ नहीं पाये।

"किसी समय पार्वतीदेवीको डाकिनियोंने घेरकर खानेकी चेष्टा की, उस समय भयभीत होकर पार्वतीने आपका स्मरण किया। उनके द्वारा स्मरण करते ही आप वहाँपर प्रकट हो गये तथा आपने उन डाकिनियोंको दण्ड प्रदान कर पार्वतीकी रक्षा की।

"दुष्ट हिरण्यकशिपुने प्रह्लादको विष देकर, सर्पसे डँसवा कर, आगमें जलाकर, उनके शरीरपर एक भारी पत्थर बाँधकर समुद्रमें फेंककर मारनेकी जितनी भी चेष्टाएँ की, प्रत्येक परिस्थितिमें आपका स्मरण करनेके कारण आपने सब प्रकारसे प्रह्लादकी रक्षा की।

"आपको स्मरण करनेके प्रभावसे ही वनवासके समय ऋषि दुर्वासाके भयसे आपने पाण्डवोंकी रक्षा की।

"हे प्रभो! आपने इनका उद्धार किया, इसमें अति आश्चर्यकी बात नहीं है, क्योंकि ये सभी आपमें अनुरक्त थे। अति आश्चर्यका विषय तो आपके द्वारा किया गया अजामिलका उद्धार है। अजामिल तो भक्त भी नहीं था। ऐसा कोई पाप नहीं था, जो उसने न किया हो। यमदूतोंके द्वारा पकड़े जानेकी आशङ्कासे पुत्र-दर्शनके लिए जब उसने नारायण-नाम उच्चारित किया, उस समय पुत्रकी असमर्थता तथा दूतोंकी बलवत्ताको देखकर भगवान्‌की कथा और उनके चरित्र अजामिलके स्मरण-पथपर उदित हुए थे। यद्यपि पुत्रनाम-उच्चारणके उद्देश्यसे उसके मुखसे 'नारायण' शब्द उक्त हुआ था, तथापि 'नारायण' शब्दमें भगवान्‌का उद्देश्य

(निहित) होनेके कारण ऐसे नाम-उच्चारणके द्वारा भगवत्-स्मृतिके फलस्वरूप ही उसे यमदूतोंसे छुटकारा मिला था। फिर भी मृत्युके समय यमदूतोंके भयसे उसके मुखसे अपना नाम सुनकर, जो कि उसने अपने पुत्रके उद्देश्यसे लिया था, तुरन्त आपने अपने दूतोंको भेज दिया तथा अजामिलको यमदूतोंके चङ्गुलसे बचाया।

**श्रील हरिदास ठाकु**
**गौरभक्तिकी अयोग्यताका ज्ञापन**

"प्रभो! अजामिलने आपका दूरसे ही स्मरण किया था, किन्तु मुझमें स्मरणकी योग्यता भी नहीं है। यद्यपि मैं पूर्ण रूपसे आपके स्मरणसे रहित हूँ, तथापि आपने कृपा करके मुझे परित्याग नहीं किया, यही आपकी अहैतुकी दयाका परिचय है। अन्यथा मुझमें ऐसी योग्यता कहाँ थी कि आपका दर्शन भी कर पाता। हे प्रभु! आप मुझे अपने दर्शनोंसे कभी वञ्चित न करना, आपसे मेरी केवलमात्र यही प्रार्थना है। इसके अतिरिक्त मैं और कु

**श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा हरिदास ठाकु**
**करनेके लिए आदेश**

श्रील हरिदास ठाकु
बोले—"हरिदास! तुम माँगो-माँगो, तुम्हें क्या चाहिये? ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जो मैं तुम्हें नहीं दे सकता। मेरा जो कु है, वह सब तुम्हारा ही है।"

**श्रील हरिदास ठाकु**
**वैष्णव-उच्छिष्टकी प्रार्थना**

श्रील हरिदास ठाकु
लगे—"प्रभो! मैं तो सौभाग्यहीन हूँ, परन्तु मेरे मनकी आशा बहुत बड़ी है।

“तोमार चरण भजे जे–सकल दास।
तार अवशेष जेन हय मोर ग्रास॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/८६)

“आपके दास जो सर्वदा आपके श्रीचरणोंकी सेवामें संलग्न रहते हैं, उनका अवशिष्ट ही मेरा भोजन हो। अर्थात् मैं आपके भक्तोंका उच्छिष्ट भोजी दास बन पाऊँ।

“सेइ से भजन मोर हउ जन्म जन्म।
सेइ अवशेष मोर—क्रिया–कु
(चै॰ भा॰ म॰ १०/८७)

“मैं मुक्ति नहीं चाहता हूँ, जन्म–जन्मान्तरमें मैं वैष्णवोंका सेवक बनकर रहूँ, यही मेरी अभिलाषा है। वैष्णवोंका उच्छिष्ट भोजन ही मेरे द्वारा किये जानेवाले सभी कार्योंमें मुख्यता प्राप्त करे। वैष्णवकु
अर्थात् वैष्णवोंका अवशेष ग्रहण करना ही मेरा जन्म–जन्मान्तरका कार्य हो। वैदिक अनुष्ठानोंको ही जो कु
विश्वास करते हैं तथा आनुष्ठानिक वैदिक क्रियाको ही जो बहुमानन करते हैं, हे प्रभो! ऐसी कृपा करना, उनके जैसी आशाएँ मुझे कभी भी विचलित न कर पाये। वैसे वैदिक अनुष्ठान जागतिक अहङ्कारकी ही पुष्टि करते हैं तथा गौणी क्रियाके अन्तर्गत है। मुख्य अनुष्ठान तो वैष्णवोंका उच्छिष्ट–भोजन है।

“तोमार स्मरणहीन पापजन्म मोर।
सफल करह दासोच्छिष्ट दिया तोर॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/८८)

“आपके स्मरणसे विहीन मेरे पापिष्ठ जीवनको अपने दासोंका उच्छिष्ट प्रदानकर सफल बना दीजिये।

**श्रील हरिदास ठाकु**

**प्राप्तिमें 'अयोग्य' मानकर अपराधी समझना**

"मैं बड़ा दाम्भिक हूँ, इसलिए आपसे तृणसे भी सुनीच, तरुकी भाँति सहनशील और अमानी-मानद होनेकी अतुलनीय सम्पत्तिके लिए प्रार्थना कर रहा हूँ। मैं जानता हूँ कि उसे प्राप्त करनेकी योग्यता भी मुझमें नहीं है। वैष्णवोंका उच्छिष्ट-भोजी होना तो ब्रह्मा आदिका भी परमाऽभीष्ट विषय है। उस विषयको प्राप्त करनेके लिए मैंने अपनी इच्छा व्यक्त की है। लगता है, यह कहकर मुझसे अपराध हो गया है। हे प्रभो! हे नाथ! हे विश्वम्भर! मैं जीवित अवस्थामें भी मृततुल्य अर्थात् बुद्धिहीन हूँ। आप मेरा अपराध क्षमा कीजिये।

**श्रील हरिदास ठाकु**

**कु**

"शचीर नन्दन, बाप, कृपा कर मोरे।

कु

(चै॰ भा॰ म॰ १०/९१)

"हे शचीनन्दन! हे प्रभो! आप कृपा करके मुझे अपने भक्तके घरका कु

मालिक घरकी रखवालीके लिए पशुजातीय कु

वेतन देकर घरकी रखवालीमें नियुक्त करता है, उसी प्रकार श्रीकृष्णके संसारमें वैष्णवके घर मुझे प्रतिष्ठित कीजिये।"

ऐसा कहते-कहते श्रील हरिदास पूर्ण रूपसे प्रेमभक्तिमें तन्मय हो गये। दीनतापूर्वक बार-बार विनय करनेपर भी उन्हें तृप्ति नहीं हो रही थी।

**श्रीमन् महाप्रभुकी श्रील हरिदास ठाकु**

प्रभु बले,—"शुन शुन मोर हरिदास।
दिवसेको जे तोमार सङ्गे कैल वास॥
तिलार्द्धेको तुमि जार सङ्गे कह कथा।
से अवश्य आमा पाबे, नाहिक अन्यथा॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/९३-९४)

श्रीमन् महाप्रभुने कहा—"मेरे हरिदास! सुनो! तुम जगत्के सर्वश्रेष्ठ महापुरुष हो। तुम्हारे साथ तुम्हारे दासके रूपमें यदि कोई भक्त एकदिन भी वास करे अथवा तुम कृपा करके बहुत थोड़े समयके लिए यदि किसीके साथ बातचीत करो, तो उसे भी अवश्य ही भगवान्के चरणकमलोंकी सेवाकी प्राप्ति होगी। इसमें लेशमात्र भी संशय नहीं है।

"तोमारे जे करे श्रद्धा, से करे आमारे।
निरन्तर थाकि आमि तोमार शरीरे॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/९५)

"तुम्हारे प्रति श्रद्धा करनेवाला व्यक्ति ही वास्तवमें मेरे प्रति श्रद्धालु कहलायेगा, क्योंकि मैं सदैव तुम्हारे शरीरमें वास करता हूँ।

"तुमि—हेन सेवके आमार ठाकु
तुमि मोरे हृदये बान्धिला सर्वकाल॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/९६)

"तुम्हारे जैसे सेवकोंके कारण ही मेरी 'ठाकु
होती है। चिन्मय हरिरससे विभावित होनेके कारण तुमने सदा-सर्वदाके लिए मुझे अपने हृदयमें बाँध लिया है।"

**श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु**
**अपराधशून्य भक्तिका वरदान**

श्रील हरिदास ठाकु

करके तथा उनके भक्तिमय भावोंको देखकर प्रभु कहने लगे—

“मोर स्थाने, मोर सर्व-वैष्णवेर स्थाने।
बिना अपराध भक्ति दिल तोरे दान॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/९७)

“हरिदास! मैं तुम्हें भजन करनेका अधिकार प्रदान कर रहा हूँ। तुम्हारा किसी भी दिन मेरे प्रति और वैष्णवोंके प्रति कोई अपराध नहीं होगा। तुम सदैव अपराधसे मुक्त रहकर केवलाभक्ति करते हुए कृष्णानुशीलन करते रहो—श्रीकृष्णके भक्तोंका अनुसरण करते रहो। तुमने मेरे अथवा वैष्णवोंके प्रति कोई अपराध नहीं किया है, इसीलिए मैंने तुम्हें कृष्णसेवाकी प्रवृत्ति प्रदान की है।”

## सत्-क्रियाओंके द्वारा कृष्णसेवाकी प्राप्ति दुर्लभ, वह तो केवल प्रीति द्वारा ही सुलभ

महाप्रभुके श्रीमुखसे श्रील हरिदासके प्रति ऐसा वरदान सुनकर वैष्णववृन्द आनन्दसे 'हरि-हरि' ध्वनि करने लगे। इस प्रसङ्गका उपसंहार करते हुए श्रील वृन्दावन दास ठाकु
लिखते हैं—

“जाति, कु
प्रेमधन, आर्त्ति बिना ना पाइ कृष्णेरे॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/९९)

“जाति, कु
होता अर्थात् इनसे श्रीकृष्णकी प्राप्ति नहीं हो पाती। श्रीकृष्णको तो प्रेमरूपी धन और आर्त्तिके बिना कोई भी प्राप्त नहीं कर सकता।

“जे ते कु
तथापिह सर्वोत्तम सर्वशास्त्रे कहे॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/१००)

"जिस किसी कु
तथापि वैष्णव सर्वश्रेष्ठ है, ऐसा सभी शास्त्र कहते हैं। जीवकी नित्य-प्रयोजनीय वस्तु—कृष्णप्रेम है। उस प्रेममें अधिकार प्राप्त होनेसे जागतिक नीचता, स्वल्पता (निर्धनता, कु
कर पाती।

"एइ तार प्रमाण-यवन हरिदास।
ब्रह्मादिर दुर्लभ देखिल परकाश॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/१०१)

"इसका प्रमाण अहिन्दु-कु
ठाकु
जो ब्रह्मा आदिके लिए भी दुलर्भ है।

**वैष्णवोंमें जाति-बुद्धि करनेसे अधोगति**

"जे पापिष्ठ वैष्णवेर जातिबुद्धि करे।
जन्म-जन्म अधम योनिते डुबि' मरे॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/१०२)

"जो पापी वैष्णवोंमें जातिबुद्धि करता है, उसे जन्म-जन्मान्तर अधम योनियोंमें डूबना पड़ता है।

**श्रील हरिदास ठाकु**
**प्राप्तिके उपाख्यानको श्रवण करनेका फल**

"हरिदास स्तुति-वर शुने जेइ जन।
अवश्य मिलिबे तारे कृष्णप्रेमधन॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/१०३)

"जो व्यक्ति श्रील हरिदास ठाकु
श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा उनके प्रति दिये गये वरदानके विषयमें श्रवण करेगा, उसे अवश्य ही कृष्णप्रेमधनकी प्राप्ति होगी।

"ए वचन मोर नहे, सर्वशास्त्रे कय।
भक्ताख्यान शुनिले कृष्णेते भक्ति हय॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/१०४)

"ऐसा मैं ही नहीं, बल्कि सभी शास्त्र कहते हैं कि भक्तोंका चरित्र श्रवण करनेसे श्रीकृष्णभक्तिकी प्राप्ति होती है।

**श्रील हरिदास ठाकु**

"महाभक्त हरिदास ठाकु
हरिदास स्मरणे सर्व–पापक्षय॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/१०५)

"महान भक्त श्रील हरिदास ठाकु
श्रील हरिदासका स्मरण करनेसे सब पाप नष्ट हो जाते हैं।

**श्रील हरिदास ठाकु**

"केह बले,—'चतुर्मुख जेन हरिदास।'
केह बले,—'प्रह्लादेर जेन परकाश॥'
सर्वमते महाभागवत हरिदास।
चैतन्य गोष्ठीर सङ्गे जाहार विलास॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/१०६–१०७)

"कोई–कोई कहते हैं कि श्रील हरिदास चतुर्मुख–ब्रह्मा हैं, तो कोई मानते है कि वे श्रीप्रह्लादके प्रकाश हैं। किन्तु इसमें सभीका एक ही मत है कि श्रीमन् महाप्रभुके पार्षदोंके साथ विहार करनेवाले श्रील हरिदास ठाकु

**ब्रह्मा–शिवके द्वारा भी श्रील हरिदास ठाकु
सङ्ग वाञ्छनीय**

"ब्रह्मा, शिव, हरिदास हेन भक्तसङ्ग।
निरवधि करिते चित्तेर बड़ रङ्ग॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/१०८)

"सर्वलोक-पितामह ब्रह्मा तथा सर्व-संहारक शिव आदिके हृदयमें भी निन्तर श्रील हरिदास ठाकु
करनेकी इच्छा रहती है।

"हरिदास स्पर्श वाञ्छा करे देवगण।
गङ्गाओ वाञ्छेन हरिदासेर मज्जन॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/१०९)

"देवतालोग भी श्रील हरिदास ठाकु
करनेकी अभिलाषा रखते हैं। पतितपावनी गङ्गादेवी भी यही इच्छा करती है कि हरिदास मुझमें स्नान करे।

**श्रील हरिदास ठाकु**

"स्पर्शेर कि दाय, देखिलेइ हरिदास।
छिण्डे सर्व-जीवेर अनादि कर्मपाश॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/११०)

"स्पर्शका तो कहना ही क्या, श्रील हरिदास ठाकु
देखनेमात्रसे ही जीवोंके अनादि कर्मबन्धन छूट जाते हैं।

**श्रीप्रह्लाद तथा श्रीहनुमानकी भाँति श्रील हरिदास ठाकु**
**वैष्णवता भी स्वतः सिद्ध**

"प्रह्लाद जे-हेन दैत्य, कपि हनुमान।
एइ मत हरिदास 'नीचजाति' नाम॥
(चै॰ भा॰ म॰ १०/१११)

"कहनेको जैसे प्रह्लादजी 'दैत्य' और हनुमानजी 'कपि' हैं, वैसे ही श्रील हरिदास ठाकु
यवन-जाति' के हैं।"

## त्रयोदश अध्याय

### श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु

### प्रचार करनेका आदेश

श्रीचैतन्यदेवके प्राकट्यके समय श्रीनवद्वीपमें मुख्यतः आर्य-आचारयुक्त हिन्दु तथा यावनिक-आचारसम्पन्न अहिन्दुओंका वास था। इसलिए दोनों धर्मोंमें विश्वास सम्पन्न व्यक्तियोंको यह सन्देश देनेके लिए कि 'भगवद्भक्तिमें दोनोंका ही एक समान अधिकार है' श्रीमन् महाप्रभुने प्रत्यक्ष प्रमाणस्वरूप ब्राह्मणकु
(मुस्लिम) कु
दिया—

"शुन शुन नित्यानन्द, शुन हरिदास।
सर्वत्र आमार आज्ञा करह प्रकाश॥

प्रति घरे घरे गिया कर एइ भिक्षा।
'बल कृष्ण, भज कृष्ण, कर कृष्ण शिक्षा'॥

इहा वइ आर ना बलिबा, बलाइबा।
दिन-अवसाने आसि' आमारे कहिबा॥

तोमरा करिले भिक्षा, जेइ ना बलिब।
तबे आमि चक्रहस्ते सबारे काटिब॥

(चै॰ भा॰ म॰ १३/८-११)

"सुनो, सुनो नित्यानन्द! सुनो, हरिदास! तुम दोनों मेरे आदेशानुसार वर्णाश्रमसे बाहर, वर्णाश्रमके पालनमें रत तथा वर्णाश्रमसे अतीत—सभी प्रकारके लोगोंके घरोंमें जाओ तथा

उनसे यह भिक्षा माँगो कि 'हे भाइयो! आपलोग कृपाकर 'कृष्ण-कृष्ण' बोलो अर्थात् कृष्णनामका कीर्त्तन करो। कृष्णका भजन करो अर्थात् कीर्त्तन द्वारा कृष्णकी सेवा करो तथा कृष्णकी शिक्षामें शिक्षित होओ।' इस प्रकारकी भिक्षा माँगनेके अतिरिक्त तुमलोग किसीसे भी अन्य किसी भी प्रकारकी भिक्षा मत माँगना और किसीको भी अन्य प्रकारकी शिक्षा मत देना। दिनके समय जीवोंके मङ्गलकी कामनासे पूर्वकथित भिक्षा माँगना तथा सन्ध्याके समय आकर मुझे सब कु

चेष्टा कर रहो हो, ऐसा जानकर मुझे बहुत अधिक प्रसन्नता होगी। यह वास्तवमें मेरा ही कार्य है, मैं अपने दाँये तथा बाँये हाथ स्वरूप तुम दोनोंके माध्यमसे यह कार्य सम्पन्न कराऊँगा। तुम्हारे भिक्षा माँगनेपर जो विमुख होंगे, मैं अपना सुदर्शन चक्र हाथमें लेकर उन्हें काट डालूँगा।"

प्रभुकी ऐसी आज्ञा सुनकर सभी वैष्णवलोग हँसने[१] लगे तथापि प्रभुकी आज्ञाका उल्लङ्घन करनेका सामर्थ्य किसका हो सकता है।

## प्रभुकी आज्ञाके प्रति अविश्वास मूर्खता

हेन आज्ञा, जाहा नित्यानन्द शिरे बहे।
इथे अप्रतीत जार, से सुबुद्धि नहे॥

(चै॰ भा॰ म॰ १३/१३)

श्रीगौरसुन्दरकी ऐसी आज्ञा, जिसे साक्षात् श्रीनित्यानन्द प्रभु भी शिरोधार्य करते हैं, उसमें जिसका विश्वास नहीं है, वह व्यक्ति सुबुद्धिमान नहीं है।

---

[१] श्रीगौर-अवतारमें प्रभुकी प्रतिज्ञा है—"एबे अस्त्र न धरिबे, प्राणे कारे न मारिबे, चित्त-शुद्धि करिब सबार" अर्थात् वे इस अवतारमें न तो अस्त्र-धारण करेंगे तथा न ही किसीका वध करेंगे। बल्कि सबके चित्तको शुद्ध करेंगे। अतएव श्रीमन् महाप्रभुके मुखसे ऐसे संहार करने जैसे वचनको सुनकर सभी वैष्णव हँसने लगे।

## श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु तत्क्षणात् प्रचार हेतु प्रस्थान

प्रभुके आदेशानुसार श्रीनित्यानन्द प्रभु और श्रील हरिदास ठाकु
द्वारपर पहुँचते, घरके लोग उन्हें संन्यासी वेशमें देखकर भोजनके लिए आमन्त्रित करते। उस समय वे दोनों कहते—"भाइयो! हमें एकमात्र यही भिक्षा चाहिये कि आप सभी लोग 'कृष्ण-कृष्ण' बोलें, कृष्णका भजन करें तथा कृष्णकी मनोहर कथाओंको सुनें। कृष्ण ही प्राण, धन तथा जीवन है। अरे भाईयो! ऐसे कृष्णका एकान्तिक रूपसे नाम ग्रहण करो।" इस प्रकार वे घर-घर जाकर लोगोंसे हरिनाम करनेकी प्रार्थना करने लगे।

## दोनों प्रभुओंके वचन सुनकर सज्जन व्यक्तियोंका आनन्द तथा अनेक लोगोंकी अनेक प्रकारकी कल्पना

जब वे किसी सज्जन व्यक्तिके घरपर पहुँचते, तो दोनों प्रभुओंके मुखसे ऐसी बात सुनकर वह सज्जन व्यक्ति अर्थात् भगवद्भक्त बहुत प्रसन्न हो जाता तथा हाथ जोड़कर कहने लगता—"हम अवश्य ही कृष्णभजन करेंगे।" उन दोनोंको देखकर कु
पण्डित स्वयं तो पागल हो ही गया है, सब काम काज छोड़कर रातदिन कृष्ण-कृष्ण कहता फिरता है, तथा उसने शान्त, शिष्ट, सज्जन आदि सभी व्यक्तियोंको भी पागल बना दिया है। उसका सङ्ग करनेसे तुम दोनों अच्छे-भले व्यक्ति भी पागल हो गये हो। किन्तु अब हमलोगोंको भी पागल बनानेके लिए क्यों आये हो? जब वे प्रचार करते-करते किसी ऐसे व्यक्तिके घरपर पहुँच जाते जो प्रभु श्रीगौरसुन्दरके कीर्त्तनके समय श्रीवास-अङ्गनके द्वार बन्द होनेके कारण घरके अन्दर प्रवेश नहीं कर पाया था, तो वह उन्हें देखते

ही मारनेके लिए तैयार हो जाता। कु
लगते—“ये दोनों चोर हैं। दिनके समय ये साधुके वेशमें घूम-घूमकर देख रहे हैं कि किस घरमें धन अधिक है और किस घरका मालिक घरपर नहीं है। पुनः रात्रिमें ये अपने अन्य साथियोंको लेकर आयेंगे और उस घरमें चोरी करके चले जायेंगे। अतः क्या इनके जैसा आचरण कोई सभ्य व्यक्ति कर सकता है? यदि ये दोबारा यहाँ आयेंगे, तो हम इन्हें धर्माधिकारियोंके पास पकड़कर ले जायेंगे।”

भिन्न-भिन्न लोगोंकी भिन्न-भिन्न बातें सुनकर वे दोनों हँसते-हँसते आगे चले जाते तथा श्रीचैतन्यदेवकी आज्ञाके बलसे बिलकु
प्रचारके लिए निकल जाते और शामको आकर प्रभु विश्वम्भरको सारे दिनका वृत्तान्त सुनाते।

### दोनों प्रभुओंके द्वारा दो अद्भुत शराबियोंका अवलोकन

एक दिनकी बात है। श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु
रास्तेमें उन्होंने दो शराबियोंको देखा। उन दोनोंका स्वरूप बहुत ही भयानक था। उनकी आँखें नशेके कारण लाल-लाल हो रही थीं। शराब पीनेके कारण वे अपने होश-हवाश खो बैठे थे। उन्हें यह तक ज्ञान नहीं था कि वे क्या कर रहे हैं, क्या कह रहे हैं? कभी तो वे एक-दूसरेके गलेसे लिपट जाते तथा कभी एक-दूसरेके केश पकड़कर मारा-मारी करने लगते। कभी एक-दूसरेको गन्दी-गन्दी गालियाँ देने लगते।

### दोनों शराबियोंके कु
### श्रील हरिदास ठाकु

दोनों शराबियोंकी अवस्था देखकर श्रीनित्यानन्द प्रभुने आस-पासके लोगोंसे उन दोनोंके विषयमें पूछा—“ये दोनों

किस जातिके हैं तथा इनकी बुद्धि ऐसी कैसे हो गयी?"—यह सुनकर कु
तो ब्राह्मण हैं। इनके माता-पिताके कु
सम्मान था। इनके वंशमें लेशमात्र भी किसी प्रकारका कोई दोष नहीं था। परन्तु बचपनसे ही दुष्टोंका सङ्ग करनेके कारण इनकी बुद्धि भ्रष्ट हो गयी तथा ये अनेक प्रकारके कु
परिवारवालोंने इन्हें घरसे बाहर कर दिया। तबसे ये लोग बिलकु
घूमने लगे। इस प्रकार पाप करते-करते ये ऐसे दुर्दान्त हो गये हैं कि आजकल इनका नाम सुननेमात्रसे ही लोग भयभीत हो जाते हैं। ये दोनों कभी भी किसीके भी घरमें आग लगा देते हैं। बलपूर्वक दूसरोंकी वस्तुओंका अपहरण करते हैं। ऐसा कोई पाप नहीं है, जो ये दोनों नहीं करते। चोरी-डकैती करते हैं और ब्राह्मण होकर भी गायका माँस खाते हैं।"

## दोनों शराबियोंकी दुरावस्थाका श्रवण करके श्रीनित्यानन्द प्रभुके द्वारा उनके उद्धारका उपाय सोचना

दोनोंका वृत्तान्त सुनकर नित्यानन्द प्रभुको उनपर बहुत दया आ गयी। वे मन-ही-मन उनके उद्धारके विषयमें विचार करने लगे—"पापियोंका उद्धार करनेके लिए ही तो मेरे प्रभु श्रीगौरसुन्दरका आविर्भाव हुआ है। इन दोनोंके जैसे पापी और कहाँ मिलेंगे? मेरे प्रभु अपना प्रभाव छिपाकर रखते हैं, इसलिए लोग उनके प्रभावको नहीं जाननेके कारण उनका उपहास करते हैं। यदि मेरे प्रभु ऐसे पापियोंका उद्धार कर दें, तो उनका अलौकिक प्रभाव सारा संसार देखेगा। इस प्रकार जो दुर्भागे लोग मेरे प्रभुकी महिमा न जानकर उन्हें साधारण मनुष्य मानकर उनके श्रीचरणोंमें अपराध करते हैं,

वे भी प्रभुकी महिमा देखकर प्रभुके श्रीचरणोंमें शरणागत हो जायेंगे। जब मैं इन दोनोंमें चैतन्यका प्रकाश करा सकूँगा, तभी मैं नित्यानन्द श्रीचैतन्य महाप्रभुका दास कहलाऊँगा। ये लोग जैसे अभी अपने आपको भूलकर मत्त हो रहे हैं, यदि ये दोनों इसी प्रकार मत्त होकर श्रीकृष्णके नामका उच्चारण करें तथा 'मेरे प्रभु' ऐसा कहकर क्रन्दन करें, तभी मेरा भ्रमण करना सार्थक होगा। जो-जो व्यक्ति इन दोनोंकी छायाको स्पर्श करनेमात्रसे ही वस्त्र सहित गङ्गामें जाकर स्नान करते हैं, यदि वे सभी इन दोनोंके दर्शनको ही गङ्गा-स्नानके बराबर मानें, तभी मेरा नाम सार्थक होगा।"

**श्रीनित्यानन्द प्रभुके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु अपने मनके भावोंका ज्ञापन तथा दोनों शराबियोंके उद्धार हेतु श्रील हरिदास ठाकु**

ऐसा विचारकर श्रीनित्यानन्द प्रभु श्रील हरिदास ठाकु बोले—"हरिदास! देखो तो इन दो ब्राह्मणोंकी अवस्था। ब्राह्मणकु
रही है। इनका जैसा व्यवहार है, उसे देखकर तो लगता है कि यमराजके चङ्गुलसे इनका उद्धार सम्भवपर नहीं है। हे हरिदास! जब दुष्ट यवनोंने आपको जानसे मारनेकी चेष्टा की थी, तब आपने उनके कल्याणके लिए प्रभुसे प्रार्थना की थी। क्या आज इन दोनोंकी दुर्गति देखकर आपका हृदय द्रवित नहीं हो रहा है?

"यदि तुमि शुभानुसन्धान कर मने।
तबे से उद्धार पाय ऐई दुईजने॥

तोमार सङ्कल्प प्रभु ना करे अन्यथा।
आपने कहिला प्रभु ऐई तत्त्वकथा॥
(चै॰ भा॰ म॰ १३/६६-६७)

"आप यदि इनके लिए मनमें शुभकामना करें, तो इन दोनोंका भी उद्धार हो सकता है। क्योंकि आपके सङ्कल्पको प्रभु अन्यथा नहीं करते—यह बात प्रभुने स्वयं ही कही है।

"इसलिए यदि आप इन दोनोंपर कृपा करनेके लिए प्रभुसे प्रार्थना करें, तो प्रभु आपकी प्रार्थना अवश्य ही सुनेंगे तथा इन दोनों दुर्भागोंका उद्धार कर देंगे।

"पुराणोंमें जैसे अजामिल-उद्धारके विषयमें वर्णन किया गया है, आज उसी प्रकारकी एक और घटनाको तीनों भुवन साक्षात् रूपसे देखें। इनके उद्धारसे हमारे प्राणनाथ श्रीगौरसुन्दरका प्रभाव सभी लोग देख पायेंगे।"

### दोनों शराबियोंके उद्धारमें श्रील हरिदास ठाकु विश्वास तथा दैन्यसूचक उत्तर प्रदान

श्रील हरिदास ठाकु
प्रकारसे जानते थे कि ये साक्षात् बलदेव प्रभु ही हैं। अतः उन्हें विश्वास हो गया कि जब इनकी इच्छा इन दो शराबियोंका उद्धार करनेकी हो ही गयी है, तब तो इन दोनोंका उद्धार हो ही गया है। ऐसा विचारकर श्रील हरिदास ठाकु
अवश्य ही प्रभुकी भी वैसी ही इच्छा है। आप जो मुझे भगवान्‌से इनके लिए प्रार्थना करनेके लिए कह रहे हैं, वह तो आपकी दीनता है। वास्तवमें तो आप इसके द्वारा यही शिक्षा दे रहे हैं कि कैसे स्वयं सर्वसमर्थ होनेपर भी महापुरुष अन्य सभीको सम्मान प्रदान करते हैं। परन्तु मैं तो पशुके समान हूँ, मुझमें हिताहितका विवेक नहीं है। आपकी बात सुनकर यदि मैं अपने आपको वैष्णव समझने लगूँ और मेरे आवेदनसे दयामय श्रीकृष्ण दोनों पापियोंका उद्धार करेंगे—ऐसा समझ लूँ, तो इससे मेरा पशु होना ही सिद्ध होगा। यद्यपि मैं हिताहितके विवेकसे रहित पशु हूँ, तथापि मेरे समक्ष

स्वयंको छिपाये रखनेका आपका यह कार्य—मेरे पशुत्वका ही ज्ञापकमात्र है। मैं कृष्ण-विस्मृत जीव हूँ, अतएव मेरे स्वरूपको प्रकाशित कराकर मुझे भगवान्‌की सेवामें नियुक्त करनेके उद्देश्यसे ही आप अपने व्यवहारके द्वारा मुझे अनेक शिक्षाएँ प्रदान कर रहे हैं।"

## सज्जनोंके निषेध करनेपर भी श्रीमन् महाप्रभुकी आज्ञाका पालन करने हेतु श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु
## गमन और प्रभुकी आज्ञाका प्रचार

श्रील हरिदास ठाकु
प्रभुने उन्हें आलिङ्गन दान दिया तथा अति कोमल वाणीमें बोले—"प्रभुके जिस आदेशको लेकर हम सर्वत्र भ्रमण कर रहे हैं, अपने दयामय प्रभुका वह आदेश हम इन दोनोंको भी सुनाते हैं अर्थात् हरिनाम करनेके लिए इनसे भी कहते हैं। यद्यपि ये दोनों बहुत बड़े पापी हैं, अतः हमारे कहनेसे ये हरिनाम करेंगे या नहीं इसमें सन्देह है, परन्तु हमें तो अपना कर्त्तव्य पालन करनेके लिए इन्हें हरिनाम सुनाना ही होगा। फिर ये बोलें या नहीं इनकी इच्छा।" ऐसा कहकर श्रीनित्यानन्द प्रभु श्रीहरिदास ठाकु
पापियोंको हरिनाम सुनानेके लिए चल दिये।

आस-पासके लोगोंने उन्हें बहुत समझाया कि उन दुष्टोंके पास जानेपर तुम्हारे प्राण सङ्कटमें पड़ जायेंगे। इनकी आवाज सुनकर घरके अन्दर बैठे होनेपर भी हमारे प्राण सूख जाते हैं, और तुम पता नहीं कैसे साहसी हो कि उनके पास जा रहे हो। अरे भाई! उन लोगोंको संन्यासी आदिका कोई ज्ञान नहीं है। वे तो जब ब्राह्मणों और गैयाओं तककी हत्या कर देते हैं, तब तुम उनके लिए क्या हो। परन्तु ये दोनों माने नहीं और 'कृष्ण-कृष्ण' कहते हुए उन दोनोंके पास पहुँच गये।

## जगाई तथा माधाईका वैष्णव-अपराधशून्य चरित्र

श्रीवृन्दावन दास ठाकु

"सर्वपाप सेई दुईर शरीरे जन्मिल।
वैष्णवेर निन्दा-पाप सबे ना हइल॥

अहर्निश मद्यपेर सङ्गे-रङ्गे थाके।
नहिल वैष्णव-निन्दा एइ सब पाके॥

(चै॰ भा॰ म॰ १३/३९-४०)

"जितने भी पाप हैं, वे सब उन दोनोंकी देहमें प्रकट थे, केवल वैष्णवोंके निन्दारूपी पाप (अपराध) से वे बचे हुए थे। वे दिन-रात शराबियोंके ही सङ्ग-रङ्गमें रहते थे, इसलिए उनके द्वारा किसी वैष्णवकी निन्दा नहीं हुई।"

जिन सब वस्तुओंको देखनेमें स्थूलदर्शी कभी भी समर्थ नहीं हो सकते, सूक्ष्मदर्शी श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु
भलीभाँति जान लिया कि महापापी होनेपर भी ये दोनों वैष्णव-अपराधी नहीं है।

श्रील वृन्दावन दास ठाकु

"जे सभाय वैष्णवेर निन्दामात्र हय।
सर्व-धर्म थाकिलेओ तबु हय क्षय॥

सन्यासि-सभाय यदि हय निन्दा-कर्म।
मद्यपेर सभा हैते से सभा अधर्म्म॥

(चै॰ भा॰ म॰ १३/४१-४२)

"जिस सभामें वैष्णवोंकी निन्दा होती है, सब धर्मोंके रहते हुए भी उसका नाश हो जाता है। संन्यासियोंकी सभामें यदि वैष्णवोंकी निन्दा होती है, तो वह शराबियोंकी सभासे भी अधिक अधर्म जनक सभा है।"

जगाई तथा माधाई नामक दो शराबियोंके निकट जाकर श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु

शिक्षा दी कि प्रभुकी आज्ञाका पालन करनेवालोंको कभी भी वैष्णव-निन्दुओंकी अधार्मिक सभामें नहीं बैठना चाहिये। इसका कारण है कि—

मद्यपेर निष्कृति आछये कोन काले।
पर चर्चकेर गति नहे कभु भाल॥
(चै॰ भा॰ म॰ १३/४३)

शराबियोंका उद्धार तो फिर भी सम्भवपर है, परन्तु दूसरों, उसपर भी वैष्णवोंकी निन्दा करनेवालेकी गति तो कभी भी अच्छी नहीं हो सकती।

अतएव उपरोक्त सब बातोंपर विचार करके ही श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु
ही खड़े होकर कहने लगे—"अरे भाइयो! तुम दोनों ही 'कृष्ण-कृष्ण' बोलो, श्रीकृष्णका भजन करो, क्योंकि श्रीकृष्ण ही सबके माता-पिता, धन और प्राण हैं। तुम्हारे जैसे लोगोंका कल्याण करनेके लिए ही भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रका अवतार हुआ है। अतः तुमलोग पापकर्मोंको त्यागकर उनका भजन करो।"

### जगाई और माधाईका क्रोधित होकर दोनोंके पीछे दौड़ना तथा श्रीनित्यानन्द प्रभु और श्रील हरिदास ठाकु भयपूर्वक भागनेका अभिनय

जैसे ही जगाई और माधाईने श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु
उठाकर उन्हें देखा। क्रोधसे उन दोनोंकी आँखें लाल हो गयीं। अपने सामने दो लोगोंको खड़ा देखकर वे दोनों अत्यन्त क्रोधित होकर श्रीनित्यानन्द प्रभु और श्रील हरिदास ठाकु
आते हुए देखकर श्रीनित्यानन्द प्रभु और श्रील हरिदास ठाकु वहाँसे भाग खड़े हुए। परन्तु वे दोनों 'ठहरो! ठहरो!' कहकर

इन दोनोंके पीछे दौड़ने लगे। आगे श्रीनित्यानन्द प्रभु और श्रील हरिदास ठाकु
गाली-गलौज करते हुए वे दोनों दुष्ट उन्हें पकड़नेके लिए दौड़ रहे थे। उन्हें इस प्रकार अपने पीछे दौड़ते देखकर श्रीनित्यानन्द प्रभु और श्रीहरिदास ठाकु
होकर और भी तेजीसे दौड़नेका प्रयास करने लगे।

**सज्जनोंके मनमें भय तथा पाषण्डियोंकी हास्यसूचक उक्ति**

उन्हें इस प्रकारसे दौड़ते देखकर आस-पासके सज्जन लोग आपसमें कहने लगे—"हमने पहले ही इन्हें मना किया था, परन्तु ये माने नहीं। अब ये दोनों बड़े सङ्कटमें पड़ गये हैं"—ऐसा कहकर वे लोग भयभीत होकर उनकी रक्षाके लिए भगवान्से प्रार्थना करने लगे। जितने पाषण्डी लोग थे, वे आनन्दपूर्वक हँस रहे थे तथा कह रहे थे—"भगवान्ने इन दोनों ढोंगियोंको अच्छा दण्ड प्रदान किया।" इधर वे दोनों शराबी पीछे-पीछे दौड़ रहे थे, उधर वे दोनों ठाकु
आगे-आगे भागे जा रहे थे। वे दोनों दुष्ट 'पकड़ा, अभी पकड़ा' कहते जा रहे थे, पर श्रीनित्यानन्द प्रभु और श्रील हरिदास ठाकु

**श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु**
**जगाई-माधाईकी उक्ति तथा दोनों प्रभुओंके द्वारा रक्षा हेतु भगवान्से प्रार्थना**

श्रीनित्यानन्द प्रभुने कहा—"मैंने सोचा था कि हम जगाई-माधाईको कृष्ण नामका उपदेश देकर वैष्णव बना देंगे, किन्तु अब यह सोचना तो दूरकी बात है, यदि हमारे प्राण भी बच गये तो जानना कि सबकु

श्रील हरिदास ठाकु
करनेसे क्या लाभ है? ऐसे लोगोंको श्रीकृष्णके विषयमें उपदेश देकर वैष्णव बनानेकी तुम्हारी बुद्धिके कारण आज

हम मृत्युके मुखमें जा पड़े हैं। अश्रद्धालु व्यक्तियोंको हरिनाम देनेसे अपराध होता है। हमनें शराबियोंको जो कृष्ण-भजनका उपदेश दिया, उसीका उचित दण्ड मिल रहा है। हे भगवान्, केवल जान बच जाये।" परस्पर ऐसे कहते हुए दोनों प्रभु हँसते-हँसते भागे जा रहे थे और वे दोनों शराबी भी तर्जन-गर्जन करते हुए उनके पीछे-पीछे दौड़ रहे थे।

दोनों शराबियोंका शरीर मोटा था, वे ठीकसे दौड़ नहीं पा रहे थे, फिर भी लड़खड़ाते हुए तेजीसे दौड़कर दोनों प्रभुओंको पकड़नेकी चेष्टा कर रहे थे। दोनों शराबी बोले—"अरे भाईयो! भागकर कहाँ जाओगे? जगाई-माधाईके हाथसे आज कैसे छूट पाओगे? क्या तुमलोग नहीं जानते थे कि ये जगाई-माधाई हैं, अरे! जरा रुककर पीछे मुड़कर तो देखो।"

उनकी बातोंको सुनकर दोनों प्रभु डरसे "हे कृष्ण! रक्षा करो! हे कृष्ण रक्षा करो! हे गोविन्द!" कहते हुए भागे चले जा रहे थे। श्रीनित्यानन्द प्रभु युवा होनेके कारण छलाँग मारते हुए दौड़ रहे थे, परन्तु श्रील हरिदास ठाकु
अधिक थी तथा उनका शरीर भी कु
वे तेजीसे दौड़ नहीं पा रहे थे।

## दोनों प्रभुओंमें परस्परके प्रति दोषारोपण द्वारा आनन्द-कलह

दौड़ते-दौड़ते हरिदास ठाकु
देते हुए कहने लगे—"मैं अधिक तेज दौड़ नहीं सकता हूँ, ऐसा जानकर भी न जाने क्यों मैं जान-बूझकर इस चञ्चल स्वभावके व्यक्तिके साथ मरनेके लिए आ गया। कु
पहले ही भगवान् श्रीकृष्णने यवनोंके हाथोंसे मेरी रक्षा की है। परन्तु आज इस चञ्चलकी बुद्धिके दोषके कारण मेरे प्राण फिरसे भयानक सङ्कटमें पड़ गये हैं।"

श्रील हरिदास ठाकु
श्रीनित्यानन्दप्रभु मन्द-मन्द मुस्कराते हुए कहने लगे—"मैं चञ्चल नहीं हूँ। आप स्वयं विचार करें कि आज जो विकट स्थिति हमारे सामने आ पड़ी है, उसके लिए उत्तरदायी कौन है? इसके लिए स्वयं तुम्हारे प्रभु श्रीगौरसुन्दर ही उत्तरदायी हैं। प्रभुकी विह्वलताको देखकर ही मैं चञ्चल बना हूँ, नहीं तो, मैं चञ्चल थोड़े ही न हूँ। महाप्रभु—भिक्षुक ब्राह्मण हैं। उन्होंने ही राजाकी भाँति प्रत्येक घरमें हरिनाम प्रचार करनेके लिए आदेश दिया है, उन्हींकी आज्ञाका पालन करनेके लिए ही तो हम लोगोंके घर-घर जाकर लोगोंको भगवान्‌का नाम सुनाते हैं। आज्ञा भी तो उनकी ऐसी अनोखी है जो कि कहीं नहीं सुनी जाती। उनकी आज्ञाका पालन करनेके बदलेमें हमें क्या मिलता है। कोई हमें चोर कहता है, तो कोई ढोंगी। ऐसेमें यदि उनका आदेश पालन करें, तो ऐसी ही विपत्तियाँ आती हैं और यदि पालन न करें तो वे रुष्ट होते हैं। और आप हैं कि सारा दोष मुझपर लगा रहे हैं, आपको अपने प्रभुका दोष दिखायी ही नहीं दे रहा है।"

## दोनों प्रभुओंका महाप्रभुके घरमें प्रवेश तथा जगाई-माधाईका वृत्तान्त

इस प्रकार वे दोनों प्रेमकलह करते हुए भाग रहे थे। पीछे-पीछे वे दोनों शराबी भी गिरते-पड़ते दौड़ रहे थे। अन्तमें श्रीनित्यानन्द प्रभु और श्रील हरिदास ठाकु
तेजीसे दौड़ते हुए महाप्रभुके घरमें घुस गये और वे दोनों शराबके नशेमें इधर-उधर दौड़ते ही रह गये। श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु
रुक गये और अन्तमें उन दोनोंकी आपसमें ही ठन गयी। शराबके नशेमें दोनों यह नहीं जान पाये कि वे दोनों कहाँ

थे और अब कहाँ आ खड़े हुए हैं? थोड़ी देर बाद श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा हरिदास ठाकु
तो वे दोनों शराबी दिखायी नहीं दिये। न जाने वे कहाँ चले गये? तब शान्त होकर दोनों आपसमें गले लगकर मिले और हँसते हुए प्रभु विश्वम्भर जहाँ थे, वहाँ आये।

**श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु**
**महाप्रभुके निकट शराबियोंके वृत्तान्तका वर्णन**

जब श्रीनित्यानन्द प्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु
निकट पहुँचे, उस समय महाप्रभु वैष्णवमण्डलीके बीच विराजमान थे तथा वहाँपर कृष्णचर्चा हो रही थी। महाप्रभु स्वयं सभाके बीचमें श्रीकृष्णतत्त्वका बड़े आनन्दके साथ वर्णन कर रहे थे, ऐसा लग रहा था मानों श्वेत द्वीपपति श्रीविष्णु अपने परिकरोंके साथ बैठे हों। ऐसे समय श्रीनित्यानन्द प्रभु और श्रील हरिदास ठाकु
सुनाना आरम्भ किया। उन्होंने कहा—"आज हमनें दो अनोखे जीव देखे हैं। वे हैं तो महा-शराबी, परन्तु अपने आपको ब्राह्मण कहते हैं। हम तो उनके कल्याणके लिए बोले—'कृष्ण नाम बोलो'। किन्तु वे तो हमें खदेड़ते-खदेड़ते यहाँ तक ले आये। आज तो बहुत भाग्यसे ही हमारे प्राण बचे हैं।"

**श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा दोनों शराबियोंके विषयमें जिज्ञासा**
**तथा गङ्गादास और श्रीनिवास द्वारा उत्तर प्रदान**

महाप्रभुने पूछा—"वे दोनों कौन हैं? उनका क्या नाम है? तथा ब्राह्मण होकर भी वे मद्यपान तथा दस्युवृत्ति करने जैसे घृणित कार्य क्यों करते हैं?" तब गङ्गादास तथा श्रीनिवास आचार्य उन दोनोंके विषयमें बताते हुए कहने लगे—"प्रभो! उन दोनोंका नाम जगाई-माधाई है तथा उन दोनोंका जन्म इसी नवद्वीपमें एक उच्च ब्राह्मणवंशमें हुआ है। परन्तु दुःसङ्गके कारण उनकी बुद्धि भ्रष्ट हो गयी है और वे ऐसे

पापपूर्ण कार्य करने लगे हैं कि लोग उनके नामसे ही भयभीत हो जाते हैं। ऐसा कोई पाप नहीं है, जो वे नहीं करते हों। यहाँ तक कि वे गायका माँस भी खाते हैं। ऐसा कोई घर नहीं है, जहाँपर उन्होंने डकैती न डाली हो। प्रभो! उन दोनोंके पापोंका वर्णन करना बहुत ही कठिन है।"

### जगाई तथा माधाईके विषयमें सुननेके उपरान्त महाप्रभुकी क्रोधपूर्ण उक्ति, श्रीनित्यानन्द प्रभुके द्वारा दोनोंके उद्धार हेतु प्रार्थना

यह सुनकर प्रभु कहने लगे—"यदि वे दोनों दुष्ट यहाँ आ गये, तो मैं उनके शरीरके टुकड़े-टुकड़े कर डालूँगा।" यह सुनकर श्रीनित्यानन्द प्रभु कहने लगे—"आप उनके टुकड़े करें या न करें, मैं यह नहीं जानता, परन्तु मैं स्पष्ट कह देता हूँ कि जब तक वे दोनों यहाँ रहेंगे, तब तक मैं प्रचारमें कहीं भी नहीं जाऊँगा। आपकी महिमा तो तभी सार्थक होगी, यदि आप उन दोनोंके मुखसे 'कृष्ण-कृष्ण' उच्चारण करवा देंगे। धार्मिक लोग तो स्वाभाविक रूपमें ही भगवान्‌का नाम करते ही हैं। अतः उसमें आपकी क्या महिमा है। परन्तु ये दोनों पापके अतिरिक्त कु
जानते। यदि आप उन दोनोंको सुधारकर उन्हें कृष्णभक्ति प्रदान कर सकें, तभी मैं मानूँगा कि आप वास्तवमें ही पतितपावन हैं। हमारा उद्धार करनेमें आपकी जो कु
महिमा है, उससे कई गुणा अधिक महिमाकी सीमा उन दोनों पापियोंके उद्धारमें है।"

### श्रीमन् महाप्रभु द्वारा जगाई तथा माधाईके उद्धार हेतु आश्वासन प्रदान और वैष्णवों द्वारा जयध्वनि

प्रभु विश्वम्भर हँसते हुए कहने लगे—"उनका उद्धार तो उसी क्षण हो गया था, जिस क्षण उन दोनोंने आपका दर्शन पाया था। फिर आपको उनके कल्याणकी इतनी चिन्ता लगी

हुई है, तो अतिशीघ्र ही कृष्ण उन दोनोंका उद्धार कर देंगे।" प्रभुकी यह वाणी सुनकर भक्तवृन्द आनन्दपूर्वक प्रभुकी जय-जयकार करने लगे। सभीको विश्वास हो गया कि अब उन दोनोंका उद्धार हो ही जायेगा।

## श्रीअद्वैताचार्यके निकट श्रील हरिदास ठाकु श्रीनित्यानन्द प्रभुकी चञ्चलताका वर्णन

श्रील हरिदास ठाकु
मुझे श्रीनित्यानन्द प्रभु जैसे चञ्चलके साथ प्रचारमें भेज देते हैं। मैं जाता हूँ एक ओर तथा ये जाते हैं दूसरी ओर। कभी तो ये बरसातमें उफनती हुई गङ्गामें ही कूद पड़ते हैं तथा तैरते हुए मगरमच्छोंको पकड़नेका प्रयास करते हैं। मैं किनारेपर खड़ा होकर 'हाय! हाय!' कहकर चिल्लाता रहता हूँ। किन्तु ये हैं कि गङ्गामें ही तैरते रहते हैं। यदि मेरे बहुत चिल्लानेपर ये किनारेपर आ भी जाते हैं, तो फिर किनारेपर खेलते हुए बच्चोंको मारनेके लिए दौड़ते हैं। यह देखकर उनके माता-पिता जब डण्डा लेकर इन्हें मारनेके लिए आते हैं, तो उस समय उनके चरण पकड़कर बहुत मुश्किलसे मैं उन्हें समझा-बुझाकर वापस भेजता हूँ। कभी तो ये ग्वालोंका दूध-दही आदि ही लेकर भाग जाते हैं तथा वे लोग मुझे ही पकड़कर मारनेके लिए तैयार हो जाते हैं। हे आचार्य! यह तो कोई विशेष बात नहीं है, परन्तु कभी तो ये ऐसा कार्य कर बैठते हैं, जिसे बताते हुए भी मुझे लज्जा आ रही है। जब ये किसी कु
हैं कि तुम मुझसे विवाह करोगी। कभी किसी साँडकी पीठपर चढ़कर कहते हैं—'मैं शिव हूँ।' कभी दूसरोंकी गायोंका दूध निकालकर पी जाते हैं। जब मैं इन्हें ऐसा करनेसे मना करता हूँ, तो ये आपको गाली देते हुए कहते हैं कि 'तेरा वह अद्वैत मेरा क्या कर सकता है? और तुम

जिसे भगवान् कहते हो, वह चैतन्य ही मेरा क्या कर सकता है?' मैं ये सब बातें महाप्रभुसे कभी नहीं कहता हूँ, और आज तो दैवसे बहुत भाग्यसे प्राण बचे हैं। मार्गमें दो महा-शराबी नशेमें धुत पड़े हुए थे। ये महाशय उन्हें भी कृष्णनामका उपदेश करने लगे। वे शराबी कृष्णनाम तो क्या बोलते, उल्टे क्रोधित होकर हमें मारनेके लिए ही दौड़ पड़े। वह तो आपकी कृपा हुई कि आज किसी प्रकारसे हमारे प्राण बच सके।"

## उत्तर प्रदान करते हुए श्रील अद्वैताचार्य प्रभुके द्वारा श्रीनित्यानन्द प्रभुकी निन्दाके बहाने स्तुति

यह सुनकर अद्वैताचार्य हँसते हुए कहने लगे—"इसमें कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। शराबीका शराबियोंसे सङ्ग हो गया। [अर्थात् श्रीनित्यानन्द प्रभु हरिरस मदिरापान करके मत्त हैं तथा जगाई-माधाई साधारण मदिरा पान करके मत्त हैं।] इसलिए इन तीनों शराबियोंका एक ही स्थानपर रहना उचित ही है। किन्तु जब तुम भगवन्निष्ठ हो, तब उनके निकट गमन करना तुम्हारा कर्त्तव्य नहीं है अर्थात् तुम डरो मत, तुम्हें उनमें जाकर मिलनेकी कोई आवश्यकता नहीं पड़ेगी, वही तुमसे आकर मिलेंगे। मैं नित्यानन्द प्रभुके चरित्रको भलीभाँति जानता हूँ। वे सभीको मतवाला कर देंगे। हरिदास, तुम दो-तीन दिन बाद ही देखना, वे उन दोनों शराबियोंको भी हमारी गोष्ठीमें ही ले आयेंगे।" ऐसा कहते-कहते श्रीअद्वैताचार्य प्रभुमें क्रोधका आवेश हो आया तथा वे दिगम्बर होकर बहुत कु

श्रीमन् महाप्रभुकी कृष्णभक्तिके विषयमें श्रवण करेंगे। सभी उनकी शक्तिको देखेंगे कि वे कैसे नाचते तथा कैसे गाते हैं। देखना, कल ही ये दोनों निमाई-निताई उन दोनों पियक्कड़ोंके साथ मिलकर नृत्य करेंगे। निमाई-निताई सबकी जाति-पाति

एक कर डालेंगे। इस प्रकार ये दोनों अपनी जाति तो नष्ट करेंगे ही, साथमें हमारी भी जाति नष्ट कर देंगे। अतः चलो, हम दोनों यहाँसे भागकर अपनी जाति बचाते हैं।"

## श्रीअद्वैताचार्यकी उक्तिसे श्रीहरिदास ठाकु हास्य तथा विश्वास

यद्यपि श्रील अद्वैताचार्यकी प्रेममयी चेष्टाओंको समझनेकी शक्ति सभीमें नहीं है, किन्तु श्रील हरिदास ठाकु
स्थितिको भलीभाँति जानते थे, इसलिए वे श्रीअद्वैताचार्यको क्रोधित देखकर हँसने लगे। उन्हें पूर्ण विश्वास हो गया था कि शीघ्र ही उन दोनों शराबियोंका उद्धार हो जायेगा। तथा हुआ भी वैसा ही।

## जगाई–माधाईका श्रीमन् महाप्रभुके घाटपर आगमन और अवस्थान

वे दोनों शराबी जगाई–माधाई जगह–जगह घूमते रहते थे, एकदिन वे उसी घाटपर आ गये, जिसपर महाप्रभु नित्यप्रति गङ्गा–स्नान करते थे। दैवयोगसे वहींपर ही उन्होंने अपना डेरा डाल दिया और इधर–उधर घूमने और सर्वत्र उपद्रव मचाने लगे। उनके व्यवहारसे छोटे–बड़े, धनी–गरीब आदि सभी नवद्वीप–वासियोंके चित्तमें भय होने लगा। जो लोग तीनों सन्ध्याओंमें स्नान करते थे, जगाई–मधाईके भयसे शामके समय गङ्गा स्नान करनेके लिए अकेले न जाकर दस–बीस लोग मिलकर जाने लगे।

## श्रीमन् महाप्रभुके कीर्त्तनकी ध्वनिको श्रवण करके जगाई तथा माधाईका मदमत्तताके कारण नृत्य तथा कृष्णकीर्त्तनको 'मङ्गलचण्डीका गीत' मानना

जगाई और माधाई रातके समय महाप्रभुके घरके पासमें ही रहते और रात्रिके समय प्रभुका कीर्त्तन सुन–सुनकर

जागते रहते। कीर्त्तनके साथ जब मृदङ्ग और मञ्जीरा बजता, तो शराबके नशेमें उसे सुनकर वे बड़े आनन्दसे नाचते। वे दूर रहकर कीर्त्तन-ध्वनि सुनते और सुनते ही नाचते तथा और अधिक शराब पीने लगते। जब कीर्त्तन बन्द होता, तब दोनों शान्त हो जाते थे तथा पुनः कीर्त्तन सुनकर वे पुनः नाचने लगते थे। शराबके नशेमें मत्त उन मतवालोंको कु पता ही नहीं चलता था कि वे कहाँ थे, और अब कहाँपर हैं। कृष्ण कीर्त्तनमय वाद्योंकी ध्वनिको 'मङ्गलचण्डीका गान' मानकर वे श्रीमन् महाप्रभुको देखते ही बोलते—"निमाई पण्डित! मङ्गलचण्डीका गीत अवश्य ही सम्पूर्ण कीजियेगा। तुमलोग सभी गाते तो बहुत सुन्दर हो, किन्तु हम तुम्हें कीर्त्तन करते हुए देखना चाहते हैं। हमें जहाँसे जो कु मिलेगा, वह सब हम तुम्हें मङ्गलचण्डीकी पूजाके लिए लाकर देंगे।" दुर्जनोंको देखकर प्रभु उनसे दूर ही रहते थे और सब लोग तो दूसरे रास्तेसे भाग निकलते थे।

### जगाई-माधाईके उद्धारकी इच्छासे स्वेच्छापूर्वक श्रीनित्यानन्द प्रभुका उनके समक्ष आगमन, माधाईका क्रोध तथा प्रभुके सिरपर मटकी द्वारा आघात

एक दिन श्रीनित्यानन्दप्रभु नगरमें भ्रमण करते हुए रात्रिके समय अकेले ही आ रहे थे, उस समय जगाई-माधाईने आकर उन्हें घेर लिया। जगाई-मधाईने जोरसे कहा—"कौन है? कौन है?" श्रीनित्यानन्दप्रभुने कहा—"प्रभुके घर जा रहा हूँ।" शराबके नशेमें चूर उन्होंने पूछा—"तुम्हारा नाम क्या है?" श्रीनित्यानन्दप्रभु बोले—"मेरा नाम अवधूत है।" बाल्य भावमें अत्यधिक मतवाले श्रीनित्यानन्द राय शराबियोंके साथ इस प्रकार मत्त होकर बातचीत करते हुए लीला कर रहे थे। उनके मनमें यही था कि 'इन दोनोंका उद्धार हो।' इसलिए वे रातके समय वहाँपर आये। किन्तु श्रीनित्यानन्द प्रभुके मुखसे 'अवधूत' नाम

सुनते ही माधाईने क्रोधित होकर टूटी हुई मटकी नित्यानन्द प्रभुके मस्तकपर दे मारी। वह मटकी श्रीनित्यानन्द प्रभुके सिरसे टकराकर टुकड़े-टुकड़े हो गयी और श्रीनित्यानन्द प्रभुके माथेसे रक्तकी धारा प्रवाहित होने लगी। श्रीनित्यानन्द प्रभु भगवान् श्रीगोविन्दका स्मरण करने लगे।

### जगाईका माधाईको रोकना

श्रीनित्यानन्द प्रभुके सिरसे रक्तकी धारा बहती देखकर जगाईके मनमें दया आ गयी। वह दोबारा मारनेके लिए तैयार माधाईके उठे हुए दोनों हाथोंको पकड़ते हुए कहने लगा—"माधाई, तुमने ऐसा निर्दयतापूर्ण कार्य क्यों किया? एक परदेशीको मारकर क्या तुम बड़े बन जाओगे? छोड़ो रहने दो, बस करो, अवधूतको और मत मारो। संन्यासीको मारनेसे तुम्हें क्या लाभ होगा?"

### प्रत्यक्षदर्शियोंका श्रीमन् महाप्रभुके निकट नित्यानन्द प्रभुका संवाद-ज्ञापन, सपार्षद महाप्रभुका आगमन, चक्रका आह्वान तथा जगाई और माधाईको चक्रका साक्षात् दर्शन

यह सब दृश्य देखकर आस-पासके लोग घबरा गये तथा उन्होंने दौड़कर महाप्रभुके घर जाकर उन्हें पूरा संवाद सुनाया। श्रीमन् महाप्रभु अपने परिकरोंके सहित दौड़े-दौड़े घटना-स्थलपर आ पहुँचे। नित्यानन्द प्रभुके माथेसे रक्तकी धारा बहते देखकर प्रभु अपना आपा खो बैठे तथा 'चक्र! चक्र! चक्र!' कहकर बार-बार पुकारने लगे। उसी समय चक्र प्रभुके हाथमें उपस्थित हो गया, जिसे जगाई-माधाई दोनोंने प्रत्यक्ष रूपमें देखा।

### भक्तोंमें शङ्का तथा श्रीनित्यानन्द प्रभुका महाप्रभुसे निवेदन

महाप्रभुके हाथमें चक्रको देखकर भक्तोंको कु
हुई। उस समय श्रीनित्यानन्द प्रभुने महाप्रभुसे प्रार्थना की—"प्रभो!

माधाईने मुझपर प्रहार किया, परन्तु जगाईने मेरी रक्षा की। और यह रक्त तो ऐसे ही निकल गया, मुझे लेशमात्र भी कष्ट नहीं हो रहा है। प्रभो! आप शान्त हो जाइये और कृपापूर्वक इन दोनोंके प्राण मुझे भिक्षामें दे दीजिये।"

### महाप्रभुके द्वारा जगाईको आलिङ्गन प्रदान तथा कृपा

श्रीनित्यानन्द प्रभुसे यह सुनकर कि 'जगाईने मेरी रक्षा की', भक्तवत्सल भगवान्‌ने सन्तुष्ट होकर उसे आलिङ्गन कर लिया तथा कहने लगे—"जगाई! कृष्ण तुमपर कृपा करें। तुमने नित्यानन्दकी रक्षा करके मुझे खरीद लिया है। तुम्हारी जो भी इच्छा हो, माँग लो। आजसे तुम्हें प्रेमभक्ति प्राप्त हो जायेगी।"

### जगाईका सौभाग्य देखकर वैष्णवोंके द्वारा जयध्वनि तथा जगाईकी मूर्च्छा

जगाईपर प्रभुकी कृपा देखकर वैष्णववृन्द आनन्दित हो गये। 'तुम्हें कृष्णभक्ति प्राप्त हो'—प्रभुके ऐसा कहते ही जगाई प्रेममें मूर्च्छित हो गया। तब प्रभुने उसे अपने चतुर्भुजरूपके दर्शन कराये।

### माधाईके द्वारा महाप्रभुके चरणोंमें प्रार्थना

जगाईपर महाप्रभुकी कृपा देखकर माधाई प्रभुके श्रीचरणोंमें गिरकर कहने लगा—"प्रभो! आपने जब जगाईपर कृपा की है, तो मुझपर भी कृपा कीजिये।" प्रभु बोले—"तेरा कल्याण सम्भव नहीं है, क्योंकि तूने नित्यानन्दके सिरसे रक्त बहाया है। हाँ, यदि नित्यानन्द तुझे क्षमा कर दें, तो तुझे क्षमा मिल सकती है।"

### माधाईपर श्रीमन् महाप्रभुकी कृपा

यह सुनकर माधाई श्रीनित्यानन्द प्रभुके श्रीचरणोंमें गिर पड़ा तथा रोते हुए उनसे क्षमा याचना करने लगा।

श्रीनित्यानन्द प्रभुने माधाईको उठाकर अपने गलेसे लगा लिया तथा प्रभुसे कहने लगे—"प्रभो! यदि किसी जन्ममें मैंने कुछ सुकृति की हो, तो मैं उसे माधाईको प्रदान करता हूँ। अतः अब आप माधाईको अङ्गीकार कीजिये।" यह सुनकर प्रभुने प्रसन्न होकर माधाईको भी आलिङ्गन कर लिया। इस प्रकार जगाई-माधाई दोनों ही परम वैष्णव बन गये।

श्रीमन् महाप्रभु श्रीनित्यानन्दप्रभु, श्रील हरिदास ठाकुर श्रीवास पण्डित तथा बहुत-से भक्तों सहित जगाई-माधाईको अपने घर ले गये तथा सभी भावाविष्ट होकर श्रीकृष्ण-सङ्कीर्त्तनरसमें निमग्न हो गये।

# चतुर्द्दश अध्याय
## नीलाचलमें श्रील हरिदास ठाकु

### श्रीमन् महाप्रभुका संन्यास तथा नीलाचल आगमन

श्रीगौरसुन्दरने २४ वर्षकी आयुमें गृहस्थाश्रम त्यागकर संन्यास ग्रहण किया और श्रीकृष्णचैतन्य नामसे परिचित होकर श्रीजगन्नाथपुरी (नीलाचल) आ गये। श्रीसार्वभौम भट्टाचार्यके कहनेपर राजा प्रतापरुद्रने श्रीचैतन्य महाप्रभुके रहनेकी व्यवस्था अपने राजपुरोहित श्रीकाशी मिश्रके भवनमें की थी।

### भक्तमण्डलीके सहित श्रील हरिदास ठाकु नीलाचल आगमन

एकबार श्रीअद्वैताचार्य, श्रीशिवानन्द सेन, श्रीवासुदेव, श्रीमुरारि गुप्त तथा अन्यान्य लगभग दो सौ भक्तोंके साथ श्रील हरिदास ठाकु
आये। श्रीगोपीनाथ आचार्यने अट्टालिकासे श्रीसार्वभौम भट्टाचार्य और महाराज प्रतापरुद्रको एक-एक करके सभी भक्तोंका परिचय बताया। इस प्रकार भक्तोंका परिचय बताते-बताते श्रील हरिदास ठाकु
कहा—"हरिदास ठाकु
११/८६) उन्हें देखो! वे जगत्को पवित्र करनेवाले श्रील हरिदास ठाकु

सभी भक्त श्रीमन् महाप्रभुके दर्शनके लिए श्रीकाशी मिश्रके भवनकी ओर चल पड़े, किन्तु मार्गमें ही उन सबकी श्रीमन् महाप्रभुसे भेंट हो गयी। सभी भक्तोंसे मिलकर श्रीमन् महाप्रभुको बहुत उल्लास हुआ। श्रीमन् महाप्रभुने सभीसे

कु
महाप्रभुने पूछा—"हरिदास कहाँ है?"

**श्रील हरिदास ठाकु**

श्रील हरिदास ठाकु
प्रभु मार्गमें वैष्णवोंसे मिले थे, बल्कि दूरसे ही प्रभुका दर्शन करके वे उसी राजपथके एक किनारेपर दण्डवत् होकर पड़े रह गये थे। अब प्रभुके पूछनेपर सभी भक्त लोग दौड़कर हरिदास ठाकु
कहा—"हरिदास! महाप्रभु तुमसे मिलना चाहते हैं, चलो, जल्दीसे उनके पास चलो।"

**मर्यादा-विधिको संरक्षित रखते हुए श्रील हरिदास ठाकु**

श्रील हरिदास ठाकु
कारण अस्पृश्य हूँ। श्रीजगन्नाथ मन्दिरके निकट राजमार्गपर जानेका मेरा अधिकार नहीं है, क्योंकि वहाँ राजपथपर श्रीजगन्नाथदेवके सेवकोंका आना-जाना रहता है। इसलिए एकान्तमें किसी एक बगीचेमें यदि मुझे थोड़ा-सा स्थान मिल जाये तो मैं वहींपर पड़ा रहकर अपना समय व्यतीत कर लूँगा। मेरी ऐसी इच्छा है कि मैं किसी ऐसे स्थानपर पड़ा रहूँ, जिससे श्रीजगन्नाथके पुजारी-सेवक मुझ अस्पृश्यसे छू न जायें।"

**भक्तोंके मुखसे श्रील हरिदास ठाकु सुनकर प्रभुका आनन्द**

श्रील हरिदास ठाकु
जाकर बतलाये। श्रीमन् महाप्रभु श्रील हरिदास ठाकु
विचार सुनकर बहुत प्रसन्न हुए। उसी समय श्रीकाशी मिश्र दो व्यक्तियोंके साथ वहाँ आये तथा उन्होंने श्रीमन् महाप्रभुके

चरणोंकी वन्दना की। श्रीकाशी मिश्रने महाप्रभुके चरणोंमें निवेदन किया—"प्रभो! यदि आपकी आज्ञा हो तो इन वैष्णवोंके लिए सब प्रबन्ध किये जायें?"

### श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रीकाशीमिश्रसे (श्रील हरिदास ठाकु

श्रीमन् महाप्रभुने कहा—"गोपीनाथ आपके साथ जाकर सभीको रहनेका यथायोग्य स्थान दे देगा। हे काशीमिश्र! मेरे इस स्थानके निकट ही जो बगीचा है, उसमें एक परम एकान्त घर है। वह घर मुझे चाहिये जिससे कि मैं वहाँ एकान्तमें बैठकर श्रीकृष्ण-स्मरण कर सकूँ।"

श्रीकाशीमिश्रने कहा—"प्रभो! सबकु
आप माँगते क्यों हैं? आपकी जो इच्छा हो, वही स्थान आप लीजिये।"

सभी वैष्णवगण श्रीमन् महाप्रभुको नमस्कार करके अपने स्थानोंपर चले गये और श्रीगोपीनाथ आचार्यने सबको यथायोग्य स्थान दे दिया।

### श्रीमन् महाप्रभुका श्रील हरिदास ठाकु

महाप्रभु आइला तबे हरिदास-मिलने।
हरिदास करे प्रेमे नाम-सङ्कीर्त्तने॥
(चै॰ च॰ म॰ ११/१८५)

तदनन्तर श्रीमन् महाप्रभु श्रील हरिदास ठाकु
आये। श्रील हरिदास ठाकु
कर रहे थे।

प्रभु देखि पड़े पाय दण्डवत् हइया।
प्रभु आलिङ्गन कैल ताँरे उठाइया॥
(चै॰ च॰ म॰ ११/१८६)

श्रीमन् महाप्रभुको आते हुए देखकर श्रील हरिदास ठाकु
प्रणाम किया तथा महाप्रभुने उन्हें उठाकर आलिङ्गन किया।

दुईजने प्रेमावेशे करेन क्रन्दने।
प्रभु गुणे भृत्य विकल, प्रभु भृत्य गुणे॥
(चै॰ च॰ म॰ ११/१८७)

दोनों प्रेमावेशमें क्रन्दन करने लगे। भक्त तो प्रभुके गुणोंमें और प्रभु अपने भक्तके गुणोंमें विकल हो रहे थे।

हरिदास कहे,—"प्रभु, ना छुइह मोरे।
मुञि—नीच, अस्पृश्य, परम पामरे॥"
(चै॰ च॰ म॰ ११/१८८)

श्रील हरिदास ठाकु
कीजिये। मैं नीच जातिका अस्पृश्य तथा बहुत ही अधम हूँ।"

**साक्षात् ब्रह्मण्यदेव श्रीमन् महाप्रभु द्वारा श्रील हरिदास ठाकु**

प्रभु कहे,—"तोमा स्पर्शि पवित्र हइते।
तोमार पवित्र धर्म नाहिक आमाते॥
(चै॰ च॰ म॰ ११/१८९)

श्रीमन् महाप्रभुने कहा—"हरिदास! मैं स्वयं पवित्र होनेके लिए तुम्हारा स्पर्श कर रहा हूँ। तुममें जो पवित्र धर्म है, वह मुझमें नहीं है।

"क्षणे-क्षणे कर तुमि सर्वतीर्थे स्नान।
क्षणे-क्षणे कर तुमि यज्ञ-तपो-दान॥
(चै॰ च॰ म॰ ११/१९०)

"तुम क्षण-क्षणमें समस्त तीर्थोंमें स्नान करते हो और क्षण-क्षणमें तुम यज्ञ-तप तथा दान करते हो।

"निरन्तर कर तुमि वेद-अध्ययन।
द्विज-न्यासी हैते तुमि परम-पावन॥
(चै॰ च॰ म॰ ११/१९१)

"तुम निरन्तर वेदोंका अध्ययन कर रहे हो तथा तुम ब्राह्मणों तथा संन्यासियोंकी अपेक्षा परम पवित्र हो।

"अहो बत श्वपचोऽतो गरीयान् यज्जिव्हाग्रे वर्त्तते नाम तुभ्यम्।
तेपुस्तपस्ते जुहुवुः सस्नुरार्या ब्रह्मानूचुर्नाम् गृणन्ति ये ते॥
(चै॰ च॰ म॰ ११/१९२)

"हे भगवन्! जिनकी जिह्वाके अग्रभागपर सदैव आपका नाम वर्त्तमान रहता है, वह व्यक्ति श्वपच होते हुए भी पूजनीय है। जो आपके नामका सङ्कीर्त्तन करते रहते हैं, वे ही सदाचारी हैं, उन्होंने सब प्रकारकी तपस्याएँ कर ली है, सब प्रकारके यज्ञ कर लिये हैं, समस्त तीर्थोंमें स्नान कर लिया है तथा उन्होंने समस्त वेदों और उनके अङ्गोंका अध्ययन कर लिया है, अतएव वे आर्योंमें परिगणित हैं।"

### श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु वास-स्थान तथा वचन प्रदान

एत बलि ताँरे लइया गेला पुष्पोद्याने।
अति निभृते ताँरे दिला वासा-स्थाने॥
(चै॰ च॰ म॰ ११/१९३)

इतना कहकर श्रीमन् महाप्रभु श्रील हरिदास ठाकु बगीचेमें ले गये तथा उन्हें वहाँ एकान्तमें रहनेके लिए घर दे दिया।

श्रीमन् महाप्रभुने कहा—

"ऐई स्थाने रहि कर नाम-सङ्कीर्त्तन।
प्रतिदिन आसि आमि करिब मिलन॥
(चै॰ च॰ म॰ ११/१९४)

"हरिदास तुम इस स्थानपर रहकर नामसङ्कीर्त्तन करो। मैं यहीं आकर प्रतिदिन तुमसे मिलूँगा।

**श्रील हरिदास ठाकु**

"मन्दिरेर चक्र देखि करिह प्रणाम।
ऐई ठाञि तोमार आसिबे प्रसादान्न॥
(चै॰ च॰ म॰ ११/१९५)

"श्रीजगन्नाथ मन्दिरके चक्रको देखकर प्रणाम करना। तुम्हारे लिए प्रसाद यहींपर ही आ जायेगा।"

नित्यानन्द, जगदानन्द, दामोदर, मुकु
हरिदासे मिलि सबे पाइल आनन्द॥
(चै॰ च॰ म॰ ११/१९६)

श्रीनित्यानन्द प्रभु, श्रीजगदानन्द पण्डित, श्रीदामोदर तथा मुकु
अनुभव किया।

समुद्र स्नान करनेके बाद श्रीमन् महाप्रभु अपने वास-स्थानपर लौट आये। सभी भक्त श्रीमन् महाप्रभुके निवास-स्थानपर प्रसाद पानेके लिए एकत्रित हुए। श्रीमन् महाप्रभुने अपने हाथोंसे सभीको प्रसाद परोसा। किन्तु महाप्रभुके नहीं बैठने तक कोई भी प्रसाद नहीं पायेगा, इसलिए श्रीस्वरूप दामोदरने प्रभुसे निवेदन किया—"सभी भक्त आपकी अपेक्षा कर रहे हैं। अतः आप और श्रीनित्यानन्द प्रभु दोनों प्रसाद पाने बैठिये और मैं सभीको परिवेशन कर दूँगा।"

**श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रीगोविन्द प्रभुके माध्यमसे श्रील हरिदास ठाकु**

तबे प्रभु प्रसादान्न गोविन्द-हाथे दिल।
यत्न करि हरिदास ठाकु
(चै॰ च॰ म॰ ११/२०६)

तब श्रीमन् महाप्रभुने कु
देकर यत्नपूर्वक उसे श्रीहरिदास ठाकु
श्रील हरिदास ठाकु
श्रीमन् महाप्रभु सब संन्यासियोंको बैठाकर स्वयं भी प्रसाद-सेवाके लिए बैठ गये।

## श्रील हरिदास ठाकु

अब श्रील हरिदास ठाकु
कु
हरिनाम करने लगे। प्रभु नित्यप्रति प्रातःकाल श्रीजगन्नाथदेवकी आरती दर्शनकर श्रील हरिदास ठाकु
स्वयं उनकी कु

ऐसा सुना जाता है कि एक बार श्रीचैतन्य महाप्रभुको भगवान् श्रीजगन्नाथके पुजारीने प्रसादमें श्रीजगन्नाथदेवकी प्रसादी बकु
ठाकु
उस दातुनको उनके आङ्गनमें रोपण कर दिया। देखते-ही-देखते उसने एक बहुत बड़े वृक्षका रूप धारण कर लिया। वह वृक्ष सिद्धबकु
श्रील हरिदास ठाकु
नामसे ही जानते हैं तथा वही सिद्धबकु
करके अपने दर्शन प्रदान कर रहे हैं।

किसी-किसीका कहना है कि श्रीमन् महाप्रभुने चैत्र-संक्रान्तिके दिन उक्त दातुनको श्रील हरिदास ठाकु
लगाया था। इसलिए आज तक भी चैत्र-सक्रान्तिके दिन सिद्धबकु
है।

❋ ❋ ❋

# पञ्चदश अध्याय

## श्रील हरिदास ठाकु

### श्रील रूप गोस्वामीका नीलाचलमें श्रील हरिदास ठाकु स्थानपर आगमन

श्रील रूप गोस्वामी जब वृन्दावनसे चलकर नीलाचल पहुँचे, तब सबसे पहले वे श्रील हरिदास ठाकु
ही उपस्थित हुए।

हरिदास–ठाकु
"तुमि आसिबे,—मोरे प्रभु जे कहिला॥"
(चै॰ च॰ अ॰ १/४६)

श्रील हरिदास ठाकु
तथा उन्हें बताया कि "तुम्हारे आनेके विषयमें महाप्रभुने मुझे पहले ही बता दिया था।"

### श्रीमन् महाप्रभुसे मिलन

जब श्रीमन् महाप्रभु श्रील हरिदास ठाकु
आये, तब श्रील हरिदास ठाकु
आपको दण्डवत् कर रहा है।" श्रील हरिदास ठाकु
उपरान्त श्रीमन् महाप्रभुने श्रीरूप गोस्वामीको आलिङ्गन किया।

श्रीमन् महाप्रभु श्रील हरिदास ठाकु
एक स्थानपर बैठ गये तथा उन्होंने श्रीरूपसे कु
जिज्ञासा की। फिर श्रीरूपको श्रील हरिदास ठाकु
स्थानपर रहनेकी आज्ञा देकर श्रीमन् महाप्रभु अपने निवास–स्थानपर चले गये। प्रतिदिन आकर श्रीमन् महाप्रभु उनसे

मिलते थे तथा उन्हें श्रीजगन्नाथ मन्दिरसे जो प्रसाद मिलता था, वे इन दोनोंको लाकर देते थे।

**श्रील हरिदास ठाकु**

**रूप गोस्वामीके श्रीजगन्नाथ मन्दिर न जानेका कारण एवं श्रीमन् महाप्रभुका नियम**

हरिदास ठाकु
जगन्नाथ मन्दिरे ना जान तिन जन॥

महाप्रभु जगन्नाथेर उपलभोग देखिया।
निजगृहे जान ऐई तिनेरे मिलिया॥

ऐई तिनेर मध्ये जबे थाके जेई जन।
ताँरे आसि आपने मिले–प्रभुर नियम॥
(चै॰ च॰ म॰ १/६३–६५)

श्रील हरिदास ठाकु
मन्दिरकी मर्यादाके भङ्गकी आशङ्कासे मन्दिर नहीं जाते थे। श्रील सनातन गोस्वामी तथा श्रील रूप गोस्वामीने भी श्रेष्ठ ब्राह्मणकु
की थी, इसलिए वे भी अपने आपको म्लेच्छ–तुल्य मानकर श्रील हरिदास ठाकु
श्रीजगन्नाथ मन्दिरमें प्रवेश नहीं करते थे। इसलिए श्रीमन् महाप्रभु भगवान् श्रीजगन्नाथदेवके उपलभोग दर्शन करनेके उपरान्त इन तीनोंको दर्शन देकर फिर अपने स्थानपर जाते थे। इन तीनोंमेंसे जब जो भी भजनकु
आप आकर उसे वहाँ दर्शन देते थे—यह प्रभुका नियम था।

**श्रील हरिदास ठाकु**

**मार्जन और रथ–यात्रामें सम्मिलित होनेके प्रमाण**

यद्यपि उपरोक्त तथ्योंसे यह जाना जाता है कि श्रील हरिदास ठाकु

मन्दिरमें प्रवेश नहीं करते थे, तथापि निम्नलिखित पयारोंसे यह स्पष्ट हो जाता है कि वे गुण्डिचा मन्दिर मार्जन तथा रथ-यात्राके समय श्रीमन् महाप्रभुके भक्तोंके साथ नृत्य-कीर्त्तन करते थे तथा भगवान् श्रीजगन्नाथदेवके दर्शन करते थे।

भक्तगण लइया कैला गुण्डिचा-मार्जन।
आइटोटा आसि कैला वन्य-भोजन॥

प्रसाद खाय, 'हरि' बले सर्वभक्तजन।
देखि' हरिदास-रूपेर हरषित मन॥

(चै॰ च॰ अ॰ १/६२-६३)

रथ-यात्राके एक दिन पहले श्रीमन् महाप्रभुने सब भक्तोंको लेकर गुण्डिचा मन्दिरका मार्जन किया तथा उसके उपरान्त आइ-टोटा नामक बगीचेमें जाकर फल, कन्दमूल आदिका भोजन किया। श्रील हरिदास ठाकु
भी उनके साथ वहाँपर उपस्थित थे तथा वे भक्तोंको प्रसाद पाते-पाते बीच-बीचमें 'हरि-हरि' बोलते देखकर बहुत उल्लसित हो रहे थे।

गोविन्द-द्वारा प्रभुर शेष-प्रसाद पाइला।
प्रेमे मत्त दुईजन नाचिते लागिला॥

(चै॰ च॰ अ॰ १/६४)

श्रीमन् महाप्रभु तथा सभी भक्तोंके द्वारा प्रसाद-सेवा कर लेनेके पश्चात् श्रीगोविन्द प्रभुके द्वारा श्रीमन् महाप्रभुके उच्छिष्ट-प्रसादको पाकर श्रील हरिदास ठाकु
गोस्वामी प्रेममें मत्त होकर नृत्य करने लगे।

किसी अन्य वर्ष जब श्रीमन् महाप्रभु श्रीनित्यानन्द प्रभु, श्रीअद्वैताचार्य प्रभु, श्रीवक्रेश्वर पण्डित आदि बहुत-से भक्तोंके साथ प्रसाद पाने बैठे, तब

'हरिदास' बलि प्रभु डाके धने धन।
दूरे रहि' हरिदास करे निवेदन॥

भक्त-सङ्गे प्रभु करुन प्रसाद अङ्गीकार।
ए-सङ्गे बसिते योग्य नाहि मुञि छार॥

पाछे मोरे प्रसाद गोविन्द दिबे बहिर्द्वारे।
मन जानि' प्रभु पुनः ना बलिल तारे॥

(चै॰ च॰ म॰ १२/१६०-१६२)

श्रीमन् महाप्रभुने श्रील हरिदास ठाकु
आवाज लगायी। दूरसे ही श्रील हरिदास ठाकु
किया—"प्रभो! आप भक्तोंके साथ प्रसाद ग्रहण कीजिये, मैं अधम उस गोष्ठीमें बैठनेके योग्य नहीं हूँ। आप सबके प्रसाद पा लेनेके बाद गोविन्द मुझे दरवाजेके बाहर प्रसाद दे देंगे।"
श्रील हरिदास ठाकु
फिरसे कु

इसी प्रकार रथ-यात्राके दिन भी सर्वत्र वे दोनों श्रीमन् महाप्रभुके साथ थे।

रथ यात्राय जगन्नाथ-दर्शन करिला।
रथ-अग्रे प्रभुर नृत्य-कीर्त्तन देखिला॥

(चै॰ च॰ अ॰ १/७२)

श्रील रूप गोस्वामीने श्रीजगन्नाथदेवकी रथ-यात्राके दर्शन किये तथा रथके आगे-आगे श्रीमन् महाप्रभु जिस प्रकार नृत्य कर रहे थे, उसे भी देखा।

निम्नलिखित पयारोंसे जाना जाता है कि श्रील हरिदास ठाकु
उपस्थित रहते थे।

तबे महाप्रभु मने विचार करिया।
चारि सम्प्रदाय दिल गायन बाटिया॥

नित्यानन्द, अद्वैत, हरिदास, वक्रेश्वरे।
चारिजने आज्ञा दिल नृत्य करिबारे॥

(चै॰ च॰ म॰ १३/३४-३५)

रथ-यात्राके समय श्रीमन् महाप्रभुने विचार करके चारों मण्डलियोंमें गायन करनेवालोंको बाँट दिया। श्रीनित्यानन्द, श्रीअद्वैत, श्रील हरिदास तथा श्रीवक्रेश्वर—इन चारोंमेंसे एक-एकको एक-एक मण्डलीमें नृत्य करनेके लिए प्रभुने आज्ञा दी।

वासुदेव, गोपीनाथ, मुरारि जाँहा गाय।
मुकु
श्रीकान्त, वल्लभसेन आर दुई जन।
हरिदास ठाकु

(चै॰ च॰ म॰ १३/४०-४१)

(तीसरी मण्डलीमें) प्रभुने श्रीमुकु
बनाया तथा श्रीवासुदेव, श्रीगोपीनाथ, श्रीमुरारि, श्रीकान्त और श्रीवल्लभ सेन—ये पाँच व्यक्ति सहायक गायक थे। इस मण्डलीमें नृत्य करनेवाले श्रील हरिदास ठाकु

## श्रील रूप गोस्वामीके द्वारा लिखे गये श्लोकको पढ़कर श्रीमन् महाप्रभुका प्रेमाविष्ट होना

चातुर्मास्यके बाद गौड़देशसे आये सभी वैष्णव तो लौट गये, किन्तु श्रील रूप गोस्वामी श्रील हरिदास ठाकु
रहते रहे। एकदिन श्रीमन् महाप्रभु जब उन दोनोंसे मिलने आये तो उन्होंने देखा कि श्रील रूप गोस्वामी कु
है। श्रीमन् महाप्रभुको देखकर श्रील हरिदास ठाकु
रूप गोस्वामीने उठकर दण्डवत प्रणाम किया। दोनोंको आलिङ्गन करनेके बाद श्रीमन् महाप्रभु आसनपर बैठ गये।

क्या पूँथि लिख? बलि' एकपत्र निला।
अक्षर देखिया प्रभु मने सुखी हैला॥

(चै॰ च॰ अ॰ १/९६)

श्रीमन् महाप्रभुने पूछा—"रूप! कौन-सा ग्रन्थ लिख रहे हो?" इतना कहकर उन्होंने एक पन्ना अपने हाथमें ले लिया

और श्रीरूपके द्वारा लिखे गये अक्षरोंको देखकर श्रीमन् महाप्रभु बहुत सन्तुष्ट हुए तथा उन अक्षरोंकी प्रशंसा करने लगे।

सेइ पत्रे प्रभु एक श्लोक देखिला।
पड़ितेइ श्लोक, प्रेमे आविष्ट हइला॥
(चै॰ च॰ अ॰ १/९८)

उस पन्नेपर लिखे एक श्लोकको देखकर जब महाप्रभुने उसे पढ़ा तो वे प्रेमाविष्ट हो गये।

तुण्डे ताण्डविनी रतिं वितनुते तुण्डेवलीलब्धये
कर्ण क्रोड़कडम्बिनी घटयते कर्णार्बुदेभ्यः सपृहाम्।
चेतः प्राङ्गणसङ्गिनी विजयते सर्वोन्द्रियाणां कृतिं
नो जाने जनिता कियद्भिरमृतैः कृष्णोति वर्णद्वयी॥
(चै॰ च॰ अ॰ १/९९)

'कृष्ण' ये दो वर्ण न जाने कितने अमृतको अपनेमें समेटकर उत्पन्न हुए हैं। देखो! जब (नटीके समान) ये वर्ण तुण्डे अर्थात् मुखमें नृत्य करते हैं, तब बहुत तुण्ड (मुख) प्राप्त करनेके लिए आसक्ति वर्द्धित करते हैं; जब कर्णकु प्रवेश करते हैं, तब करोड़ों कर्णोंको प्राप्त करनेकी स्पृहाको जागृत करते हैं; जब चित्तरूपी प्राङ्गणमें उदित होते हैं, तब समस्त इन्द्रियोंकी क्रियापर ही विजय प्राप्त कर लेते हैं।

### श्रील हरिदास ठाकु
### श्रील रूप गोस्वामीकी प्रशंसा

श्लोक शुनि' हरिदास हइला उल्लासी।
नाचिते लागिला श्लोकेर अर्थ प्रशंसि॥
(चै॰ च॰ अ॰ १/१००)

उपरोक्त श्लोकको सुनते ही श्रील हरिदास ठाकु विभोर होकर नाचने लगे तथा श्लोकके अर्थकी प्रशंसा करने लगे।

श्रील हरिदास ठाकु

"कृष्णनामेर महिमा शास्त्र-साधु-मुखे जानि।
नामेर महिमा ऐछे काँहा नाहि शुनि॥
(चै॰ च॰ अ॰ १/१०१)

"रूप! मैंने श्रीकृष्णनामकी महिमाको शास्त्रों द्वारा तथा महत्-पुरुषों द्वारा बहुत सुना है, किन्तु इस प्रकारकी नामकी महिमाको तो मैंने कहीं भी नहीं सुना है।"

तब महाप्रभुने दोनोंको आलिङ्गन किया तथा मध्याह्न (स्नान, दोपहरकी प्रसाद सेवा आदि) करनेके लिए समुद्रकी ओर गमन किया। अन्य किसी दिन बहुत-से भक्तोंके साथ आकर श्रीमन् महाप्रभुने श्रील रूप गोस्वामीके द्वारा लिखे गये बहुत-से श्लोकोंको श्रवण किया तथा सभी भक्तों सहित महाप्रभुने श्रील रूप गोस्वामीकी बहुत प्रशंसा की।

जब श्रीमन् महाप्रभु अपने भक्तोंको लेकर चले गये, तब श्रील हरिदास ठाकु

हरिदास कहे—"तोमार भाग्येर नाहि सीमा।
जे सब वर्णिला, इहार के जाने महिमा?"
(चै॰ च॰ अ॰ १/२१०)

श्रील हरिदास ठाकु
नहीं है। तुमने जिन सब श्रेष्ठ विचारोंका वर्णन किया है, उसकी महिमा कौन जानता है?"

श्रील रूप गोस्वामीने कहा—"मैं कु
श्रीमन् महाप्रभु मुझसे जो कहलवाते हैं, मैं वही कहता हूँ।"

इस प्रकार श्रील रूप गोस्वामी तथा श्रील हरिदास ठाकु
श्रीकृष्णकथाके रसमें सुखपूर्वक अपना समय व्यतीत करते थे।

# षोड़श अध्याय

## नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु

### श्रील सनातन गोस्वामीका झारिखण्डके वनपथसे नीलाचल आगमन तथा चर्म–रोग

एकबार श्रील सनातन गोस्वामी मथुरा–मण्डलसे अकेले झारिखण्डके वनपथसे पुरुषोत्तमधाम आये। मार्गमें जलके दोष तथा उपवासके कारण उनकी देहमें चर्म–रोग हो गया। चर्म–रोगकी यातना तथा अपने आपको श्रीमन् महाप्रभुकी सेवामें अयोग्य मानकर उन्होंने मन–ही–मन विचार किया कि "श्रीजगन्नाथपुरी पहुँचकर रथ–यात्राके समय श्रीजगन्नाथदेवके रथके पहियेके नीचे अपने शरीरका परित्याग कर दूँगा।"

### श्रील सनातन गोस्वामीका श्रील हरिदास ठाकु स्थानपर आगमन

श्रीजगन्नाथपुरी आकर वे श्रील हरिदास ठाकु
आये।

हरिदासेर कैला तेहँ चरण वन्दन।
जानि' हरिदास ताँरे कैला आलिङ्गन॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/१४)

श्रील हरिदास ठाकु
उनके चरणोंकी वन्दना की तथा श्रील हरिदास ठाकु
उनका परिचय जानकर उन्हें आलिङ्गन प्रदान किया।
श्रील हरिदास ठाकु
गोस्वामी महाप्रभुके दर्शनोंके लिए उत्कण्ठित हो रहे हैं, तब

उन्होंने श्रीसनातन गोस्वामीको कहा—"प्रभु अभी आने ही वाले हैं।"

### श्रीमन् महाप्रभुका आगमन

थोड़ी ही देरमें श्रीमन् महाप्रभु अपने भक्तोंके साथ श्रील हरिदास ठाकु
पहुँचे। श्रीमन् महाप्रभुको देखते ही श्रील हरिदास ठाकु
श्रील सनातन गोस्वामीने उन्हें साष्टाङ्ग दण्डवत्-प्रणाम किया। श्रीमन् महाप्रभुने हरिदास ठाकु
किया।

हरिदास कहे,—"सनातन करे नमस्कार।"
सनातने देखि' प्रभु हैला चमत्कार॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/१८)

श्रील हरिदास ठाकु
प्रणाम कर रहा है।" श्रील सनातन गोस्वामीको वहाँ देखकर श्रीमन् महाप्रभुके आश्चर्यका ठिकाना न रहा।

श्रील सनातन गोस्वामीके बार-बार मना करनेपर भी श्रीमन् महाप्रभुने उनका भी आलिङ्गन किया। श्रीमन् महाप्रभु जब अपने भक्तोंको लेकर चबूतरेपर बैठे तब श्रील हरिदास ठाकु
उस समय श्रीमन् महाप्रभु तथा श्रील सनातन गोस्वामीमें अनेकानेक कथोपकथन हुए।

### श्रील सनातन गोस्वामीको श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा आज्ञा प्रदान

श्रीमन् महाप्रभुने श्रील सनातन गोस्वामीजीको आज्ञा देते हुए कहा—

"भाल हइल, तोमार इहाँ हैल आगमने।
ऐई घरे रह इँहा हरिदास-सने॥"
(चै॰ च॰ अ॰ ४/४८)

"बहुत अच्छा हुआ, जो तुम यहाँ आये। तुम इसी घरमें हरिदास ठाकु

श्रील हरिदास ठाकु

प्रशंसा करते हुए श्रीमन् महाप्रभुने उन्हें आदेश देते हुए कहा—

"कृष्णभक्तिरसे दुँहे परम प्रधान।
कृष्णरस आस्वादन कर, लह कृष्णनाम॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/४९)

"श्रीकृष्णभक्तिरसके आस्वादनमें तुम दोनों परम प्रधान (सर्वश्रेष्ठ) हो, यहीं दोनों साथ-साथ रहकर श्रीकृष्णरसका आस्वादन करो तथा श्रीकृष्णनाम कीर्त्तन करो।"

## श्रील सनातन गोस्वामीको उपलक्ष्य करके अनर्थयुक्त साधकोंके प्रति श्रीमन् महाप्रभुकी शिक्षा

किसी और दिन अचानक ही महाप्रभुने श्रील सनातन गोस्वामीको कहा—"देह-त्याग आदि तमोधर्म है, देह-त्यागके द्वारा कृष्णप्रेम प्राप्त नहीं किया जा सकता, अतएव तुम अपनी इस तमोबुद्धिका परित्याग करके सदैव श्रवण तथा कीर्त्तन करो। शीघ्र ही तुम्हें कृष्णप्रेमधनकी प्राप्ति होगी।"

## निष्किञ्चन सनातन गोस्वामी द्वारा अपने कर्त्तव्य हेतु जिज्ञासा

श्रीमन् महाप्रभुके वचन सुनकर श्रील सनातन गोस्वामीको बहुत आश्चर्य हुआ। तब श्रील सनातन गोस्वामीने मन-ही-मन विचार किया—"श्रीमन् महाप्रभुको मेरे शरीर त्यागनेका विचार अच्छा नहीं लगा, इसलिए ही सर्वज्ञ महाप्रभु मुझे देह-त्यागनेके लिए निषेध कर रहे हैं।" अतः श्रील सनातन गोस्वामीने महाप्रभुसे पूछा—"मुझे जीवित रखकर आपको क्या लाभ होगा?"

## श्रीमन् महाप्रभुका उत्तर

तब श्रीमन् महाप्रभुने उनसे कहा—"तुमने मुझे आत्म-समर्पण किया है अतएव अब तुम्हारी देह मेरा धन है। तुम मेरी वस्तुको नष्ट क्यों करना चाहते हो? क्या तुम धर्म तथा अधर्मका विचार करनेमें असमर्थ हो? तुम्हारा शरीर मेरा प्रधान 'साधन' है, तुम्हारे इस शरीरके द्वारा मैं बहुत-से कार्य सम्पन्न करवाऊँगा। मैं तुम्हारे माध्यमसे ही भक्त-भक्ति तथा कृष्णप्रेमके तत्त्व, वैष्णवोंके कृत्य तथा वैष्णव-आचार, लुप्ततीर्थोंका उद्धार तथा वैराग्य आदिकी शिक्षाको अपने प्रिय स्थान मथुरा-वृन्दावनमें करवाऊँगा।

"मैं अपनी माताकी आज्ञासे यहाँ नीलाचलमें वास कर रहा हूँ, इसलिए मैं वहाँ जाकर 'धर्म' की शिक्षा नहीं दे सकता। मैं अपने इन समस्त कार्योंको तुम्हारी देहके द्वारा सम्पन्न कराना चाहता हूँ और तुम हो कि अपनी इस देहको त्याग करना चाहते हो? बताओ, मैं कैसे इसे सहन करूँ?"

## श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु सनातन गोस्वामीकी देहकी रक्षाका भार-अर्पण

हरिदासे कहे प्रभु—"शुन, हरिदास।
परेर द्रव्य इँहो चाहेन करिते विनाश॥

परेर स्थाप्य द्रव्य केह ना खाय, बिलाय।
निषेधिह इहारे,—जेन ना करे अन्याय॥

(चै॰ च॰ अ॰ ४/८७-८८)

श्रीमन् महाप्रभु श्रील हरिदास ठाकु
सुनो, यह सनातन पराये धनको नष्ट करना चाहता है। दूसरेके अमानती धन अथवा वस्तुको कोई भी नहीं खाता, बिगाड़ता। तुम इसे इस प्रकारका अन्यायपूर्ण कार्य मत करने देना।"

**श्रील हरिदास ठाकु**

हरिदास कहे,—"मिथ्या अभिमान करि।
तोमार गम्भीर हृदये बुझिते ना पारि॥
कोन् कोन् कार्य तुमि कर कोन द्वारे।
तुमि ना जानाइले कहे जानिते ना पारे॥
एतादृश तुमि इँहारे करियाछो अङ्गीकार।
एत सौभाग्य इँहा ना हय काहार॥"
(चै॰ च॰ अ॰ ४/८९-९१)

श्रील हरिदास ठाकु
अभिमान करता हूँ कि मैं आपके हृदयको जानता हूँ। वास्तवमें मैं आपके हृदयके गूढ़ भावको नहीं समझ पाता हूँ। क्या-क्या कार्य आप किसके द्वारा करवाते हैं, यह बात जब तक आप स्वयं नहीं बतायेंगे, तब तक कोई भी इसे नहीं जान सकता।

"(किसी श्रेष्ठ आचार्यके मुखसे अपनेसे कनिष्ठ भक्तकी प्रशंसा सुनकर कु
बद्धजीवोंकी धारणा और विचारोंके ठीक विपरीत स्वभाववाले परम उदारचित्त गुणग्राही श्रील हरिदास ठाकु
प्रभो! आपने सनातनको जिस प्रकारसे अङ्गीकार किया है, इतना सौभाग्य तो और किसीका हो ही नहीं सकता।"

तब श्रीमन् महाप्रभु श्रील हरिदास ठाकु
सनातन गोस्वामीको आलिङ्गन करके मध्याह्न स्नानादि करनेके लिए चले गये।

**श्रील हरिदास ठाकु**

**सौभाग्यका वर्णन**

सनातने कहे हरिदास करि' आलिङ्गन।
"तोमार भाग्येर सीमा ना जाय कथन॥

तोमार देह कहेन प्रभु 'मोर निज-धन'।
तोमा-सम भाग्यवान् नाहि कोन जन॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/९३-९४)

श्रील हरिदास ठाकु
करते हुए कहने लगे—"सनातन! तुम्हारे भाग्यकी सीमा नहीं कही जा सकती है। तुम्हारी देहको प्रभु अपना 'निज धन' मानकर स्वीकार करते हैं। तुम्हारे समान भाग्यशाली और कोई नहीं हो सकता।

"निज-देहे जे कार्य ना पारेन करिते।
से कार्य कराइबे तोमा, सेह मथुराते॥

जे कराइते चाहे ईश्वर, सेई सिद्ध हय।
तोमार सौभाग्य ऐई कहिलुँ निश्चय॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/९५-९६)

"श्रीमन् महाप्रभु अपनी देहसे जो कार्य नहीं कर सकते हैं, वह कार्य वे तुमसे करायेंगे और वह भी अपने प्रिय मथुरा-वृन्दावनमें। भगवान् जो कार्य कराना चाहते हैं, वह अवश्य ही पूर्ण होता है। निश्चय ही, यह तुम्हारा परम सौभाग्य है।

"भक्तिसिद्धान्त शास्त्र-आचार-निर्णय।
तोमाद्वारे कराइबेन, बुझिलुँ आशय॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/९७)

"श्रीमन् महाप्रभु भक्तिसिद्धान्तमूलक शास्त्रोंका प्रणयन तथा वैष्णवाचरण-निर्णय तुम्हारे द्वारा करवायेंगे—यही प्रभुकी इच्छा है।

**श्रील हरिदास ठाकु**

"आमार ऐई देह प्रभुर कार्ये ना लागिल।
भारत-भूमिते जन्मि' ऐई देह व्यर्थ हइल॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/९८)

"सनातन! मेरी यह देह प्रभुके किसी भी काममें नहीं लग पायी। भारतभूमिमें जन्म लेकर भी मेरा जीवन वृथा ही चला गया।"

**श्रील सनातन गोस्वामीके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु**

सनातन कहे,—"तोमा-सम केबा आछे आन।
महाप्रभुर गणे तुमि—महाभाग्यवान्!!
(चै॰ च॰ अ॰ ४/९९)

श्रील हरिदास ठाकु
सनातन गोस्वामीने कहा—"आपके समान सौभाग्यशाली और कौन हो सकता है? श्रीमन् महाप्रभुके भक्तोंमें आप परम सौभाग्यशाली हैं!

**कीर्त्तन-आचार्य श्रील हरिदास ठाकु माध्यमसे प्रभु द्वारा नाम-प्रचार**

"अवतार-कार्य प्रभुर-नाम-प्रचारे।
सेई निज-कार्य प्रभु करेन तोमार द्वारे॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/१००)

"श्रीमन् महाप्रभुके अवतारका एक प्रयोजन श्रीहरिनामका प्रचार है। वह श्रीहरिनाम प्रचारका अपना कार्य श्रीमन् महाप्रभु आपके द्वारा करा रहे हैं।

**श्रील हरिदास ठाकु**

"प्रत्यह कर तिन लक्ष नाम-सङ्कीर्त्तन।
सबार आगे कर नामेर महिमा कथन॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/१०१)

"आप प्रतिदिन तीन लाख श्रीनामसङ्कीर्त्तन करते हैं और सबके सामने श्रीनामकी महिमाका गान करते हैं।

## असम्पूर्ण आचार तथा प्रचार

"आपने आचरे केह, ना करे प्रचार।
प्रचार करेन केह, ना करेन आचार॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/१०२)

"कोई-कोई स्वयं तो भक्तिका आचरण करते हैं, किन्तु उसका प्रचार नहीं करते तथा कोई-कोई भक्तिका प्रचार तो करते हैं, किन्तु स्वयं उसका आचरण नहीं करते।

## वैष्णवाचार्य श्रील हरिदास ठाकुर

"'आचार', 'प्रचार'—नामेर करह 'दुई' कार्य।
तुमि-सर्वगुरु, तुमि—जगतेर आर्य॥"
(चै॰ च॰ अ॰ ४/१०३)

"आप शुद्ध हरिनाम ग्रहण करनेके कारण 'आचार्य' तथा उच्च सङ्कीर्त्तन करके सभी जगत्-वासियोंको नाम-यज्ञमें दीक्षित करानेके कारण 'प्रचारक' है। अतः आप ही सबके गुरु तथा समस्त जगत्के पूज्य हैं।"

इस प्रकार श्रील हरिदास ठाकुर
गोस्वामी दोनों एक साथ रहकर श्रीकृष्ण कथाका अनेक प्रकारसे रसास्वादन करते थे।

## श्रील सनातन गोस्वामीके द्वारा जगदानन्द पण्डितसे परामर्श तथा श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रील सनातन गोस्वामीका श्रेष्ठत्व स्थापन

श्रीमन् महाप्रभु जब-जब श्रीसनातन गोस्वामीको देखते, तब-तब बलपूर्वक उनका आलिङ्गन करते। इससे श्रील सनातन गोस्वामीके हृदयमें बहुत दुःख होता। एक दिन श्रील सनातन गोस्वामीने इस विषयमें श्रीजगदानन्द पण्डितसे परामर्श किया तथा अपने कर्त्तव्यके विषयमें पूछा। श्रीजगदानन्द पण्डितने श्रील सनातन गोस्वामीको रथ-यात्राके बाद वृन्दावन

लौट जानेका उपदेश दिया। श्रीमन् महाप्रभुने जब इस बातको सुना तो उन्होंने जगदानन्द पण्डितको कु
अपेक्षा श्रील सनातन गोस्वामीकी श्रेष्ठता स्थापित की।

श्रीमन् महाप्रभुने श्रील सनातन गोस्वामीसे कहा—"तुम शुद्धभक्त हो, तुम्हारी देहका भद्र और अभद्र होना विचारणीय नहीं है। विशेष करके मैं संन्यासी हूँ, मेरे लिए तो उसका विचार करना कदापि उचित नहीं है।"

**श्रील हरिदास ठाकु**

हरिदास कहे—"प्रभु, जे कहिला तुमि।
ऐई 'बाह्य प्रतारणाा', नाहि मानि आमि॥

आमा-सब अधमे जे करियाछ अङ्गीकार।
दीन दयालु-गुण तोमार ताहाते प्रचार॥

(चै॰ च॰ अ॰ ४/१८१-१८२)

श्रीमन् महाप्रभुकी बात सुनकर श्रील हरिदास ठाकु
कहा—"प्रभो! यह जो सबकु
आपके द्वारा हमारी वञ्चना है,' मैं यह सबकु
हूँ। हम पतित अधमोंको जो आपने अङ्गीकार किया है—उसीसे ही आपके दीन-दयालुताका गुण प्रकाशित हो गया है।"

**श्रील हरिदास ठाकु**

**श्रीमन् महाप्रभुके हृदयका भाव**

प्रभु हासि' कहे,—"शुन हरिदास सनातन।
तत्त्व कहि तोमा-विषये आमार जैछे मन॥

तोमारे 'लाल्य', आपनाके 'लालक' अभिमान।
लालकेर लाल्ये नहे दोष-परिज्ञान॥

(चै॰ च॰ अ॰ ४/१८३-१८४)

श्रील हरिदास ठाकुर

मुस्कराते हुए कहा—"सुनो हरिदास! सनातन! तुम दोनोंके प्रति मेरे मनमें जो भाव है, मैं अब उसे कहता हूँ। तुम्हें मैं लालन-योग्य और अपने आपको लालन-कर्त्ता मानता हूँ। लालन-कर्त्ता अपने लाल्यके दोषोंको नहीं समझता।

**शुद्धभक्तवात्सल्यके कारण सुदर्शनधारी भगवान्में भक्तके दोष-दर्शनका अभाव**

"आपनारे हय मोर अमान्य-समान।
तोमा सबारे करो मुञि बालक-अभिमान॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/१८५)

"मैं तुम्हारे गौरव—सम्मान अथवा पूजाका पात्र हूँ—यह बात भक्त प्रेमवत्सल मेरे मनमें नहीं रहती। मैं तो तुम सबको अपना बालक मानता हूँ।"

**श्रील हरिदास ठाकुर**
**श्रील सनातन गोस्वामी हेतु प्रार्थना**

हरिदास कहे—"तुमि ईश्वर दयामय।
तोमार गम्भीर हृदय बुझन ना जाय॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/१८८)

श्रीमन् महाप्रभुके वचन सुनकर श्रील हरिदास ठाकुर कहा—"प्रभो! आप ईश्वर हैं, दयामय हैं, आपके हृदयकी गम्भीरताको कोई भी नहीं जान सकता।

"वासुदेव-गलत्कुष्ठी
ताँरे आलिङ्गन कैला हइया सदय॥

आलिङ्गिया कैला तार कन्दर्प-सम अङ्ग।
बुझिते ना पारि तोमार कृपार तरङ्ग॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/१८९-१९०)

"वासुदेव विप्रके अङ्गोंमें गलित-कु
देनेवाला कु
आपने कृपा करके एकबार उसे आलिङ्गन-दान दिया था, जिससे उसका शरीर कामदेवके समान हो गया था। (किन्तु आपके द्वारा अनेक बार आलिङ्गित होनेपर भी श्रीसनातनका रोग दूर नहीं हो रहा, अतएव) आपकी कृपाकी तरङ्गको कौन समझ सकता है?"

**श्रीमन् महाप्रभुका उत्तर**

प्रभु कहे,—"वैष्णव-देह 'प्राकृत' कभु नय।
'अप्राकृत' देह भक्तेर 'चिदानन्दमय'॥

दीक्षाकाले भक्त करे आत्मसमर्पण।
सेईकाले कृष्ण तारे करे आत्मसम॥

सेइ देह करे तार चिदानन्दमय।
अप्राकृत-देहे ताँर चरण भजय॥

(चै॰ च॰ अ॰ ४/१९१-१९३)

श्रीमन् महाप्रभुने कहा—"हरिदास! वैष्णवकी देह कभी भी 'प्राकृत' नहीं होती, भक्तोंकी 'अप्राकृत' देह तो चिदानन्दमय होती है। दीक्षाके समय भक्त गुरुके माध्यमसे भगवान्‌के चरणकमलोंमें आत्मसमर्पण करता है, उसी समय श्रीकृष्ण उसे अपने समान चिदानन्दमय बना देते हैं। भगवान् भक्तको कोई दूसरी देह प्रदान नहीं करते, बल्कि उसकी उसी देहको ही चिदानन्दमय बना देते हैं। भक्त अपनी उसी चिदानन्दमय देहके द्वारा ही भगवान्‌की सेवा करता है।

"सनातनेर देह कृष्ण कण्डु उपजाइया।
आमा परीक्षिते इँहा दिला पाठाइया॥

घृणा करि' आलिङ्गन ना करिताम जबे।
कृष्ण-ठाञि अपराधी हइताम तबे॥

(चै॰ च॰ अ॰ ४/१९५-१९६)

"हरिदास! श्रीकृष्णने सनातनकी देहमें चर्म-रोग उत्पन्न करके मेरी परीक्षाके लिए इसे यहाँ भेज दिया है। यदि मैं इससे घृणा करके इसका आलिङ्गन न करता, तो मैं श्रीकृष्णके समक्ष अपराधी बनता।

"पारिषद-देह ऐई, ना हय दुर्गन्ध।
प्रथम दिवसे पाइलुँ चतुःसम-गन्ध॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/१९७)

"सनातन श्रीभगवान्का पार्षद है, इसकी देहमें दुर्गन्ध कहाँ? मैंने तो पहले दिन इसे आलिङ्गन करते ही चतुःसम (चन्दन, कस्तूरी, केसर तथा अगरु) की सुगन्धितका अनुभव किया था।"

श्रील सनातन गोस्वामीकी ओर देखते हुए श्रीमन् महाप्रभुने कहा—"सनातन्! तुम बिलकु
आलिङ्गन करके मुझे बहुत सुख प्राप्त होता है।"

## श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु मनकी अभिलाषापूर्ण

(यद्यपि श्रीमन् महाप्रभु कह रहे हैं कि भगवान्ने उनकी परीक्षाके लिए ही श्रील सनातन गोस्वामीको इस प्रकार रोग-ग्रस्त करके नीलाचल भेजा है, तथापि ऐसा प्रतीत होता है कि वास्तवमें श्रीमन् महाप्रभु श्रील सनातन गोस्वामीके साथ-साथ श्रील हरिदास ठाकु
परीक्षा ले रहे थे, जिसमें वे दोनों सम्पूर्ण रूपसे उत्तीर्ण हुए। इसलिए आज परीक्षा समाप्त होनेपर) श्रीमन् महाप्रभुने पुनः श्रीसनातन गोस्वामीका आलिङ्गन किया। आज श्रील सनातन गोस्वामीका चर्म-रोग दूर हो गया तथा उनकी देह सुवर्णकी भाँति उज्ज्वल हो गयी।

देखि' हरिदास मने हैल चमत्कार।
प्रभुरे कहेन—"ऐई भङ्गी जे तोमार॥

सेई झारिखण्डेर पानी तुमि खाओयाइला।
सेई पानी-लक्ष्ये इँहार कण्डु उपजिला॥

कण्डु करि' परीक्षा कराइले सनातने।
ऐई लीला-भङ्गी तोमार केह नाहि जाने॥
(चै॰ च॰ अ॰ ४/२०२-२०४)

श्रीमन् महाप्रभुकी यह लीला देखकर श्रील हरिदास ठाकु चमत्कृत हो उठे तथा प्रभुसे कहने लगे—"प्रभो! ये सब आपकी लीला है कि आपने पहले सनातनको झारिखण्डका पानी पिलवाया, जिसके कारण इसकी देहमें खाज हो गया। आपने इस रोगके द्वारा सनातनकी परीक्षा ली है, आपकी इस लीला-भङ्गीको कोई नहीं जान सकता।"

तदनन्तर श्रीमन् महाप्रभुने श्रील हरिदास ठाकु
सनातन गोस्वामीका आलिङ्गन किया और अपने स्थानपर चले गये। श्रील हरिदास ठाकु
श्रीमन् महाप्रभुके गुण गाते-गाते प्रेममें विभोर हो गये।

इस प्रकार श्रील सनातन गोस्वामी बहुत दिनों तक नीलाचलमें रहे तथा श्रील हरिदास ठाकु
महाप्रभुकी गुण-कथाओंका आस्वादन करते रहे।

## सप्तदश अध्याय

### श्रीमन् महाप्रभु तथा श्रील हरिदास ठाकु

#### श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु

#### अन्त्यज्य आदिके उद्धारके उपायकी जिज्ञासा

एकदिन जब श्रीमन् महाप्रभु श्रील हरिदास ठाकु
तो उन्होंने श्रीहरिदास ठाकु
यवनोंकी संख्या बहुत बढ़ गयी है। ये लोग बड़े दुराचरी होते हैं तथा गायों और ब्राह्मणोंसे हिंसा करते हैं। अतः इन सबका कल्याण कैसे होगा? इस विषयमें मैं बहुत चिन्तित हूँ।"

#### श्रील हरिदास ठाकु

#### माहात्म्यका कीर्त्तन

श्रील हरिदास ठाकु
तथा न ही इनके लिए दुःखी हों। इन दुराचारी यवनोंका उद्धार तो नामाभाससे अनायास ही हो जायेगा। ये लोग तो 'हाराम, हाराम' बोलकर नामाभास करते हैं। भक्तजन अत्यधिक प्रेमपूर्वक जिस 'हा राम, हा राम' का सदैव उच्चारण करते हैं, इन यवनोंका भाग्य देखिये, ये भी वही नाम उच्चारण करते हैं। इसलिए इनका भी उद्धार हो जायेगा।

#### नामाभासका अतुलनीय प्रभाव

"यद्यपि नामीके प्रति लक्ष्य न रखकर अन्य वस्तुको लक्ष्य करके नाम उच्चारण करनेको नामाभास कहते हैं, तथापि नामाभासमें नामकी शक्ति नष्ट नहीं होती है। श्रीनृसिंहपुराणमें कहा गया है—

"दंष्ट्रि

उक्त्वापि मुक्तिमाप्नोति किं पुनः श्रद्धया गृणन्॥

"अर्थात् किसी समय एक म्लेच्छपर एक जङ्गली शूकर (सुअर) ने अपने दाँतसे आक्रमण कर दिया, सुअरको देखकर उस म्लेच्छके मुखसे घृणापूर्वक 'हाराम, हाराम' शब्द निकला तथा वह मर गया। परन्तु मरते समय घृणासे 'हा राम' इस साङ्केतिक 'राम' शब्दके उच्चारण करनेसे ही उसका उद्धार हो गया।

"यहाँपर उसने 'हाराम' भगवान्के लिए नहीं कहा, बल्कि उसने तो घृणापूर्वक सुअरको अस्पृश्य कहा था। परन्तु भगवान्ने उसका उद्धार कर दिया, इसका कारण है कि 'हाराम' शब्दमें 'राम' नामके जो दो अक्षर 'रा' और 'म' हैं, उनमें परस्पर व्यवधान कु

दोनों जुड़े हुए—एक दूसरेंके पास स्थित हैं। इसके अतिरिक्त विशेषता यह है कि प्रेमवाचक 'हा' शब्द यहाँ रामके साथ संयुक्त है। सुअरके उद्देश्यसे लिये गये नाममें भी भगवान्का नाम आ जानेके कारण वह नामाभास है। हरिनामका यही अद्भुत स्वभाव है कि जिस किसी भी प्रकारसे नाम लिया जाये, नामप्रभु अवश्य ही उसका फल देते हैं।

"श्रीमद्भागवतमें भी वर्णन है कि मरते समय अजामिलके मुखसे अपने पुत्रको बुलानेके उद्देश्यसे 'नारायण' नाम निकला, जिसके प्रभावसे विष्णुदूतोंने उसे यमदूतोंके चंगुलसे छुड़ा लिया। (श्रीहरिभक्तिविलास ११/२८९ में) पद्मपुरणके वचन उद्धृत करते हुए कहा गया है—

"नामैकं यस्य वाचि स्मरणपथगतं श्रोत्रमूलंगतं वा
शुद्धं वाशुद्धवर्णं व्यवहितरहितं तारयत्येव सत्यम्।

(पद्मपुराण स्वर्गखण्ड ४८ अध्याय)

"हे विप्रवर! एक हरिनाम भी जिसकी जिह्वापर उदित हो जाते हैं अथवा कर्णेन्द्रियमें प्रवेश करते हैं या स्मरण-पथपर

जागरूक हो जाते हैं, उसका वे नाम (प्रभु) अवश्य ही उद्धार करेंगे। यहाँ नामोच्चारणमें वर्णोंकी शुद्धता अथवा अशुद्धता या विधिके अनुसार शुद्ध नामोच्चारण या अशुद्ध उच्चारण आदिका महत्त्व नहीं, अर्थात् श्रीनाम इनका कु भी विचार नहीं करते।

### नामाभाससे सब प्रकारके अनर्थोंकी निवृत्ति

"नामाभास हैते हय सर्वपापक्षय।
नामाभास हैते हय संसारेर क्षय॥
(चै॰ च॰ अ॰ ३/६१)

"नामाभाससे सब प्रकारके पाप क्षय हो जाते हैं तथा नामाभाससे ही संसारका क्षय होता है।

### नामाभाससे महापातकका भी नाश

"तं निर्व्याजं भज गुणनिधे पावनं पावनानां
श्रद्धा रज्यन्मतिरतितरामुत्तमः श्लोकमौलिम्।
प्रोद्यन्नतः करनकु
राभासोऽपि क्षपयति महापातकध्वान्तराशिम्॥
(भ॰ र॰ सि॰ दक्षिण विभाग विभाव लहरी १०३)

"हे गुणनिधे! तुम परम-पावन उत्तम श्लोकोंके शिरोमणि श्रीकृष्णका श्रद्धामूलक मतिसहित अतिशीघ्र (निष्कपट होकर) सरल भावसे भजन करो, क्योंकि उनके नामरूपी सूर्यका आभास भी अन्तःकरणमें उदित होनेपर महापातकरूपी अन्धकारको विनष्ट कर देता है।

### नामाभाससे मुक्तिकी प्राप्ति

"म्रियमाणो हरेर्नाम गृणन् पुत्रोपचारितम्।
अजामिलोऽप्यगाद्धाम किमुत श्रद्धया गृणन्॥
(श्रीमद्भा॰ ६/२/४९)

"पुत्रके उद्देश्यसे हरिनाम ग्रहण करके अजामिलको ही जब वैकु
ग्रहण करनेसे क्या प्राप्त होगा, बताया नहीं जा सकता।

"इस प्रकार शास्त्रोंमें नामाभाससे ही मुक्ति प्राप्त होनेके अनेकों प्रमाण हैं।"

## श्रीमन् महाप्रभुके आनन्दकी वृद्धि तथा स्थावर-जङ्गम जीवोंके उद्धारके उपायकी जिज्ञासा

श्रील हरिदास ठाकु
हृदयमें बहुत आनन्द हुआ। फिर भी श्रीमन् महाप्रभुने भङ्गी करते हुए उनसे पूछा—"हरिदास! पृथ्वीपर स्थावर और जङ्गम (चलने-फिरने वाले) बहुत प्रकारके जीव हैं, इन सबका उद्धार कैसे होगा?"

## श्रील हरिदास ठाकु

श्रील हरिदास ठाकु
उनके उद्धारका उपाय पहले ही स्थिर कर रखा है। आपने उच्चस्वरसे हरिनाम-कीर्त्तनकी जो विधि प्रचलित की है, उससे भगवान्‌का नाम श्रवणकर स्थावर और जङ्गम सभीका संसार-बन्धन नष्ट हो जायेगा। जङ्गम अर्थात् जो मनुष्य, पशु-पक्षी आदि हैं, उच्च नामको सुनते ही उनका संसार-बन्धन क्षय हो जाता है। स्थावर अर्थात् वृक्षादिकोंके साथ जाकर जब वह उच्च नामसङ्कीर्त्तन ध्वनि टकराती है, तो उनसे भी प्रतिध्वनि निकला करती है। वास्तवमें वह प्रतिध्वनि नहीं होती, अपितु उनका अनुकीर्त्तन होता है। आपकी ही कृपासे यह असम्भव लगनेवाली बात सम्भव होती है अर्थात् न बोल पानेवाले स्थावर भी नामकीर्त्तन करते हैं। समस्त जगत्‌में जहाँ कहीं भी उच्चस्वरसे नामसङ्कीर्त्तन होता है, उसे सुनकर वहाँके स्थावर और जङ्गम प्रेमावेशसे नृत्य करने लगते हैं।

"वृन्दावन जाते समय आपने स्वयं उच्चस्वरसे हरिनाम-कीर्त्तन करके झारिखण्डमें पशु-पक्षी, सर्प इत्यादि सभीसे हरिनाम करवाकर उनका उद्धार किया। यह सब वृत्तान्त मैंने बलभद्र भट्टाचार्यके मुखसे श्रवण किया है।

"श्रीवासुदेव दत्तने जब जीवोंके लिए आपसे प्रार्थना की थी अर्थात् जब उन्होंने कहा था कि 'मुझे ही समस्त जीवोंके पापोंका फल दे दीजिये और स्मस्त जीवोंका उद्धार कर दीजिये। मैं ही सब जीवोंके बदले नरक-यातनाको भोग करूँगा।' तब आपने उन्हें समस्त जीवोंकी पाप-यातनाको भोग न कराकर, केवल उसकी इच्छानुसार समस्त जीवोंके उद्धार कर देनेकी उसकी प्रार्थनाको स्वीकार कर लिया था।

**श्रील हरिदास ठाकु**

### नाम-प्रेम प्रचारके द्वारा प्रभुकी जीवोद्धार लीलाके रहस्यका उद्घाटन

"हे प्रभो! जगत्का उद्धार करनेके लिए ही तो आपका अवतार हुआ है। आपने भक्तभाव अङ्गीकार करके सभीको भजनकी शिक्षा देकर सभीके उद्धारका पथ स्वयं स्पष्ट रूपमें प्रदर्शित किया है। अतः आपने उच्चस्वरसे नामसङ्कीर्त्तनका प्रचारकर सभी जीवोंका माया-बन्धन काट दिया है।"

### श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा सभी जीवोंके मुक्ति प्राप्त करनेके बाद ब्रह्माण्डकी स्थितिके विषयमें जिज्ञासा

ऐसा सुनकर श्रीमन् महाप्रभुने कहा—"हे हरिदास! जब सभी जीव ही मुक्त हो जायेंगे, तब तो यह ब्रह्माण्ड जीव शून्य हो जायेगा।"

**श्रील हरिदास ठाकु**

श्रील हरिदासने कहा—"जब तक आप इस जगत्में रहेंगे, तब तक यहाँपर वास करनेवाले स्थावर-जङ्गम—सब प्रकारके

जीवोंको मुक्त करके आप उन्हें वैकुण्ठ भेज देंगे और पुनः सूक्ष्म जीवोंको कर्मक्षेत्रमें पुनः उद्बुद्ध करेंगे। इस प्रकार ब्रह्माण्डसमूह पुनः जीवों द्वारा परिपूर्ण हो जायेगा।

## भगवान् श्रीरामचन्द्र तथा श्रीकृष्णचन्द्रकी जीवोद्धार-लीलाका दृष्टान्त

"जिस प्रकार पहले भगवान् श्रीरामचन्द्र सभी अयोध्या-वासियोंको साथ लेकर वैकुण्ठ चले गये थे और नये जीवों द्वारा पुनः अयोध्याको भर दिया। आपने भी अवतरित होकर इस प्रकारका हाट (बाजार) खोला है, आपके गूढ़ भावको कौन समझ सकता है। पहले श्रीकृष्णने भी व्रजमें अवतीर्ण होकर समस्त ब्रह्माण्डके जीवोंका संसार-बन्धन खोलकर—उन्हें मुक्त कर दिया था।

"न चैवं विस्मयः कार्यो भवता भगवत्यजे।
योगेश्वरेश्वरे कृष्णे यत एतद्विमुच्यते॥
(श्रीमद्भा॰ १०/२९/१६)

"जिनसे यह समस्त चराचर जगत् मुक्ति प्राप्त करता है, योगेश्वरोंके भी ईश्वर, जन्मादि रहित उन श्रीकृष्णके कार्योंके प्रति किसी प्रकारके विस्मयको प्रकाशित करनेकी कोई आवश्यकता नहीं है।

"अयं हि भगवान् दृष्टः कीर्तितः संस्मृतश्च द्वेषानुबन्धेनाखिल। सुरासुरादिदुर्लभं फलं प्रयच्छति, किमुत् सम्यग् भक्तिमताम् इति॥ (श्रीविष्णुपुराण ४/१५/१७, चै॰ च॰ अ॰ ३/८४)

"भगवान् द्वेषपूर्वक दर्शन करनेवाले, कीर्त्तन करनेवाले तथा स्मरण करनेवालेको ही जब सुर-असुरोंके लिए भी दुर्लभ फल प्रदान करते हैं, तब फिर प्रेमपूर्वक भक्ति करनेवालोंके सम्बन्धमें क्या कहा जाये?

"जिस प्रकार श्रीरामचन्द्र तथा श्रीकृष्णचन्द्रने जगत्में अवत्तीर्ण होकर जगत्के समस्त जीवोंका निस्तार कर दिया

था, उसी प्रकार आपने भी श्रीनवद्वीपमें अवतरित होकर समस्त ब्रह्माण्डके जीवोंका उद्धार कर दिया है।

**श्रील हरिदास ठाकु**

"जे कहे,—'चैतन्य-महिमा मोर गोचर हय।'
से जानूक, मोर पुनः ऐई' त निश्चय॥
तोमार जे लीला महा-अमृतेर सिन्धु।
मोर मनोगोचर नहे तार एक बिन्दु॥
(चै॰ च॰ अ॰ ३/८६-८७)

"यदि कोई मुझसे कहे कि 'मैं श्रीचैतन्य महाप्रभुकी महिमा जानता हूँ' तो मैं तो यही कहूँगा कि भाई! तुम जानते हो जानो। परन्तु मेरा तो यही निश्चय है कि हे प्रभो! आपकी लीला ऐसा महा-अमृतका अपार सिन्धु है, जिसका एक बिन्दु भी मेरे मनके गोचर नहीं है।"

**भक्तोंके भगवान्‌की लीलाके रहस्यको उद्‌घाटन करनेके सामर्थ्यको देखकर भगवान् भी विस्मित**

श्रील हरिदास ठाकु
महाप्रभुका मन चमत्कृत हो उठा। वे मन-ही-मन सोचने लगे—"मेरी गूढ़लीलाके विषयमें हरिदास कैसे जान गया?"

श्रील हरिदास ठाकु
कारण श्रीमन् महाप्रभुने उनका आलिङ्गन किया तथा उन्हें इन सब बातोंको प्रकाशित करनेके लिए मना किया। ईश्वरका यह स्वभाव है कि वे अपने ऐश्वर्यको छिपाना चाहते हैं, किन्तु उनकी महिमा भक्तोंसे छिपी नहीं रह सकती, उन्हें विदित हो ही जाती है।

**श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा हरिदास ठाकु**

श्रील हरिदास ठाकु

महाप्रभु सैकड़ों मुखोंसे अपने भक्तोंके निकट श्रील हरिदास ठाकु

श्रीमन् महाप्रभुको भक्तोंके गुण-गान करनेमें बहुत आनन्दकी प्राप्ति होती है और फिर श्रील हरिदास ठाकु
भी श्रेष्ठ भक्त हैं।

श्रील कृष्णदास कविराज गोस्वामी स्वरचित श्रीचैतन्य-चरितामृतमें लिखते हैं—

"हरिदासेर गुणगण—असंख्य, अपार।
केह कोन अंशे वर्णि' नाहि पाय पार॥
(चै॰ च॰ अ॰ ३/९४)

"श्रील हरिदास ठाकु
भी कोई उनका वर्णन करता है, वह उनके आंशिक गुणोंका ही वर्णन कर पाता है, उनके गुणोंकी महिमाका कोई भी पार नहीं पा सकता है।"

# अष्टादश अध्याय

## श्रील हरिदास ठाकु

### श्रीमन् महाप्रभुके सेवक श्रीगोविन्द प्रभुका श्रील हरिदास ठाकु

श्रीमन् महाप्रभुके सेवक श्रीगोविन्द प्रभु नित्यप्रति श्रील हरिदास ठाकु
एक दिन जब वे आनन्दित होकर श्रील हरिदास ठाकु
पास महाप्रसाद लेकर पहुँचे, तो देखा कि श्रील हरिदास ठाकु
पूरी कर रहे हैं।

### श्रीगोविन्द प्रभुके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु
### करनेके लिए अनुरोध, श्रील हरिदास ठाकु
### नामाश्रित साधकका आदर्श व्यवहार प्रदर्शन

श्रीगोविन्द प्रभु बोले—"हरिदासजी! उठिये, प्रसाद पा लीजिये।" श्रील हरिदास ठाकु
लंघन अर्थात् उपवास करूँगा। अभी तक भी मेरी नामसंख्या पूरी नहीं हुई है, अतः मैं महाप्रसाद कैसे ग्रहण कर सकता हूँ? परन्तु तुम महाप्रसाद लेकर आये हो, अतः महाप्रसादकी उपेक्षा भी कैसे करूँ?" ऐसा कहकर श्रील हरिदास ठाकु
महाप्रसादकी वन्दना की तथा उसमेंसे मात्र एक कण लेकर भक्षण किया।

**श्रीमन् महाप्रभुका श्रील हरिदास ठाकु**
**तथा श्रील हरिदास ठाकु**

उसके दूसरे दिन स्वयं श्रीचैतन्यमहाप्रभु श्रील हरिदास ठाकु
तो हो न?" प्रभुका दर्शनकर श्रील हरिदास ठाकु
प्रणाम किया तथा दैन्य करते हुए कहने लगे—"प्रभो! शरीर तो मेरा बिलकु
अस्वस्थ है।" प्रभुने पूछा—"तुम्हें ऐसी कौन-सी व्याधि हुई है? मुझे ठीकसे बतलाओ।" श्रील हरिदास ठाकु
वास्तविक दुःख बतलाते हुए कहने लगे—"मेरी हरिनाम-सङ्कीर्त्तनकी संख्या पूर्ण नहीं हो पाती है।"

**श्रील हरिदास ठाकु**

श्रील हरिदास ठाकु
उन्हें नामके आचार्य और प्रचारकके रूपमें स्वीकार करते हुए कहने लगे—"हरिदास! अब तुम अत्यन्त वृद्ध हो गये हो, अतः अब अपनी नामसंख्या कम कर दो। तुम तो सिद्ध पुरुष हो, फिर साधनमें इतना आग्रह क्यों कर रहे हो? लोगोंका उद्धार करनेके लिए ही तुम्हारा यह अवतार हुआ है। तुमने जगत्में नामकी महिमाका बहुत प्रचार किया है, अतः अब अपनी नामसंख्या कम करो।"

**श्रील हरिदास ठाकु**
**श्रीमन् महाप्रभुका गुणगान**

श्रीमन् महाप्रभुके ऐसे वचनोंको सुनकर श्रील हरिदास ठाकु
अपनी स्थिति तथा श्रीमन् महाप्रभुकी अथाह गुणावलीका कीर्त्तन करते हुए अपने वास्तविक अभिप्रायको प्रस्तुत करते हुए कहा—"हे प्रभु! आप कृपा करके मेरा निवेदन सुनिये।

"हीन-जाति जन्म मोर निन्द्य कलेवर।
हीनकर्मे रत मुञि अधम पामर॥
अदृश्य, अस्पृश्य मोरे अङ्गीकार कैला।
रौरव हइते मोरे वैकु
(चै॰ च॰ अ॰ ११/२७-२८)

"मेरा जन्म हीन जातिमें हुआ है, इसलिए मेरी यह देह निन्दनीय है। मैं अधम और पामर होनेके कारण सदैव हीन कर्मोंमें ही रत रहता हूँ। यद्यपि मैं अदृश्य और अस्पृश्य था, तथापि आपने मुझे अङ्गीकार करके मुझे रौरव नामक नरकसे निकालकर वैकु

"स्वतन्त्र ईश्वर तुमि हओ इच्छामय।
जगत नाचाओ, जारे जैछे इच्छा हय॥
अनेक नाचाईला मोरे प्रसाद करिया।
विप्रेर श्राद्धपात्र खाईनु 'म्लेच्छ' हइया॥
(चै॰ च॰ अ॰ ११/२९-३०)

"आप स्वतन्त्र ईश्वर होनेके कारण स्वेच्छामय हैं। आपकी जैसे जिसे नचानेकी इच्छा होती है, आप उसे वैसे ही नचाते हैं। आपने कृपा करके मुझे भी बहुत अधिक नचाया है, और तो और मैंने (आपकी इच्छानुसार हुई प्रेरणासे) म्लेच्छ होकर भी ब्राह्मणका श्राद्धपात्र खाया है।

**श्रील हरिदास ठाकु**
**अपने अभिप्रायका ज्ञापन**

"प्रभो! मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आप थोड़े ही समयमें इस जगत्‌को छोड़कर अपने नित्यधामको पधारनेवाले हैं। हे प्रभो! कृपा करके आप मुझे अपनी उस अन्तर्ध्यान लीलाका दर्शन न कराइये। मेरी बहुत दिनोंसे एक इच्छा है कि आपसे पहले मेरा देहत्याग हो।"

### श्रील हरिदास ठाकु

थोड़ी देर तक चुप रहनेके बाद काय, मन और वाक्यके द्वारा गौर-कृष्णकी सेवा-प्राप्तिरूपी अपनी सुखमय अभिलाषाके साथ-साथ अप्रकट होनेकी इच्छाको व्यक्त करते हुए श्रील हरिदास ठाकु

"हृदये धरिमु तोमार कमल-चरण।
नयने देखिमु तोमार चाँद वदन॥
जिह्वाय उच्चारिमु तोमार 'कृष्णचैतन्य'-नाम।
ऐईमत मोर इच्छा,—छाड़िमु पराण॥
(चै॰ च॰ अ॰ ११/३३-३४)

"आपके श्रीचरणकमलोंको हृदयमें धारण करके, आपके मुखचन्द्रको अपने नेत्रोंसे देखते हुए और जिह्वासे आपके 'श्रीकृष्णचैतन्य' नामका उच्चारण करते हुए मैं अपने प्राणोंको त्याग करूँ—यही मेरी एकान्त इच्छा है।

"हे दयामय प्रभो! आप कृपा करके मेरे इस निवेदनको पूर्ण कीजिये। मेरी इस वाञ्छाकी पूर्त्ति आपकी कृपासे ही हो सकती है।"

### श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु तथा मर्मस्पर्शी और करुण वचन

श्रीमन् महाप्रभु स्नेहपूर्वक बोले—"हरिदास! श्रीकृष्ण बहुत दयालु हैं। तुम्हारे जैसा भक्त उनसे जो कु
उसे अवश्य ही प्रदान करेंगे।" ऐसा कहनेके उपरान्त लीला परिकरके भावी विच्छेदका स्मरण करके श्रीमन् महाप्रभुने अति मर्मस्पर्शी और करुण वचन कहे—

"किन्तु आमरे जे किछु सुख, सब तोमा लइया।
तोमार योग्य नहे,—जाबे आमारे छाड़िया॥
(चै॰ च॰ अ॰ ११/३८)

"परन्तु हरिदास! मेरा जो सुख या आनन्द है, वह तुम्हारे सङ्गके कारण ही है। अतः तुम्हारे लिए यह उचित नहीं है कि तुम मुझे छोड़कर चले जाओ।"

**श्रील हरिदास ठाकु**

**याचना तथा पुनः दैन्योक्ति**

यह सुनकर श्रील हरिदास ठाकु
पकड़कर कहने लगे—"प्रभो! कृपया आप मुझे अपनी मायासे मोहित मत कीजिये। हे प्रभो! मुझ जैसे अधमपर अवश्य ही यह दया कीजिये।

"मोर शिरोमणि कत कत महाशय।
तोमार लीलार सहाय कोटि भक्त हय॥
आमा-हेन यदि एक कीट मरि' गेल।
पिपीलिका मैले पृथिवीर काँहा हानि हैल?
(चै॰ च॰ अ॰ ११/४०-४१)

"मुझसे भी कितने ही श्रेष्ठ-श्रेष्ठ करोड़ों भक्त हैं, जो आपकी लीलामें सहायता कर रहे हैं। यदि मेरे जैसा एक कीड़ा मर भी जाये, तो आपकी लीलामें तथा आपके सुखमें कु
क्या पृथ्वीकी कु

**श्रील हरिदास ठाकु**

"'भक्तवत्सल' तुमि, मुञि 'भक्ताभास'।
अवश्य पूरिबे, प्रभु, मोर ऐई आश॥
(चै॰ च॰ अ॰ ११/४२)

"प्रभो! आप भक्तवत्सल हैं। यद्यपि मैं तो भक्तका आभास मात्र हूँ, तो भी मुझे यही आशा है कि आप मेरी इच्छा अवश्य ही पूर्ण करेंगे।"

श्रील हरिदास ठाकु
आलिङ्गन किया तथा आश्वासन देकर कि 'कल भगवान् जगन्नाथदेवके दर्शनके उपरान्त अवश्य आऊँगा' समुद्र-स्नानके लिए चले गये।

**भगवान् श्रीजगन्नाथके दर्शनके उपरान्त सपरिकर महाप्रभुका श्रील हरिदास ठाकु**
**कु**

दूसरे दिन प्रातःकाल सभी भक्तों सहित श्रीमन् महाप्रभु श्रीजगन्नाथदेवका दर्शन करनेके बाद अतिशीघ्र ही श्रील हरिदास ठाकु
हरिदासके सामने आकर उपस्थित हुए, श्रील हरिदास ठाकु
प्रभु तथा उपस्थित वैष्णवोंकी चरण वन्दना की। प्रभु बोले—"हरिदास! तुम कैसे हो?" हरिदास बोले—"प्रभो! मुझे जैसा रखनेकी आपकी इच्छा है, वैसा ही हूँ।"

**भक्तोंके सहित महाप्रभुका कीर्त्तन आरम्भ**

श्रील हरिदास ठाकु
आङ्गनमें महा-सङ्कीर्त्तन आरम्भ कर दिया। श्रीवक्रेश्वर पण्डितने नृत्य करना आरम्भ कर दिया। श्रीस्वरूप दामोदर आदि सभी भक्तलोग श्रील हरिदास ठाकु
करने लगे।

**श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु**

श्रीमन् महाप्रभु श्रील रायरामानन्द और सार्वभौम भट्टाचार्य आदि भक्तोंके समक्ष श्रील हरिदास ठाकु
करने लगे। श्रीमन् महाप्रभु श्रील हरिदास ठाकु
अधिक गुणगान कर रहे थे, जिसे सुनकर ऐसा लग रहा था मानो श्रीमन् महाप्रभुके पाँच मुख हो। श्रील हरिदास ठाकु

गुणोंका वर्णन करते-करते स्वयं प्रभुका आनन्द बढ़ता ही जा रहा था। प्रभुके श्रीमुखसे श्रील हरिदास ठाकु
सुनकर सभी विस्मित हो गये। सभी भक्त श्रील हरिदास ठाकु

**श्रील हरिदास ठाकु**

हरिदास निजाग्रेते प्रभुरे बसाइला।
निज-नेत्र—दुई भृङ्ग—मुखपद्मे दिला॥

उस समय श्रील हरिदास ठाकु
सामने बैठा लिया तथा अपने नेत्ररूपी मधुकरोंको प्रभुके मुखकमलपर विराजित कर दिया।

स्व हृदये आनि' धरि प्रभुर चरण।
सर्वभक्त-पदरेणु मस्तक भूषण॥

उन्होंने प्रभुके श्रीचरणकमलोंको अपने हृदयपर धारण कर लिया तथा सभी भक्तोंकी चरण रजको मस्तकपर भूषणवत् धारण किया।

'श्रीकृष्णचैतन्यप्रभु' बलेन बार-बार।
प्रभुमुख माधुरी पिये, नेत्रे जलधर॥

श्रील हरिदास ठाकु
नामका उच्चारण कर रहे थे और प्रभुके मुखकमलकी माधुरीका पान करते-करते उनके नेत्र मेघके समान आनन्दाश्रुकी धारा प्रवाहित कर रहे थे।

'श्रीकृष्णचैतन्य-शब्द करिते उच्चारण।
नामेर सहित प्राण करिला उत्क्रामण॥

उसी समय 'श्रीकृष्णचैतन्य' नाम उच्चारण करते-करते उन्होंने प्राण त्याग दिये।

## सभीको भीष्म पितामहके देह-त्यागका स्मरण

महायोगेश्वर-प्राय स्वच्छन्दे मरण।
'भीष्मेर निर्याण' सबार हइल स्मरण॥
(चै॰ च॰ अ॰ ११/५३-५७)

इस प्रकार महायोगेश्वरोंके समान स्वेच्छापूर्वक किये गये उनके देहत्यागको देखकर सबको 'भीष्मके देहत्याग' का स्मरण हो आया।

## श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा गोदमें श्रील हरिदास ठाकु अप्राकृत देहको लेकर नृत्य

श्रील हरिदास ठाकु
'हरि', 'कृष्ण' कहते हुए कोलाहल करने लगे। श्रीमन् महाप्रभु प्रेमानन्दमें विह्वल हो गये। श्रील हरिदास ठाकु
होते ही उनके शरीरको अपनी गोदमें उठाकर महाप्रभु प्रेमाविष्ट होकर आङ्गनमें नृत्य करने लगे। प्रभुके प्रेमावेशको देखकर और भी सब भक्त प्रेमाविष्ट हो गये तथा सभी कीर्त्तन करते-करते नृत्य करने लगे। प्रभु अपने प्रिय हरिदासके प्रेममें इतने आविष्ट हो गये कि उन्हें लेशमात्र भी बाह्यज्ञान नहीं था, वे तो बस श्रील हरिदास ठाकु
कलेवरको अपनी गोदीमें उठाकर नृत्य करते ही जा रहे थे। यह देखकर किसी प्रकारसे श्रील स्वरूप दामोदरने प्रभुको शान्त किया।

## श्रील हरिदास ठाकु स्पर्शसे समुद्रका महातीर्थत्व

तब श्रील हरिदास ठाकु [१] पर चढ़ाकर कीर्त्तन करते हुए समुद्रके किनारे ले जाया गया। आगे-आगे श्रीमन्

---

[१] विमान अर्थात् परिव्यक्त देहको समाधि-स्थली तक ले जानेके लिए भलीभाँति सजायी गयी खाट।

महाप्रभु नृत्य करते हुए जा रहे थे तथा पीछे भक्तोंके साथ वक्रेश्वर पण्डित नृत्य कर रहे थे। श्रील हरिदास ठाकु
समुद्रके जलमें स्नान करानेके बाद श्रीमन् महाप्रभुने कहा—"आज यह समुद्र महातीर्थ बन गया।"

### सभी भक्तोंके द्वारा श्रील हरिदास ठाकु
### पान तथा समाधि प्रदान करनेकी रीति

सभी भक्तोंने श्रील हरिदास ठाकु
पान किया तथा सभीने उनके दिव्य कलेवरपर श्रीजगन्नाथदेवकी प्रसादी पट्टडोरी, प्रसादी चन्दन तथा प्रसादी वस्त्र इत्यादि अर्पण किये। तत्पश्चात् बालूमें गड्ढा करके उन्हें वहाँ लेटा दिया। चारों ओरसे भक्तलोग कीर्त्तन करने लगे तथा श्रीवक्रेश्वर पण्डित आनन्दपूर्वक नृत्य करने लगे। उस समय श्रीमन् महाप्रभुने स्वयं 'हरिबोल-हरिबोल' बोलते हुए अपने हाथोंसे उनके शरीरपर बालु दी।

### समाधि पीठका निर्माण तथा भक्तोंके साथ महाप्रभुका समुद्र स्नान, समाधि पीठकी परिक्रमा और श्रीजगन्नाथ मन्दिर आगमन

बालुसे ढक देनेके पश्चात् उसके ऊपर एक समाधि पीठ बनाया गया तथा उस समाधि पीठको चारों ओरसे अच्छी तरह घेर दिया गया। समाधिके पश्चात् महाप्रभु कीर्त्तन और उद्दण्ड नृत्य करने लगे। भक्तोंके मुखसे उच्चारित हरिध्वनिसे सारा ब्रह्माण्ड गूँजने लगा। कु
अपने भक्तोंको साथ लेकर समुद्रमें स्नान किया। स्नानके पश्चात् श्रील हरिदास ठाकु
श्रीहरिसङ्कीर्त्तन करते हुए अपने भक्तोंके साथ श्रीजगन्नाथ मन्दिरके सिंहद्वार आ गये।

## श्रील हरिदास ठाकु

श्रीमन् महाप्रभु (द्वारके भीतर प्रवेशकर आनन्द बाजारके) दुकानदारोंके आगे अपना आँचल फैलाकर कहने लगे—"आपलोग हरिदास ठाकु
दीजिये।" श्रीमन् महाप्रभुके वचन सुनकर यद्यपि दुकानदार लोग तो आनन्दसे प्रभुको प्रचुर मात्रामें प्रसाद देनेके लिए आगे बढ़े, किन्तु श्रील स्वरूप दामोदरने उन्हें निषेध किया तथा प्रार्थनापूर्वक महाप्रभुको भक्तोंके साथ गम्भीरामें भेज दिया तथा स्वयं चार वैष्णवोंको तथा बोझा उठानेवाले चार लोगोंको अपने साथ रख लिया। श्रीमन् महाप्रभुके लौट जानेके उपरान्त श्रीस्वरूप दामोदरने सभी दुकानदारोंको कहा—"अब आप अपने महाप्रसादके पात्रोंमेंसे एक-एक द्रव्य थोड़ा-थोड़ा दे दीजिये।" इस प्रकार बहुत-सा महाप्रसाद इकट्ठा हो गया। वे उस प्रसादको चार लोगोंके सिरपर रखवाकर ले आये। श्रीवाणीनाथ पट्टनायक भी बहुत-सा प्रसाद लेकर आये तथा श्रीकाशीमिश्रने भी बहुतसा प्रसाद भेजा।

### विरह-महोत्सवमें प्रभुके द्वारा स्वयं अपने हार्थोंसे प्रसाद वितरण

प्रभुने समस्त वैष्णवोंको पंक्तिमें बैठाया तथा स्वयं चार व्यक्तियोंको लेकर प्रसाद परोसने लगे। महाप्रभुके हाथोंमें प्रसाद थोड़ी मात्रामें नहीं आ रहा था, वे एक-एक पत्तलमें पाँच-पाँच लोगोंका प्रसाद परोस रहे थे। श्रीमन् महाप्रभुको प्रसाद परोसते देख श्रीस्वरूप दामोदरने कहा—"प्रभो! आप बैठकर देखिये। मैं, जगदानन्द, काशीश्वर तथा शङ्कर परोसते हैं। यद्यपि श्रीमन् महाप्रभु बैठ तो गये, तथापि उन्होंने भोजन करना प्रारम्भ नहीं किया, क्योंकि उस दिन उनका काशी मिश्रके घरपर निमन्त्रण था। महाप्रभुकी देखा-देखी किसीने भी प्रसाद पाना आरम्भ नहीं किया। जब काशी मिश्र स्वयं

प्रसाद लेकर आये और अत्यन्त आग्रहपूर्वक प्रभुको परमानन्द पुरी तथा ब्रह्मानन्द भारती सहित परिवेशन किया तब श्रीमन् महाप्रभुने प्रसाद पाना प्रारम्भ किया। तब उन्हें देखकर सभी भक्तोंने भी आनन्दसे प्रसाद पाना प्रारम्भ कर दिया। जब सब वैष्णव भोजन कर रहे थे, तब महाप्रभु स्वयं परोसनेवालोंको बुला-बुलाकर वैष्णवोंके पत्तलोंमें मना करनेपर भी महाप्रसाद परोसवाने लगे। इस प्रकार सभी लोगोंने आनन्दपूर्वक प्रसाद-सेवन किया।

### श्रीमन् महाप्रभुके द्वारा सभी भक्तोंको माला, चन्दन तथा वर प्रदान

प्रसादके पश्चात् सबके आचमन कर लेनेपर महाप्रभुने सभी वैष्णवोंके मस्तकपर चन्दन लगाया और सभीको फूलमालाएँ पहनायीं। प्रेमाविष्ट होकर महाप्रभु सभीको वरदान देते हुए कहने लगे—

"हरिदासेर विजयोत्सव जे कैल दर्शन।
जे इहाँ नृत्य कैल, जे कैल कीर्त्तन॥

जे ताँरे बालुका दिते करिल गमन।
तार मध्ये महोत्सवे जे कैल भोजन॥

अचिरे ता सबाकार हबे 'कृष्णप्राप्ति'।
हरिदास दरशने हय ऐछे 'शक्ति'॥

(चै॰ च॰ अ॰ ११/९१-९३)

"हरिदास ठाकु

है, जिन्होंने इसमें नृत्य किया है, कीर्त्तन किया है, जो उनकी समाधिमें बालुका प्रदान करने उपस्थित हुए थे तथा जिन्होंने उनके विरह-महोत्सवमें प्रसाद पाया है—शीघ्र ही उन सबको श्रीकृष्णकी प्राप्ति होगी, क्योंकि हरिदासके दर्शन करनेका ऐसा प्रभाव है।"

श्रीमन् महाप्रभुके वचनोंको सुनकर भक्तोंका मन आनन्दित हो उठा।

## प्रिय भक्तके विरहमें भगवान्‌की विलाप-उक्ति

श्रीमन् महाप्रभु पुनः कहने लगे—

"कृपा करि' कृष्ण मोरे दियाछिला सङ्ग।
स्वतन्त्र कृष्णेर इच्छा,—कैला सङ्ग-भङ्ग॥

हरिदासेर इच्छा जबे हइल चलिते।
आमार शकति ताँरे नारिल राखिते॥

इच्छामात्रे कैला निजप्राण निष्क्रामण।
पूर्वे जेन शुनियाछि भीष्मेर मरण॥

(चै॰ च॰ अ॰ ११/९४-९६)

"कृपा करके भगवान् श्रीकृष्णने मुझे हरिदास ठाकुर सङ्ग प्रदान किया था, आज परम स्वतन्त्र स्वयं श्रीकृष्णकी इच्छासे ही हरिदास ठाकुर
हरिदासकी जानेकी इच्छा हुई, तो मैं उन्हें नहीं रोक पाया। भीष्मकी भाँति उन्होंने अपनी इच्छासे ही प्राण त्याग दिये।

## ठाकुर

"हरिदास आछिल पृथिवीर 'शिरोमणि'।
ताहा बिना रत्नशून्या हइल मेदिनी॥

(चै॰ च॰ अ॰ ११/९७)

"हरिदास ठाकुर
बिना यह पृथ्वी रत्नशून्या हो गयी है।

## श्रीहरिदास ठाकुर

"आप सभी उच्चस्वरसे हरिदासकी जय दीजिये।" ऐसा कहकर महाप्रभु स्वयं उद्दण्ड नृत्य करने लगे। सभी वैष्णववृन्द उच्चस्वरसे उन श्रीहरिदास ठाकुर

करने लगे, जिन्होंने जगत्‌में नामकी महिमाको प्रकाशित किया है। तत्पश्चात् शान्त होनेपर श्रीमन् महाप्रभुने सभी भक्तोंको वहाँसे विदा किया तथा स्वयं श्रील हरिदास ठाकु
हर्ष और विषादमें डूबकर विश्राम करने लगे।

### भक्तश्रेष्ठ नामाचार्य श्रील हरिदास ठाकु
### वृत्तान्तके श्रवणसे कृष्णभक्तिकी प्राप्ति

श्रील कृष्णदास कविराज गोस्वामीने स्वरचित श्रीचैतन्य–चरितामृतमें इस प्रसङ्गके वर्णनके अन्तमें लिखा है—

“ऐह त’ कहिलुँ हरिदासेर विजय।
जाहार श्रवणे कृष्णे दृढ़भक्ति हय॥
(चै॰ च॰ अ॰ ११/१०१)

“इस प्रकार मैंने श्रील हरिदास ठाकु
वर्णन किया है, जिसके श्रवणमात्रसे ही भगवान् श्रीकृष्णके चरणकमलोंमें दृढ़भक्ति उत्पन्न होती है।

“चैतन्येर भक्तवात्सल्य इहातेई जानि।
भक्तवाञ्छा पूर्ण कैला न्यासी–शिरोमणि॥
(चै॰ च॰ अ॰ ११/१०२)

“श्रीचैतन्य महाप्रभुके भक्तवात्सल्यकी अपूर्व महिमाका ज्ञान इस लीलासे ही होता है, क्योंकि संन्यासी शिरोमणि होनेपर भी उन्होंने भक्तकी वाञ्छाको पूर्ण किया।

“शेषकाले दिला ताँरे दर्शन–स्पर्शन।
ताँरे कोले करि’ कैला आपने नर्त्तन॥
(चै॰ च॰ अ॰ ११/१०३)

“प्रभुने श्रील हरिदासकी इच्छानुसार उनके अन्तिम समयमें उन्हें अपने दर्शन तथा स्पर्शका सौभाग्य प्रदान किया तथा उनके प्राण त्यागनेपर उनकी देहको अपनी गोदीमें लेकर नृत्य किया।

“आपने श्रीहस्ते कृपाय ताँरे बालु दिला।
आपने प्रसाद मागि' महोत्सव कैला॥
(चै॰ च॰ अ॰ ११/१०४)

“उन्होंने अपने श्रीकरकमलोंसे कृपापूर्वक उनकी देहपर बालु दी तथा स्वयं प्रसाद भिक्षा माँगकर विरह-महोत्सव किया।

“महाभागवत हरिदास—परम विद्वान्।
ए सौभाग्य लागि' आगे करिला प्रयाण॥
(चै॰ च॰ अ॰ ११/१०५)

“महाभागवत श्रील हरिदास ठाकु
पारङ्गत होनेके कारण परम विद्वान थे। (करुणामय प्रभुके भक्तवात्सल्यरूपी गुणको जगत्-वासियोंके समक्ष भलीभाँति प्रकाशित करनेवाले भक्तके रूपमें) सौभाग्यको वरण करनेके लिए ही उन्होंने श्रीमन् महाप्रभुसे पहले ही इस जगत्से प्रयाण किया।”

श्रीपुरुषोत्तम क्षेत्र श्रीजगन्नाथपुरीमें श्रील श्रीहरिदास ठाकु
समाधि-पीठ आज तक भी विद्यमान है। वहाँ प्रति वर्ष अनन्त चतुर्दशीके दिन श्रील हरिदास ठाकु
मनाया जाता है।

**॥ ग्रन्थ समाप्त ॥**

**नमामि हरिदासं तं चैतन्यं तञ्च तत्प्रभुम्।**
**संस्थितामपि यन्मूर्ति स्वाङ्के कृत्वा ननर्त्तयः॥**

**(चै० च० अ० ११/१)**

मैं श्रील हरिदास ठाकुरको नमस्कार करता हूँ तथा उनके प्रभु उन श्रीचैतन्यदेवको प्रणाम करता हूँ,— जिन्होंने श्रीहरिदास ठाकुरकी परित्यक्त देहको गोदमें लेकर नृत्य किया था।